श्रावण कृष्ण पक्ष चतुर्थी 11:59 तक उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 143, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुरक्षा के लिए ट्रेनों के इंजन-डिब्बों में लगेंगे कैमरे 14

वैश्विक मान्यता ज्ञान अपनाने को करेगी प्रेरित 12



श्रावण मास के शुरू होते ही चहुंओर बम-बम भोले की गूंज सुनाई देने लगी है। रविवार को हरिद्वार में कई राज्यों के कांवड़िये गांगाजल लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान कांवड़ियों के साथ भगवान शिव की प्रतिमा हर किसी को अकर्षित कर रही थी।

## 26 लाख कांवड़िये हरिद्वार से रवाना

**देहरादून।** कांवड़ यात्रा ने तेजी पकड़ ली है। रविवार शाम तक करीब 26 लाख कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य को प्रस्थान कर चुके थे। एसएसपी हरिद्वार पीएस डोबाल के अनुसार, रविवार की शाम 6 बजे तक करीब 15 लाख कांवड़िये जल लेकर प्रस्थान कर चुके थे। वहीं, हरिद्वार पुलिस ने कांवड़ यात्रा के दौरान ध्वनि प्रदूषण और ट्रैफिक अवरोध की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए डीजे कसाना सहित कई डीजे संचालकों को नोटिस जारी किया है। एसएसपी ने कहा कि, दूसरे राज्यों से कांवड़िये डीजे लेकर आ रहे हैं तो गाइडलाइन का भी पालन करें। उल्लंघन करने पर डीजे ऑपरेटर सहित कमेटी मेंबर के खिलाफ भी अभियोग पंजीकृत होगा।

# अंतरिक्ष से आज भी सारे जहां से अच्छा दिखता है भारत

- एक्सिओम-4 मिशन के आयोजित विदाई समारोह में शुभांशु शुक्ला ने दोहराई राकेश शर्मा की बात

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने रविवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष से महत्वाकांक्षा, निडरता, आत्मविश्वास और गर्व से भरा नजर आता है। शुक्ला ने भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में कहे शब्दों को दोहराते हुए कहा, आज भी भारत ऊपर से सारे जहां से अच्छा दिखता है।

उन्होंने आईएसएस पर एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में यह कहा।



आईएसएस में विदाई समारोह के दौरान शुभांशु शुक्ला व अन्य अंतरिक्ष यात्री।

शुक्ला ने आईएसएस में अपने प्रवास का जिक्र करते हुए कहा, यह मुझे जादुई सा लगता है यह मेरे लिए एक शानदार यात्रा रही है।

वह अपने साथ बहुत सारी यादें और सीख लेकर जा रहे हैं, जिन्हें वह अपने देशवासियों के साथ साझा करेंगे। आईएसएस पर 18 दिन के गहन वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद शुभांशु व तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की विदाई का समय आ गया है और वे सोमवार को पृथ्वी के लिए वापसी यात्रा शुरू करेंगे। शुक्ला व अन्य अंतरिक्ष यात्री-कमांडर पैगी व्हिटसन, पोलैंड एवं हंगरी के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और टिबोर कापू, 'एक्सिओम-4 मिशन' के तहत 26 जून को अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे।

### यात्रा में मुझे बहुत कुछ अनुभव मिला

अपने फेयरवेल में शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह एक अद्भुत यात्रा रही। उन्होंने इस यात्रा के लिए अपने साथियों के साथ-साथ नासा, एक्सिओम मिशन के साथ-साथ भारत सरकार और देशवासियों का धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इस यात्रा से मुझे बहुत कुछ अनुभव मिला। मैं यहां से बहुत कुछ लेकर जा रहा है।

## एक नजर

### जंगली मशरूम खाने से सास की मौत, बहू गंभीर

**बागेश्वर।** कपकोट के दूरस्थ व भूस्खलन प्रभावित गांव कुंवारी में जंगली मशरूम खाने से सास धनुली देवी की मौत हो गई जबकि बहू कविता की हालत गंभीर बनी है। उस तक मेडिकल मदद पहुंचने में प्रकृति अवरोध बनी है। ग्रामीणों द्वारा उसका जड़ी बूटियों से उपचार किया जा रहा था। हालांकि रविवार देर रात तक मेडिकल टीम के गांव में पहुंचने की संभावना जतायी जा रही थी। (विस्तृत पेज-11)

### केरल के सीएम आवास को बम से उड़ाने की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के आधिकारिक आवास क्लिफ हाउस को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जो बाद में झूठी निकली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह धमकी ईमेल के माध्यम से थम्पनूर पुलिस थाने को मिली थी और इसके स्रोत का अभी पता नहीं चल पाया है।

### तीन बसों की टक्कर में 10 अमरनाथ यात्री घायल

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आधार शिविर लौटते समय रविवार को अमरनाथ यात्रियों के काफिले की तीन बसें आपस में टकरा गईं, जिससे कम से कम 10 तीर्थयात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। ये सभी तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन करने के बाद काफिले में लौट रहे थे।

# राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी शासन के लिए संकल्पबद्ध

## सीएम धामी ने कहा-पीएम मोदी के न खाऊंगा, न खाने दूंगा के मंत्र पर प्रदेश सरकार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न खाऊंगा, न खाने दूंगा के मंत्र को अपनाते हुए राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी शासन व्यवस्था के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए मुख्यमंत्री धामी द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा राजधानी में रविवार को आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ दिलाई। उन्होंने प्रदेश को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के बारे में बताते हुए जनता के समर्थन को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया। कहा कि यह अभिनंदन समारोह केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के सपने को साकार करने का उत्सव है। यह सम्मान उत्तराखंड की सवा करोड़





सम्मान समारोह में जन अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

जनता का है, जो ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों के साथ राज्य के विकास की दिशा में अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि, भ्रष्टाचार के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई व्यक्तिगत विजय नहीं, बल्कि यह जनता के विश्वास, ईमानदारी की ताकत और युवाओं की उम्मीदों की जीत है। राज्य सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक का व्यापक उपयोग किया है, जिसमें ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली की निगरानी और जन शिकायत निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन 1905 और भ्रष्टाचार की शिकायतों के लिए 1064 जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता, ट्रांसफर-पोस्टिंग में भ्रष्टाचार और योजनाओं में कमीशनखोरी जैसे मामलों में कठोर कार्रवाई की गई। पिछले तीन वर्षों में भ्रष्टाचार में लिप्त 200 से अधिक लोगों को जेल भेजा गया। पिछले चार वर्षों में राज्य में 24 हजार से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी प्रदान की गई। राज्य में समान नागरिक संहिता को लागू करने, सख्त नकल विरोधी कानून बनाने, लैंड जिहाद व लव जिहाद के विरुद्ध कार्रवाई तथा धर्मांतरण और दंगारोधी कानूनों के माध्यम से शासन व्यवस्था को मज़बूती प्रदान की गई है। इन कदमों ने यह प्रमाणित किया है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो किसी भी चुनौती का सामना सफलतापूर्वक किया जा सकता है।

- सम्मान समारोह में जनता को भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड की शपथ दिलाई

### संदिग्ध तत्वों की दें जानकारी : धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में छद्म वेशधारियों की मूल पहचान उजागर करने के लिए ऑपरेशन कालनेमि चलाया जा रहा है। अब तक 200 से अधिक संदिग्धों को पकड़ा गया है, जिनमें कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की कि ऐसे संदिग्ध तत्वों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण में बड़ी संख्या में मिले नेपाली-बांग्लादेशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- बिहार में निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने घर-घर जाकर की जांच

निर्वाचन आयोग के क्षेत्रीय अधिकारियों ने बिहार में मतदाता सूची के जारी के गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत घर-घर जाकर जांच की और इस दौरान बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि उचित जांच के बाद 30 सितंबर को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे।

रिपोर्ट का हवाला देते हुए, निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि घर-घर जाकर की गई जांच के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों को बड़ी संख्या में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमा के लोग मिले हैं। निर्वाचन आयोग अंततः पूरे भारत में मतदाता सूचियों का एक विशेष गहन पुनरीक्षण करेगा ताकि विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्मस्थान की जांच करके उन्हें बाहर निकाला जा सके। बिहार में इसी



साल चुनाव होने वाले हैं, जबकि अन्य पांच राज्यों असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। हाल में विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के बाद यह कदम खास महत्व रखता है।

### अगस्त से पूरे देश में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की तैयारी

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बिहार की तरह ही अगले महीने अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने के लिए सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी को सक्रिय कर दिया है। कई विपक्षी दलों और अन्य लोगों ने इस व्यापक प्रक्रिया को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था और कहा था कि इससे पात्र नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित होना पड़ेगा। कुछ राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने अपने-अपने राज्यों में पूर्व में किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित मतदाता सूची को जारी करना शुरू कर दिया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार व्यापक पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में पिछला विशेष गहन पुनरीक्षण, आधार तिथि के रूप में काम करेगा, क्योंकि निर्वाचन आयोग बिहार की 2003 की मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कर रहा है।

# श्रृंगला, निकम समेत 4 रास के लिए मनोनीत

- प्रधानमंत्री मोदी ने चारों सदस्यों के योगदान की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मामले में विशेष लोक अभियोजक रहे उज्ज्वल निकम, केरल से भाजपा के नेता सी सदानंदन मास्टर और इतिहासकार मीनाक्षी जैन को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने इन चार व्यक्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा के लिए मनोनीत चारों सदस्यों के योगदान की सराहना की है। मोदी ने निकम की सराहना करते हुए कहा, उज्ज्वल निकम



उज्जवल निकम



हर्षवर्धन श्रृंगला



मीनाक्षी



सदानंदन मास्टर

का कानूनी क्षेत्र और हमारे संविधान के प्रति समर्पण अनुकरणीय है। वह न केवल एक सफल वकील रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण मामलों में न्याय के प्रयासों में भी सबसे आगे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने राजनयिक के रूप में श्रृंगला के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक राजनयिक, बुद्धिजीवी और रणनीतिक विचारक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पिछले कई वर्षों में उन्होंने भारत की विदेश नीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मोदी ने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि मीनाक्षी जैन को राष्ट्रपति ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। उन्होंने एक विद्वान, शोधकर्ता और इतिहासकार के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में व्याख्याता रहीं जैन पद्मश्री से सम्मानित हैं। वहीं सदानंदन मास्टर की सराहना कर कहा कि उनका जीवन साहस व अन्याय के आगे न झुकने की भावना का प्रतीक है।

# उत्तराखंड के चीफ जस्टिस की कार समेत 4 वाहन भिड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हादसे में दरोगा घायल, बाल-बाल बचे चीफ जस्टिस

**अमृत विचार:** रविवार को रामपुर रोड रामगंगा पुल पर बारिश के दौरान उत्तराखंड के चीफ जस्टिस की कार अन्य कारों से टकरा गई। इस हादसे में पुलिस एस्कार्ट में शामिल दरोगा घायल हो गए, जबकि चीफ जस्टिस बाल-बाल बच गए।

लखनऊ-दिल्ली हाईवे स्थित रामगंगा पुल के पास रविवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे तेज बरसात के दौरान उत्तराखंड के चीफ जस्टिस गुहनाथन नरेंद्र की कार समेत चार वाहन आपस में टकरा गए। इससे पुलिस की एस्कार्ट की गाड़ी में सवार दरोगा राकेश कुमार घायल हो गए। जानकारी पर अधिकारियों में खलबली मच गई। जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल के अलावा अन्य अधिकारी और पुलिस पहुंच गई। जिसके बाद घायल दरोगा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गनीमत रही कि चीफ जस्टिस को चोट नहीं आई। हादसे में चारों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। चीफ जस्टिस को जिलाधिकारी अपने साथ सर्किट हाउस में लेकर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवा दिया गया हैं।

# मालगाड़ी के 18 डिब्बे धू-धू कर जले



**चेन्नई।** उत्तरी तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में रविवार को डीजल ले जा रही एक मालगाड़ी में आग लग गई जिससे 18 डिब्बे जलकर खाक हो गए, जबकि चेन्नई-अरक्कोनम खंड पर ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। इस घटना से रेल यात्रियों को काफी असुविधा हुई। दक्षिणी रेलवे के अनुसार, डीजल ले जा रही मालगाड़ी के कुछ मध्यवर्ती डिब्बों में लगभग साढ़े पांच बजे तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन को पार करते समय आग लग गई तथा कई अन्य डिब्बे (इंजन से तीसरे डिब्बे के बाद) पटरी से उतर गए थे। मालगाड़ी चेन्नई हार्बर से वालाजा रोड साइडिंग जा रही थी। आग लगने से आसमान में घना धुआं फैल गया।

- तमिलनाडु के तिरुवल्लूर की घटना, डीजल से भरे थे डिब्बे सेवाएं बाधित

### लोगों को सुरक्षित आश्रयों में भेजा

आग और धुएं को देखते हुए घटनास्थल के पास रहने वाले लोगों को सुरक्षित आश्रयों में भेजा गया। रेल सेवाएं बाधित होने से राज्य परिवहन निगमों ने 170 से अधिक विशेष बस सेवाएं संचालित कीं। रेलवे ने बताया, तीसरे डिब्बे में आग लगने की सूचना मिलते ही लोको पायलट ने तुरंत आपातकालीन ब्रेक लगाए और तिरुवल्लूर स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

# राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया रोकी

विधि संवाददाता, नैनीताल/देहरादून

- अधिसूचना जारी कर आज दोपहर दो बजे तक स्थगित की कार्यवाही

**अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग ने उच्च न्यायालय के आदेश के चलते उत्पन्न स्थिति को देखते हुए पंचायत चुनावों के मद्देनजर आज सोमवार को आवंटित होने वाले चुनाव चिन्हों के वितरण की कार्रवाई को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया है। उच्च न्यायालय में सुनवाई के बाद आयोग इस पर पुनः निर्णय लेगा।

आयोग की ओर सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को संबोधित पत्र में कहा गया है कि हाईकोर्ट के 11 जुलाई के आदेश के संबंध में आयोग की ओर से हाईकोर्ट में एक स्पष्टता प्रार्थना पत्र पेश किया गया है। इस पत्र पर 14 जुलाई को सुनवाई होनी है। ऐसी स्थिति में चुनाव चिन्हों के आवंटन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित की जाती है। गौरतलब है कि मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए विगत 11 जुलाई को अंतरिम आदेश जारी कर राज्य निर्वाचन आयोग के छह जुलाई के उस पत्र पर रोक लगा दी थी, जिसमें चमोली के जिला निर्वाचन अधिकारी को एक से अधिक मतदाता सूची में नाम होने के संबंध में कोई स्पष्ट निर्देश या राय नहीं दी गई थी। याचिकाकर्ता शक्ति सिंह बड़थ्वाल की ओर से इसी पत्र को पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। अदालत ने जनहित याचिका को स्वीकार करते हुए न केवल 6 जुलाई के पत्र पर रोक लगा दी थी बल्कि आदेश में स्पष्ट कहा कि आगे कार्रवाई नहीं की जाए। इसी के बाद से चुनाव आयोग पशोपेश में है कि चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए या नहीं।

# पांच छोटी नदियों को पुनर्जीवित करेंगे आईआईटियन्स

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में 10 विभागों की देखरेख में चल रहा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश की 75 छोटी और सहायक नदियों को नया जीवन देने काम शुरू हो गया है। इसमें प्रमुख तकनीकी संस्थानों के आईआईटियन्स और 10 अहम विभागों की सहभागिता से एक समन्वित रणनीति बनाई गई है। नदी पुनर्जीवन कार्य को प्रभावी और सतत बनाने के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रदेश की नदियों के पुनरुद्धार के लिए योगी सरकार उन्नत प्रौद्योगिकी का भरपूर उपयोग कर रही है। इस कार्य में आईआईटी कानपुर, आईआईटी बीएचयू, बीबीएयू लखनऊ और आईआईटी रुड़की जैसे प्रतिष्ठित संस्थान कार्य में तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे हैं।

- आईआईटी कानपुर, बीएचयू, लखनऊ व रुड़की से टेक्निकल सपोर्ट टीम शामिल

ये संस्थान हर नदी की भौगोलिक, पारिस्थितिक और सामाजिक परिस्थितियों का अध्ययन कर उपयुक्त पुनर्जीवन योजना बना रहे हैं। वैसे सरकार द्वारा मनरेगा योजना से नदियों के कायाकल्प का कार्य वर्ष 2018 से ही चल रहा है। लेकिन अब इस कार्य को और अधिक संगठित, तकनीकी और व्यापक स्वरूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत जलधाराओं की सफाई, चैनलिंग, वर्षा जल संचयन और पौधरोपण जैसे कार्य किए जा रहे हैं।

### इन विभागों की देखरेख में संचालन

तैयार किए गए मास्टरप्लान के अनुसार नदी पुनर्जीवन अभियान को सुचारू रूप से धरातल पर उतारने के लिए 10 विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की है। इनमें सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई, पंचायती राज, वन, बागवानी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य, शहरी विकास, उत्तर प्रदेश राज्य जल संसाधन एजेंसी, ग्रामीण विकास और राजस्व विभाग शामिल हैं। इन विभागों के समन्वय से प्रत्येक जिले में योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में बनी अनुश्रवण समिति

हर मंडल में एक अनुश्रवण समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संबंधित मंडलायुक्त कर रहे हैं। यह समिति पुनरुद्धार की योजनाओं का नियमित परीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा करती है। इसका उद्देश्य यह है कि योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और गुणवत्ता युक्त हो।

### जिला गंगा समितियों की भूमिका भी अहम

योगी सरकार ने जल संरक्षण और प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। इसके लिए जिला गंगा समितियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की गई है। ये समितियां स्थानीय स्तर पर नदी तंत्र की निगरानी और जन सहभागिता को बढ़ावा दे रही हैं। यह भी सुनिश्चित करती हैं कि नदी का पुनर्जीवन एक सतत और समावेशी प्रक्रिया बन सके।

## रविवार को दिन भर अलग-अलग समय में हुई बारिश से तापमान बना रहा सामान्य

# सरोवर नगरी में रहा बादलों का डेरा, झमाझम बारिश

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी में रविवार दोपहर मानसून आधे घंटे तक मूसलाधार बरसा। इसके बाद रुक-रुककर कई बार हल्की बारिश हुई, जिस कारण तापमान सामान्य बना रहा।

नगर में सुबह से घने बादल छाए हुए थे और बारिश की आशंका बनी हुई थी। अपराह्न करीब एक बजे अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। भारी वर्षा का क्रम आधे घंटे जारी रहा। इस दौरान लोग जहां के तहां ठिठकने को मजबूर हो गए। इस बीच नैनी झील में नौकायन ठप रहा और नाले उफान पर आ गए। इसके बाद हल्की बारिश का क्रम शुरू हो गया, जो शाम तक जारी रही।



सरोवर नगरी में शाम को बारिश थमने के बाद पर्यटकों ने नौका विहार का आनंद लिया।

इससे पूर्व पूर्वान्ह सात बजे कुछ देर के लिए बारिश हुई थी। सांयकाल चार बजे के आसपास वर्षा थम गई, लेकिन घने बादल आसमान में डेरा डाले रहे और कोहरा भी आता-जाता रहा। तापमान सामान्य बना रहा। गर्मी का जरा भी अहसास नहीं हुआ। पिछले दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते नैनी झील के जलस्तर में निरंतर वृद्धि हो रही है, जो 80.6 फीट पहुंच गया है। झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक झील से पानी की निकासी की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 27 व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। आद्रता अधिकतम 95 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही। बारिश 12 मिमी दर्ज की गई।

### दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश होने की संभावना है। हल्द्वानी में सुबह से ही बादल छाए हुए थे। दिन के समय हल्की धूप निकली और उमस भरी गर्मी पड़ने लगी। अपरान्ह के समय तेज बारिश का दौर शुरू हो गया और बारिश करीब आधा घंटा तक होती रही। बारिश से तापमान में काफी गिरावट आई। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 .8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नैनीताल जिले में 16 जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है।

# पालिकाध्यक्ष और ईओ ने शहर में लिया जलभराव और सफाई का जायजा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** जलभराव और नाला सफाई को लेकर पालिका अध्यक्ष सरस्वती खेतवाल और ईओ रोहिताश शर्मा ने शहर का निरीक्षण किया।

टीम ने रविवार को तल्लीताल बाजार, माल रोड तल्लीताल, डाट और मल्लीताल बड़ा बाजार का निरीक्षण किया और जलभराव व नाला सफाई का जायजा लिया। इस दौरान मिला कि अधिकांश नालों की नियमित सफाई की जा रही है लेकिन कुछ दुकानदारों ने नालियों को लकड़ी आदि से ढक दिय है जिससे जल निकासी बाधित हो रही है। ऐसे स्थानों को चिन्हित कर तुरंत सफाई के निर्देश दिए गए।



बाजार का निरीक्षण करती पालिका अध्यक्ष, ईओ और पालिका की टीम।

तल्लीताल बाजार में जलभराव की मुख्य वजह नवनिर्मित भवनों में उचित ढाल न होना और सड़कों के लेवल में बदलाव पाया गया। निर्माण के समय समुचित जल निकासी और क्रॉस ड्रेनेज व्यवस्था न करने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। हालांकि नगर पालिका की पूर्व निर्मित ड्रेनेज लाइनें कार्यशील स्थिति में हैं और उनकी नियमित सफाई की जा रही है। ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया बुधवार नगर पालिका द्वारा विशेष नाला सफाई अभियान चलाया जाता है।

# आसमान से आने वाले पृथ्वी के खतरनाक दुश्मन हैं क्षुद्रग्रह

## बनी हुई है दो विशाल क्षुद्रग्रहों के पृथ्वी पर टकराने की संभावना


संवाददाता, नैनीताल


**अमृत विचार:** क्षुद्रग्रह आसमान से आने वाली विध्वंशकारी ताकतों में पृथ्वी के खतरनाक दुश्मन हैं। पृथ्वी समेत हमारे सौर मंडल के ग्रहों को भारी नुकसान पहुंचाने का इनका खतरनाक अतीत रहा है। भविष्य में दो क्षुद्रग्रहों के पृथ्वी से टकराने की आशंका को लेकर वैज्ञानिक इन पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।


हमारे सौर मंडल में छोटे-बड़े क्षुद्रग्रह अरबों-खरबों की संख्या में फैले हुए हैं, जो आए दिन पृथ्वी के करीब से गुजरते रहते हैं। इनका इतिहास बेहद खौफनाक रहा है। छह करोड़ वर्ष पहले धरती के विशालकाय जीव डायनासोर का अस्तित्व मिटाने में इन्हीं का हाथ रहा है। हाल के वर्षों में कुछ छोटे पृथ्वी क्षुद्रग्रहों ने धरती के कुछ हिस्सों में तबाही मचाई है। वर्तमान में दो क्षुद्रग्रह सबसे खतरनाक माने जा रहे हैं, जिनमें एक का नाम ऐपोफिश है तो दूसरा 2024 वाईआर4 है। एपोफिस फुटबॉल के तीन मैदानों के बराबर यानी 400 मीटर आकार का है। यह पृथ्वी से टकरा गया तो धरती के बड़े भूभाग के साथ लाखों जीवन मिटा सकता है। मिस्र की पौराणिक कथाओं में एपोफिस अराजकता और विनाश का देवता माना जाता है। इस आधार पर वैज्ञानिकों ने इसका नाम एपोफिस दिया है। इसे वर्ष 2004 में खोजा गया था, तभी से इसपर नजर रखी जा रही है।

पूर्व में हुई गणना के मुताबिक इसके 13 अप्रैल 2029 में टकराने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन नासा की नई गणना के अनुसार इसके कम से कम अगले 100 वर्षों तक, इसके टकराने का कोई संभावना नहीं है। वैज्ञानिक मानते हैं कि जब यह पृथ्वी के नजदीक पहुंचेगा तो नग्न आंखों से देखा जा सकेगा। दूसरा क्षुद्रग्रह 2024 वाईआर 4 है। इसे पिछले वर्ष खोजा गया था। यह पृथ्वी के लिए भविष्य का बड़ा खतरा है। इसका आकार लगभग 53 से 67 मीटर के बीच है। यह 15 मंज़िला इमारत जितना विशाल है। हालिया गणना में इसके वर्ष 2032 में पृथ्वी से टकराने की मामूली आशंका जताई गई थी। नासा के अनुसार यह पृथ्वी के अलावा चंद्रमा से भी इसके टकराने की जताई गई है।









### नासा ने डार्ट मिशन में क्षुद्रग्रह को बनाया था निशाना

**नैनीताल :** नासा ने डबल एस्टेरॉयड रिडायरेक्शन टेस्ट' (डार्ट) मिशन के जरिए डिडिमोस और डिमॉर्फोस नामक क्षुद्रग्रहों को निशाना बनाया था। यह पृथ्वी से करीब एक करोड़ किमी दूर हैं। वर्ष 2022 में नासा ने डबल एस्टेरॉयड रिडायरेक्शन टेस्ट (डार्ट) मिशन के तहत एक प्रोब यान डिमॉर्फोस से टकराया था। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य था कि यदि भविष्य में किसी के क्षुद्रग्रह पृथ्वी से टकराने की संभावना हो तो उससे कैसे बचा जा सकता है। नासा का यह मिशन बेहद सफल रहा था।

### पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति की गुत्थी सुलझा सकते हैं क्षुद्रग्रह

**नैनीताल :** वैज्ञानिक मानते हैं कि क्षुद्रग्रहों के अध्ययन के जरिए पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति की गुत्थी को सुलझाया जा सकता है। विगत दो दशक से वैज्ञानिक इन पर व्यापक शोध कर रहे हैं। अभी तक के परिणामों से पता चला है कि क्षुद्रग्रहों पर बहुमूल्य धातुओं का खजाना छिपा है, जिन्हें धरती पर लाए जाने हेतु अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और यूरोपियन स्पेस एजेंसी ईसा समेत समेत कई अन्य अंतरिक्ष एजेंसियां प्रयासरत हैं। जिनमें प्लैटिनम और इस समूह की धातुएं पैलेडियम और रोडियम शामिल हैं। इनके अलावा सोना भी संभावित स्रोत माना जाता है। लोहा और निकल भी पाया जा सकता है। साथ ही, कोबाल्ट और कई अन्य दुर्लभ धातुएं भी इनमें शामिल हैं।

# पृथ्वी से क्षुद्रग्रह टकराने की प्रमुख घटनाएं

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** लगभग 6 करोड़ साल पहले पृथ्वी से विशाल क्षुद्रग्रह टकराया था, जिसने डायनासोर का अंत किया और वैश्विक जलवायु में परिवर्तन लाने की भूमिका निभाई थी। तूंगुस्का क्षुद्रग्रह की घटना 1908 में घटी थी जिसने रूस के साइबेरिया के 2,000 वर्ग किमी जंगल नष्ट कर दिया था। चेल्याबिंस्क क्षुद्रग्रह की घटना रूस में 2013 में हुई थी।

20 मीटर के इस क्षुद्रग्रह ने 1500 लोगों को घायल कर दिया था। एरिजोना में स्थित मेटेओर क्रेटर (गड्ढा) 50 हजार साल पहले क्षुद्रग्रह ने बनाया था। यह गड्ढा 1.2 किमी चौड़ा है। वर्ष 2022 में लगभग 2 मीटर व्यास का क्षुद्रग्रह नॉर्वे के वायुमंडल में जलकर खाक हो गया था। 19 नवंबर 2022 को लगभग 1 मीटर आकार का एस्टेरॉयड, जो कनाडा के टोरंटो के ऊपर वायुमंडल में जलकर समाप्त हो गया था। 13 फरवरी 2023 में 1 मीटर आकार का क्षुद्रग्रह फ्रांस के आसमान में टकराया था। 4 सितंबर 2024 1 मीटर का छोटा क्षुद्रग्रह फिलीपींस के लुज़ोन द्वीप के आसमान में जलकर नष्ट हुआ,। 22 अक्टूबर 2024 मे 1 मीटर का कैलिफोर्निया के वायुमंडल में जल गया था।

### पृथ्वी को निकट भविष्य में कोई बड़ा खतरा नहीं

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडेय और भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के रिटायर्ड खगोल वैज्ञानिक डॉ. आरसी कपूर कहते हैं कि फिलहाल निकट भविष्य में क्षुद्रग्रहों से कोई बड़ा खतरा नजर नहीं आता है, लेकिन इन खतरों पर निगरानी बहुत जरूरी है। वैज्ञानिक इन खतरों से निपटने का उपाय तलाश चुके हैं। पृथ्वी के करीब आने वाले क्षुद्रग्रह का मार्ग सैटेलाइट के जरिए बदला जा सकता है और बड़ी मिसाइलों के जरिए इन्हें आसमान में ही ध्वस्त कर बचा जा सकता है, लेकिन समय रहते इनके पृथ्वी के करीब आने की जानकारी मिल जानी चाहिए।

### पृथ्वी के नजदीक घूम रहे 25 हजार क्षुद्रग्रह

**नैनीताल :** दुनिया की दो सबसे बड़ी स्पेस एजेंसी अमेरिका की नासा और यूरोप की ईसा क्षुद्रग्रहों पर कड़ी नजर रखते हैं। पृथ्वी के करीब आने वाले क्षुद्रग्रहों को वैज्ञानिक नियर अर्थ ऑब्जेक्ट कहते हैं। यह रोजाना पृथ्वी से कुछ लाख या करोड़ किमी की दूरी से गुजर जाते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि 140 मीटर या उससे बड़े आकार के लगभग 25 हजार एस्टेरॉयड पृथ्वी की कक्षा के आसपास घूम रहे हैं, जिनमें से कुछ टकरा सकते हैं।

# श्रावण मास में नैनीताल में हुई दिव्य रुद्र पूजा

संवाददाता, नैनीताल

- शहरवासियों ने शिव भक्ति में डुबकी लगाई

**अमृत विचार:** श्रावण मास में रुद्र पूजा का विशेष महत्व माना जाता है और इसी शुभ अवसर पर हैप्पीनेस वुमेंस कलेक्टिव ग्रुप आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा गोवर्धन कीर्तन हॉल में भव्य रुद्र पूजा का आयोजन किया गया। पूजा में स्वामी मुक्तानंद के सान्निध्य में हुई जिसमें वेद पंडित श्याम उपाध्याय, रवि तिवारी और पूजा समन्वयक उमा गुप्ता ने विधिपूर्वक रुद्राभिषेक और मंत्रोच्चारण सम्पन्न किया।

शिव आराधना के पश्चात डिंपल जोशी ने अपनी टीम के साथ सुमधुर शिव भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया।इस आयोजन में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों और श्रद्धालुजनों ने भाग लेकर शिवतत्व का अनुभव किया।

कार्यक्रम में संस्था की सदस्याओं रेशमा टंडन, सुनीता वर्मा, संगीता साह, प्रेमलता, सिम्मी अरोड़ा,विधायक सरिता आर्य,त्रिभुवन त्रिपाठी, ईशा साह, आशा शर्मा, मंजू कोटलिया,मंजू नेगी, सोनी अरोरा, कविता जोशी, शिखा साह, कामना कम्बोज, बीना शर्मा, कविता गंगोला, ज्योति मेहरा, पूजा शाही, पूजा मल्होत्रा, उमा कांडपाल, वैशाली बिष्ट, किरण टंडन, रमा तिवारी, संध्या तिवारी, मंजू बिष्ट, विमला काफल्टिया, वंदना मेहरा, ममता गंगोला, कविता सनवाल, रीना सामंत, श्वेता अरोड़ा, नेहा डालाकोटी, मधु बिष्ट, निम्मी कीर, सोमा शाह, गौरव बब्बी,पवन टंडन, रमणजीत सिंह, सुधीर वर्मा, दलबीर सिंह, प्रदीप साह, दीपक गुप्ता, जे. के. साहनी मौजूद रहे।कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण कर पूजा का समापन हुआ।

### सावन माह में 500 बोतल गंगाजल बेचेगा पोस्ट ऑफिस



**नैनीताल :** सावन माह शुरू होते ही पोस्ट ऑफिस में भी गंगाजल की मांग बढ़ने लगी है। इस बार हेड पोस्ट ऑफिस मल्लीताल में सावन के लिए 500 बोतल गंगाजल की मांग की गई है। लोग आसानी से पोस्ट ऑफिस से गंगाजल प्राप्त कर सकते हैं। डाकघरों का उपयोग आमतौर पर चिट्ठी, मनी ऑर्डर, सेविंग अकाउंट, आरडी और एनएससी जैसी सुविधाओं के लिए किया जाता है। विगत कुछ वर्षों से अब लोग डाकघर से गंगाजल का लाभ भी लेने लगे हैं। सावन माह में शिवार्चन आदि शुभ कार्यों में गंगाजल का काफी महत्व होता है और लोग घरों में गंगाजल रखना शुभ मानते हैं।



पौधे रोपने से पहले पूजा करते वन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

# पहले पौधे रोपे फिर उनकी लंबी उम्र की कामना की

संवाददाता, नैनीताल

- नैनीताल वन डिवीजन की मनोरा रेंज के अंतर्गत देवीधुरा में अनूठे ढंग से हुआ पौधरोपण
- रोपने से पहले व बाद में हुई पूजा

**अमृत विचार :** नैनीताल के समीपवर्ती गांव देवीधूरा में अनोखे तरीके से पौध रोपे गए। ग्रामीणों ने पौधों को रोपने से पहले उनकी पूजा की। पूजा के बाद अपनी मां के नाम पर पौधों को जमीन पर रोपा गया। साथ ही पौधों की लंबी उम्र की प्रार्थना की।

रविवार को वन विभाग की मनोरा रेंज की ओर से देवीधूरा के भूमिया मंदिर परिसर में एक पौधा मां के नाम पर पौध रोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शामिल देवीधूरा के ग्रामीणों व वन विभाग की ओर से पौंध रोपने से पहले उनकी पूजा की। पूजा के बाद ग्रामीणों व वन कर्मियों नर एक एक कर पौध रोपण किया। जिसके बाद भूमिया मंदिर में पेड़ों की लंबी आयु के लिए पूजा अर्चना भी की गई। जिसके बाद वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को पेड़ों को बचाने की शपथ दिलाई गई। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि भूमिया मंदिर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 50 से ज्यादा पौध रोपे गए हैं। बताया कि ग्रामीणों ने लगाए गए पेड़ो को बचाये रखने की शपथ भी ली है।

इस दौरान वन दरोगा सुरेश जोशी, राजू करायत, दुर्गा दत्त मेलकानी, शिव सिंह , ज्योति मेलकानी, राधा, पूनम सिजवाली, हीरा व ग्रामीण बलदेव प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, नरेंद्र प्रसाद, विपिन कुमार, रेनू, शीला, दीपांक, ऋषभ, सौरभ, नितिन,सुंदर लाल, सीमा देवी, कमला देवी, शांति देवी, कमल किशोर व घनश्याम रहे।

### पंजाबी महासभा ने कराया चबूतरों की छतों का नवीनीकरण



**नैनीताल :** पंजाबी महासभा ने पाइन स्थित श्मशान घाट में चबूतरों की छतों का नवीनीकरण कार्य किया गया। संस्था ने तत्परता दिखाते हुए दोनों चिता चबूतरों की पुरानी चादर से ढकी छतों को हटवाकर उनकी जगह नई नालीदार चादरें लगवाईं। इसके साथ ही चबूतरों की मरम्मत का कार्य भी कराया गया। संस्था द्वारा नैनीताल नगरपालिका से अनुमति पत्र प्राप्त होने के मात्र छह दिनों के भीतर कार्य पूरा किया है। पंजाबी महासभा के सदस्यों ने इस कार्य के लिए आर्थिक सहयोग एकत्र कर मरम्मत और नवीनीकरण को सफलतापूर्वक किया। कार्य पूर्ण होने के पश्चात इसकी सूचना नगर पालिका नैनीताल को दी गई और चबूतरों को उसके संरक्षण एवं रखरखाव हेतु सौंप दिया गया।

### नैनीताल में गहराया पेयजल संकट

**नैनीताल, अमृत विचार :** तल्लीताल बाजार समेत आस पास के क्षेत्रों में पेयजल संकट खड़ा हो गया है। बीते कुछ दिनों से पानी का दबाव कम होने पर भी लोगों के घरों की टंकियां नहीं भर पा रही हैं। इससे दैनिक कामों के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है कई घरों में पिछले तीन दिनों से पानी नहीं आया है। स्थानीय निवासी कुसुम ने बताया कि सुबह नलों में बहुत कम फोर्स से पानी आता है जिससे टंकी नहीं भर पाती। व्यापारी राजेंद्र ने बताया कि उनके घर और दुकान दोनों में पानी की दिक्कत हो गई है।पूरे दिन पानी की चिंता लगी रहती है। जल संस्थान को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। जल संस्थान के एई रमेश गर्ब्याल ने बताया कि जल संस्थान रोज 2 घंटे सुबह और 2 घंटे शाम पानी का सप्लाई करता है। हालांकि पानी में फोर्स न होने की वजह से दो से तीन मंजिल वाले घरों में लगी टंकियों तक पानी नहीं पहुंच पता है। लोगों की शिकायत पर ध्यान दिया जा रहा है और कोशिश है की सभी को पर्याप्त पानी मिल सके।

# सांस्कृतिक महत्व से होगी रामलीला

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** आदर्श रामलीला जन कल्याण समिति ने इस बार की रामलीला को सांस्कृतिक महत्व के भव्य रूप दिए जाने पर सहमति बनाई है। समिति कार्यालय में आयोजित बैठक में आगामी रामलीला मंचन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत ने की। महासचिव रितेश साह कहा कि इस वर्ष रामलीला मंचन अभ्यास का शुभारंभ 18 जुलाई से किया जाएगा। मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत ने सभी कलाकारों से 18 जुलाई से रामलीला के पूर्वाभ्यास में आने का अनुरोध किया। इस अवसर पर हेम लता पांडे, दया बिष्ट, सावित्री सनवाल, हेमा साह, नासिर अली, अमिताभ साह, मुकेश धस्माना, करण ललित साह, सिद्धार्थ मजूमदार, प्रकाश पंत, जयवर्धन, अभिनव आदि रहे।



रामलीला को लेकर बैठक करते समिति की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक होगा रामलीला का आयोजन

**नैनीताल :** राम सेवक सभा इस वर्ष श्री राम लीला महोत्सव 22 सितंबर से 2 अक्तूबर तक कराएगा। इस वर्ष महोत्सव को सफल करने के लिए सभा भवन में तालीम शुरू कर दी गई है। रंगकर्मी मिथिलेश पांडे, अजय कुमार, सतीश पांडे, गिरीश भट्ट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में बाल कलाकार तालीम में भाग ले रहे हैं। बाल कलाकारों में बालिकाओं की संख्या 90 प्रतिशत है और बाल कलाकारों के अभ्यास के बाद पात्रों का चयन किया जाएगा। सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया कि प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे तक तालीम आयोजित की जा रही है।

चिंता

## पिछले वर्ष की दीवार की मरमत नहीं, इस बार फिर गिर गई क्षतिग्रस्त दीवार के बगल की दीवार

# झील किनारे दीवारों के गिरने से आवासीय भवनों को खतरा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** एक और जिला प्रशासन आपदा के लिए खासा चिंतित दिख रहा है वहीं दूसरी तरफ भीमताल में झील के किनारे की दीवारों का गिरना लगातार जारी है। जिसके चलते अब झील के किनारे सदियों से बने आवासीय भवनों को खतरा उत्पन्न हो गया है।

भीमताल झील के चारों तरफ झील के पानी के ठहराव के लिए जो दीवार बनाई गई है वह कई स्थानों मे क्षतिग्रस्त है। ऐसे में वर्तमान में लगातार हो रही बारिश से दीवारों का गिरना लगातार जारी है। स्थानीय प्रभावित जनता की माने तो कई बार सिंचाई विभाग को इन दीवारों के लिए स्पेशल बजट स्वीकृत करने और उनकी भली भांति मरमत करने की मांग की जा चुकी है। पर मांग पर कार्रवाई नहीं होने से स्थिति लगातार गंभीर होते जा रही है।



भीमताल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद गुणवंत बताते हैं कि भीमताल का मंदिर मार्ग जो की ढूंगशिल ग्राम सभा और अस्पताल के पीछे निवास करने वाले लोगों का मुख्य मोटर मार्ग है इस स्थान पर लगातार झील की दीवारें गिर रही है। अब हालात यहां है की मोटर मार्ग की दूसरी तरफ की दीवार मात्र कुछ ही फुट रह गई है। जिसके चलते कभी भी वहां बरसों से बने भावनाओं को खतरा उत्पन्न हो गया है।

सामाजिक कार्यकर्ता पूर्ण बृजवासी ने बताया कि अभी तक प्रभावित जनता को यही नहीं पता है कि यह दीवार लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है या सिंचाई विभाग के अंतर्गत उन्होंने जिलाधिकारी से शीघ्र से शीघ्र भीमताल झील के किनारे बसे लोगों की सुरक्षा के लिए दीवार निर्माण करवाने की मांग की है

> पिछले कई सालों से लगातार दीवारों का गिरना जारी है। अब हालात यह है कि कभी भी रह चलता कोई आदमी या फिर सड़क की दूसरी तरफ बनी दीवार झील में समा सकती है। प्रशासन को तुरंत मरमत की कार्रवाई प्रारंभ करनी चाहिए। **-विनोद गुणवंत**, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन

> स्थानीय जनता अब इस समस्या की शिकायत करते-करते थक चुकी है कोई भी विभाग शुद्ध लेने की कार्रवाई नहीं कर रहा है। **-पूरन बृजवासी**, सामाजिक कार्यकर्ता

> लोक निर्माण विभाग यह कार्य करवाता है। दो-तीन जगह दिवार क्षतिग्रस्त हैं। **-शंकर**, अवर अभियंता सिंचाई विभाग

> पीडब्ल्यूडी को यह कार्य करने के निर्देश हुए थे पिछले वर्ष भी आपदा के तहत आगणन बनाकर भेजा गया था। धन स्वीकृत नहीं हो पाया। **-ललित अंगारी**, अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग

**आज का मौसम**

आसमान में घने बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

32.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.22 | सूर्यास्त 07.13

**शहर में आज**

- पहाड़ी आर्मी की कार्यालय में प्रेस वार्ता 11 बजे
- तल्ली हल्द्वानी स्थित श्री केदारपुरम क्षेत्र में श्रीमद्भागवत 2 बजे
- पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में हरेला पर्व पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम 4 बजे

### तराई केंद्रीय वन डिवीजन की हल्द्वानी रेंज में तस्करों ने की वारदात, रेंजर डीएफओ कार्यालय से अटैच

# खैर के 81 पेड़ों पर चली आरी, फॉरेस्ट गार्ड निलंबित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तस्करों ने तराई के जंगलों में खैर के 80 से अधिक पेड़ काट कर गायब कर दिए। अवैध कटान पर डीएफओ ने फॉरेस्ट गार्ड को निलंबित कर दिया है जबकि रेंजर को डीएफओ दफ्तर से अटैच कर दिया है। वहीं जंगलात का दावा है कि कटे हुए पेड़ों की सटीक संख्या जांच के बाद ही पता चलेगी।

तराई केंद्रीय वन डिवीजन की हल्द्वानी रेंज के अंतर्गत मोटाहल्दू के जंगलों में तस्करों ने खैर के एक के बाद एक 80 से अधिक पेड़ काट दिए और गायब कर दिए।



फॉरेस्ट गार्ड उमेश को इसकी भनक लगी तो उसने तुरंत इसकी जानकारी रेंजर आनंद कुमार को दी। हालांकि पेड़ों पर आरी चलने की घटना पर लीपापोती कर दी गई। बाद में यह प्रकरण उच्च अधिकारियों तक पहुंचा इसके बाद डीएफओ ने तत्काल प्रभाव से गार्ड उमेश को निलंबित कर दिया और रेंजर आनंद कुमार को डीएफओ कार्यालय से अटैच कर दिया है। उन्होंने इस प्रकरण की जांच हल्द्वानी एसडीओ मनिंदर कौर को सौंपी है। वन विभाग का दावा है कि जांच के बाद ही कटे हुए पेड़ों की संख्या तय हो पाएगी।

**फॉरेस्ट गार्ड और रेंजर का ऑडियो वायरल**

**हल्द्वानी :** सूत्रों की मानें तो निलंबन से नाराज फॉरेस्ट गार्ड ने रेंजर से बातचीत का ऑडियो वन विभाग के व्हाटस एप ग्रुप में वायरल कर दिया। इसमें गार्ड ने रेंजर को पेड़ कटने की बात बताई लेकिन रेंजर ने मामले में लीपापोती करते हुए गार्ड से चुप रहने को कहा। बताया जा रहा है कि यह ऑडियो वन अधिकारियों तक पहुंचा इसके बाद रेंजर को अटैच किया गया। इधर, डीएफओ यूसी तिवारी ने किसी भी प्रकार की ऑडियो की जानकारी होने से इंकार कर दिया है। उनका कहना है कि रेंजर को अटैच किया गया है लेकिन ऑडियो की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

> हल्द्वानी रेंज के अंतर्गत मोटाहल्दू के जंगलों में खैर के पेड़ों के अवैध कटान का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में फॉरेस्ट गार्ड उमेश को निलंबित कर दिया और रेंजर आनंद कुमार को डीएफओ कार्यालय से अटैच कर दिया है। इस प्रकरण में कटे पेड़ों की संख्या जांच के बाद सामने आएगी। इस प्रकरण की जांच हल्द्वानी एसडीओ को सौंपी गई है। -**यूसी तिवारी**, डीएफओ, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग




# मुझे चुनाव लड़ने से रोकने को साजिशें की गईं लेकिन प्रतिद्वंद्वियों से कोई शिकायत नहीं : बेला

### रामड़ी आन सिंह जिला पंचायत सीट से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी ने की प्रेस वार्ता, विरोधियों पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिला पंचायत सदस्य सीट रामड़ी आन सिंह से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी बेला तोलिया ने कहा कि उन्हें इस सीट से चुनाव लड़ने से रोकने के लिए प्रतिद्वंद्वियों ने साजिशें कीं। उनकी झूठी शिकायतें की गईं और कोर्ट में जाकर नामांकन निरस्त कराने की भी कोशिश की गई। शहरी और बाहरी कह कर जनता और मेरे (बेला) बीच में खाई खोदने का घिनौना काम भी हुआ। फिर भी मुझे प्रतिद्वंद्वियों से कोई शिकायत नहीं है।

रविवार को कठघरिया स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई प्रेस वार्ता में भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी बेला तोलिया ने कहा कि स्वच्छ मानसिकता से चुनावी समर में हूं क्योंकि स्वच्छ मानसिकता से ही स्वच्छ समाज का निर्माण हो सकता है तभी समाज का विकास भी संभव है। तोलिया ने उनके खिलाफ भाजपा जिला मंत्री एवं उपाध्यक्ष की पत्नियों के चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि जब तक भाजपा ने अधिकृत प्रत्याशी घोषित नहीं किया था, नामांकन के बाद नाम वापसी की अवधि तक सभी एक थे। वरिष्ठ पदाधिकारियों व नेताओं ने समझाया लेकिन जब उन्होंने नाम वापस नहीं लिया तो वे संगठन विरोधी हो गए। उनका निर्णय हाईकमान लेगा हालांकि उन्हें तीन दिन की मोहलत दी गई है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में उनकी निर्विरोध जीत हुई थी, जिसे प्रतिद्वंद्वी अभिशाप बता रहे हैं, यह जनता व जनाधार का अपमान है। वह इसका पुरजोर विरोध करती हैं। अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि जिपं सीट रामड़ी आन सिंह में 15 ग्राम सभाएं आती हैं जिनमें 16 करोड़ से विकास कार्य करवाए। एक करोड़ से मंदिरों का सौंदर्यीकरण कराया है। इस दौरान पूर्व पार्षद प्रमोद तोलिया, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, जिपं चुनाव प्रभारी प्रताप वोरा, परमवीर पम्मा, मंडल अध्यक्ष संदीप सनवाल, जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद मेहरा, अंकित तोलिया आदि रहे।



कठघरिया स्थित एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता करतीं जिपं सदस्य प्रत्याशी बेला तोलिया व अन्य। ● अमृत विचार

**मेयर के लिए टिकट नहीं मांगा था, न ही निकाय चुनाव में मतदान किया**

**हल्द्वानी :** बेला तोलिया ने कहा कि नगर निगम से मेयर के लिए कभी टिकट नहीं मांगा था, निकाय चुनाव में मतदान भी नहीं किया था। निकाय चुनाव के मतदान से पूर्व ही अपना नाम शहरी मतदाता सूची से हटाने के लिए आवेदन कर दिया था। बाद में उनका नाम ग्रामीण मतदाता सूची में जुड़ गया। सिर्फ यही नहीं कई सीटों पर लोगों ने शहरी सूची से नाम हटाकर ग्रामीण में लिखवाए हैं हालांकि पति प्रमोद तोलिया के पार्षद रहे जाने के सवाल पर कहा कि शहरी व ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में आवास हैं। मैं किसान की बेटी हूं और पति भी किसान हैं। मेरे पति यहां पूर्व प्रधान रह चुके हैं।

**यदि सीट पुरुष होती तो प्रमोद या लाखन होते उम्मीवार : प्रमोद**

**हल्द्वानी :** पूर्व पार्षद प्रमोद तोलिया ने कहा कि इस सीट से चार लोगों ने दावेदारी की थी। सभी ने तय किया था भाजपा जिसको उम्मीदवार बनाएगी सभी उसको चुनाव लड़ाएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह सीट महिला हो गई इसलिए बेला प्रत्याशी है लेकिन यह सीट पुरुष होती तो मैं नहीं प्रमोद वोरा या लाखन सिंह निगल्टिया उम्मीदवार होते। जिन्हें मैं चुनाव लड़ाता। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में बेला बीडीसी सदस्य थी तब उन्होंने, दीपा दरम्वाल व शांति भट्ट ने ब्लॉक प्रमुख के लिए दावेदारी की थी। भाजपा ने शांति भट्ट को टिकट दिया तो हमने उनका साथ दिया। इस चुनाव में भी ऐसा होना चाहिए था।

**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने बेला के लिए मांगे वोट**

**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक बंशीधर भगत के प्रतिनिधि विकास भगत ने रविवार को कुरिया गांव में कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जनसंपर्क किया और रामड़ी आन सिंह से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी बेला तोलिया के समर्थन में मतदान की अपील की। इस दौरान संदीप सनवाल, भूपाल सिंह चिलवाल, नारायण पांडेय, प्रधान मीना निगल्टिया, दिनेश आर्य, ममता भट्ट, प्रकाश पटवाल, चंद्रशेखर आर्य, भुवन आर्य, अक्षय सुयाल, भुवन टंगड़िया, माया तिवारी, गणेश जोशी, गणेश खुलबे, मोहन बिष्ट, सुरेन्द्र तड़ागी रहे।



कुरिया गांव में प्रचार करते प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत व अन्य। ● अमृत विचार

## विटामिन ए और डिंपा इजेंक्शन की कमी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** बच्चों को दिया जाने वाला विटामिन ए एवं महिलाओं की प्रेगनेंसी रोकने वाला डिंपा इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हुआ है।

नैनीताल जिले में बच्चों को दिए जाने वाले विटामिन ए की खुराक खत्म हुए चार से पांच दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक दवा की आपूर्ति नहीं हो सकी है। बच्चों के लिए विटामिन ए महत्वपूर्ण है, खासकर उनकी वृद्धि और विकास, प्रतिरक्षा प्रणाली और दृष्टि के लिए। विटामिन ए की कमी से बच्चों में रतौंधी, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए, बच्चों को पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए दी जाना जरूरी है। यही नहीं महिलाओं की प्रेगनेंसी को रोकने वाला डिंपा इंजेक्शन भी अभी तक नहीं आया है। डिंपा इंजेक्शन, जिसे डीएमपीए इंजेक्शन भी कहा जाता है, एक गर्भनिरोधक इंजेक्शन है जो गर्भावस्था को रोकने में मदद करता है। यह इंजेक्शन में मौजूद एक हार्मोन, मेड्रोक्सीप्रोजेस्टेरोन एसीटेट के माध्यम से काम करता है, जो प्रोजेस्टेरोन के समान है। यह इंजेक्शन 12 सप्ताह तक प्रभावी रहता है, और इसे हर 3 महीने में दोहराना होता है। यह महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ा बहुत ही महत्तवपूर्ण इंजेक्शन है। जिला प्रतिरक्षण विभाग से जानकारी मिली कि इन दोनों ही डिमांड को भेज दिया गया है। हालांकि इनको आने में अभी 15 दिन का और भी समय लग सकता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि डिमांड भेजने के बाद देहरादून से जल्द ही विटामिन ए और डिंबा इंजेक्शन आने की उम्मीद है।



होंडा सिटी कार से तस्करी करते पकड़ा गया तस्कर। ● अमृत विचार

## मतदाताओं को लुभाने को ले जाई जा रही शराब पकड़ी

- **होंडा सिटी कार, पिकअप और बाइक से हो रही थी तस्करी**
- **काठगोदाम, चोरगलिया और भवाली पुलिस ने पकड़े 4 तस्कर**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, तस्करी भी जोर पकड़ रही है। ताजा मामले में तीन थानों की पुलिस ने ऐसे चार तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो देसी, अंग्रेजी और कच्ची शराब की तस्करी कर रहे थे। इस शराब के जरिये मतदाताओं को लुभाने की तैयारी थी।

पुलिस के मुताबकि, काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी और उनकी टीम ने चेकिंग के दौरान मल्ला काठगोदाम चौकी गेट के पास होंडा सिटी कार को रोका। तलाशी में कार से अंग्रेजी शराब की 4 पेटियां मिलीं, जिसमें 24 बोतल, 24 अद्दे और 48 पव्वे थे। पुलिस ने कार चालक सलड़ी अमृतपुर भीमताल निवासी कैलाश चंद्र सुयाल पुत्र देवी दत्त सुयाल को गिरफ्तार किया है। एक और मामले में काठगोदाम पुलिस ने वन विभाग के बैरिया से करीब एक किमी ऊपर हैड़ाखान रोड पर एक पिकअप को रोका। तलाशी ली तो पिकअप से अंग्रेजी शराब की 5 पेटियां बरामद कीं, जिसमें 240 पव्वे थे। पुलिस ने पिकअप चालक मुरकुड़िया हैड़ाखान निवासी नीरज सिंह पुत्र तुला सिंह को गिरफ्तार किया है।

वहीं भवाली पुलिस ने 90 पाउच देसी शराब के साथ सुरजीत सिंह पुत्र सुखराम सिंह निवासी बेल पड़ाव रामनगर को गिरफ्तार किया। जबकि चोरगलिया पुलिस ने 70 लीटर कच्ची शराब के साथ प्रतापपुर के पास से बाइक सवार जितेन्द्र सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी पिपलिया शक्तिफार्म को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## कालनेमि: 49 ढोंगी बाबा दबोचे

संवाददाता, देहरादून/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत रविवार को देहरादून, हरिद्वार और नैनीताल जिले में 49 ढोंगी बाबा दबोचे गए।

देहरादून पुलिस ने साधु-संतों के भेष में कथित रूप से लोगों को ठगने वाले 34 और बहरूपियों को गिरफ्तार किया, इनमें से 23 अन्य राज्यों के रहने वाले हैं। जिले में इस अभियान के तहत 82 ढोंगी बाबाओं की गिरफ्तारी हो चुकी है। एसएसपी देहरादून अजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर शुरू किए गए अभियान के तहत ऐसे विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है जहां ढोंगी बाबाओं द्वारा धर्म की आड़ में लोगों की भावनाओं व आस्था से खिलवाड़ कर ठगी का प्रयास करने की सूचनाएं मिल रही हैं। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल के अनुसार, रविवार को ऑपरेशन कालनेमि में देहात क्षेत्र की टीम द्वारा कलियर क्षेत्र से 5 ढोंगी साधुओं और मंगलौर क्षेत्र से 1 ढोंगी साधु को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। नैनीताल जिले में एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर चल रहे ऑपरेशन कालनेमि में पुलिस ने 24 बाबाओं को चिह्नित कर 9 ढोंगी बाबा गिरफ्तार किए हैं। सबसे ज्यादा चिह्निकरण रामनगर और लालकुआं पुलिस ने किया। रविवार को अभियान में काठगोदाम पुलिस ने 3 बाबा चिह्नित कर 1 के खिलाफ, मुखानी में 1 के विरुद्ध, कालाढूंगी में 4 चिह्नित कर 2 के विरुद्ध, लालकुआं में 7 चिह्नित कर 2 के विरुद्ध, रामनगर में 10 लोगों को चिह्नित कर 3 के विरुद्ध पुलिस एक्ट में कार्यवाही की गई।



रामनगर पुलिस की हिरासत में कथित बाबा।

## सरेराह महिला चिकित्सक से छेड़छाड़, शोहदे फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में शोहदों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात घर लौट रही महिला चिकित्सक को बाइक सवार शोहदों ने अपना शिकार बना लिया। छेड़छाड़ की और जब विरोध किया तो शोहदे फब्तियां कस कर फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी शोहदों की तलाश शुरू कर दी है।

हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला चिकित्सक ने बताया कि वह शहर में क्लीनिक चलाती हैं। शनिवार को वह काम के सिलसिले में घर से निकली थीं। रात तकरीबन 8 बजे वह घर वापस लौट रही थीं। नैनीताल रोड पर बाइक सवार दो शोहदों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। वह बार-बार उन्हें छेड़ रहे थे और जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी अश्लील कमेंट करते हुए फरार हो गए।

चिकित्सक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद चिकित्सक ने कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी। तिकोनिया में जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां कई सीसीटीवी लगे हैं। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 123 चालान, 5 वाहन सीज

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग की सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर चालानी कार्रवाई जारी है। शनिवार और रविवार को प्रवर्तन टीमों ने कुल 123 वाहनों के चालान किए और प्रपत्र प्रस्तुत न करने पर दो ई-रिक्शा सहित कुल 5 वाहन सीज किए।

एसआरटीओ जितेंद्र सिंगवान, टीटीओ अपराजिता पांडे, विमल उप्रेती, टीआई रामचंद्र पवार की टीम ने नैनीताल और हल्द्वानी शहरी क्षेत्र में टैक्सी, मैक्सी, ट्रक, ई-रिक्शा, ऑटोरिक्शा, कार, बाइक, टैक्सी बाइक आदि वाहनों की चेकिंग की। प्रवर्तन टीमों ने परमिट शर्तों का उल्लंघन, चालकों की ओर से यूनियन फार्म नहीं पहनने, बिना सीटबेल्ट, बिना हेलमेट, नो पार्किंग, टैक्स, फिटनेस आदि अभियोग में प्रवर्तन कार्रवाई की गई। इस दौरान एटीआई अनिल कार्की, गोविंद सिंह, मो. दानिश, गोधन सिंह, पुष्कर, महेंद्र आदि रहे। आरटीओ प्रवर्तन डॉ. गुरदेव ने बताया कि विभाग की ओर से लगातार सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।



कार्रवाई करते परिवहन विभाग के कर्मचारी। ● अमृत विचार

## मरम्मत के चलते शहर के कई इलाकों में घंटों रही बिजली गुल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की ओर से हो रहे आवश्यक रखरखाव व मरम्मत के चलते रविवार को शहर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रही। इस दौरान हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक 11 केवी फतेहपुर दमुवाढूंगा ट्यूबवेल-1 फीडर से जुड़े फतेहपुर, बच्ची नगर, ब्लॉक बसानी, बिठौरिया और पीलीकोठी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। वहीं, दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक 11 केवी खीमपुर-लामाचौड़ फीडर से जुड़े कमलुवागांजा, खीमपुर, लामाचौड़, कठघरिया, मुखानी, हरिनगर, कुसुमखेड़ा और ऊंचापुल क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। अधिकारियों के अनुसार यह शटडाउन स्पीड ब्रेकर निर्माण के चलते लिया गया था। ईई बेगराज सिंह ने बताया कि स्पीड ब्रेकर निर्माण के कारण यह शटडाउन लिया गया था और आज को इसका अंतिम दिन है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की उनका कहना है कि यह काम विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक था।

## जब सख्त हुआ अस्पताल प्रबंधन तो माना जनऔषधि दवा केंद्र संचालक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में जन औषधि केंद्र का समय बढ़ा दिया गया है। इस मामले में कॉलेज प्रबंधन ने पीएमबीआई (फार्मास्यूटिकल्स एंड मेडिकल डिवाइसेज ब्यूरो ऑफ इंडिया) को पत्र लिखकर अनुबंध समाप्त करने की चेतावनी दी थी। इस पत्र का असर हुआ और समय को बढ़ा दिया गया है।

एसटीएच में जन औषधि केंद्र का संचालन सुबह साढ़े आठ बजे से शाम को पांच बजे तक होता था। इसके बाद मरीजों को दवाओं को बाहर से महंगे दामों पर खरीदना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने केंद्र संचालक से जनऔषधि केंद्र का समय बढ़ाने को कहा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को भी पत्र लिखा। तत्कालीन सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी के आदेश के बाद भी केंद्र का समय नहीं बढ़ा। आखिरकार प्राचार्य डॉ. जोशी ने पीएमबीआई को पत्र लिखकर समस्या बताई। अनुबंध को बढ़ाने पर भी संशय जताया। इसके बाद असर हुआ और पीएमबीआई के डिप्टी जनरल मैनेजर लोकश शर्मा ने पत्र भेजा कि जन औषधि केंद्र का संचालन अब सुबह साढ़े आठ से रात को नौ बजे तक किया जाएगा। कॉलेज प्रबंधन ने इसे 24 घंटे खोलने की मांग की थी। प्राचार्य डॉ. जोशी ने कहा कि मरीजों को देर शाम तक जन औषधि केंद्र की दवा मिलेगी।



खेलो इंडिया अस्मिता फेंसिंग लीग के तहत गौलापार स्थित आईजीआई खेल परिसर में होगी प्रतियोगिता

# राष्ट्र में तलवारबाजी का नया गढ़ बना हल्द्वानी

पवन सिंह कुंवर, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** राष्ट्रीय खेलों और फेंसिंग ट्रायल के सफल आयोजन के बाद हल्द्वानी एक बार फिर देशभर के शीर्ष तलवारबाजों का केंद्र बनने जा रहा है। 28 जुलाई से एक अगस्त तक खेलो इंडिया अस्मिता फेंसिंग लीग का आयोजन गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में किया जाएगा।

यह लगातार तीसरा मौका है जब हल्द्वानी में राष्ट्रीय स्तर की फेंसिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले राष्ट्रीय खेलों के तहत तलवारबाजी प्रतियोगिता और सीनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के इंडिया ट्रायल्स भी यहीं संपन्न हुए थे। लीग में अंडर-17, अंडर-20 और सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग के मुकाबले होंगे। उत्तराखंड से करीब 50 खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित लीग में प्रतिभाग करेंगे। यूएस नगर, नैनीताल, देहरादून और अल्मोड़ा जिलों के खिलाड़ी तैयारियों में जुटे हुए हैं। लीग की खास बात यह है कि इसमें भारत की पहली महिला ओलिंपियन तलवारबाज सीए भवानी देवी के प्रतिभाग करने की संभावना है। इनके अलावा राजस्थान के करन गुर्जर, तमिलनाडु की केपी जीसो निधि और सेना के जेटली जिंगाखम जैसे चर्चित खिलाड़ी भी मैदान में उतर सकते हैं। लीग महिला खिलाड़ियों के लिए पूरी तरह निश्शुल्क रखी गई है। वहीं पुरुषों के लिए यह रैंकिंग प्रतियोगिता होगी, जिसमें भाग लेने के लिए 1000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। 25 जुलाई शाम 6 बजे तक खिलाड़ी ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे।

27 जुलाई को तकनीकी अधिकारियों की बैठक होगी, जबकि 28 जुलाई दोपहर को ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन होगा।

### खेलो इंडिया और फेंसिंग संघ ने की तैयारियां

आयोजन की तैयारी जोरों पर है। हाल ही में एशियन फेंसिंग महासंघ के महासचिव राजीव मेहता ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। वहीं खेल विभाग भी प्रतियोगिता को लेकर आवश्यक तैयारियों में जुट गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय उपकरणों से लैस है यह स्टेडियम

प्रदेश सरकार द्वारा 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान फेंसिंग के लिए 9 करोड़ रुपये के उपकरण खरीदे गए थे, जिससे हल्द्वानी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपकरणों से लैस है। इसी कारण फेंसिंग के लगातार आयोजन यहां हो रहे हैं, और हल्द्वानी को राष्ट्रीय फेंसिंग का उभरता केंद्र माना जा रहा है।

# अंग्रेजों के जमाने की खंडहर हो चुकी पटवारी चौकी होगी ध्वस्त

- सभासद की शिकायत का डीएम ने लिया संज्ञान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मोहल्ला मोती महल में ब्रिटिश कालीन जर्जर हो चुकी पटवारी चौकी का जल्द ध्वस्तीकरण किया जाएगा। यह पटवारी चौकी कितनी पुरानी है इसका सही आंकलन तो फिलहाल नहीं लगाया जा सका।

लेकिन पुराने बुजुर्ग लोगों की माने तो यह पटवारी चौकी अंग्रेजों के समय बनी थी लोगों का कहना है कि 1926 में अंग्रेजों ने कोसी नदी में तटबंध बनाया था। जिन पत्थरों से तटबंध बना है। उन्हीं पत्थरों से यह चौकी बनी हुई है। उसी समय के सिंचाई विभाग के ढोके (कर्मचारियों के कमरे) आज भी इस पटवारी चौकी के समीप है। इसलिए लोगों का कयास है कि यह पटवारी चौकी ब्रिटिश कालीन रही होगी। पालिका सभासद पारस गोला बताया कि मोहल्ला मोतीमहल में बरसों पुरानी पटवारी चौकी है। जो काफी समय से खाली होने के साथ अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है। आसपास के क्षेत्र में इसके गिरने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पटवारी चौकी को तोड़ने का एक पत्र जिलाधिकारी महोदय को दिया गया था। जिसमें जिलाधिकारी ने संज्ञा लेते हुए रामनगर एसडीएम को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सभासद पारस ने कहा कि पटवारी चौकी को ध्वस्त कर उस स्थान पर यदि कोई पार्क आदि का निर्माण प्रशासन के दे तो यह सीनियर सिटीजन एवं बच्चों के लिए उत्तम स्थान हो सकता है। अलबत्ता खंडहर में तब्दील पटवारी चौकी के स्थान पर क्या बनेगा इसका निर्णय शासन को लेना है।



खंडहर में तब्दील मोतीमहल की पटवारी चौकी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख व मंडल अध्यक्ष की पत्नियां आमने-सामने

**कालाढूंगी :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इस बार कोटाबाग ब्लॉक के रामपुर-विदरामपुर क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल की पत्नी मनीषा जंतवाल व निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल की पत्नी शिवानी कन्याल और नीतू देउपा से मामला त्रिकोणीय हो गया है। इस सीट से तीन प्रत्याशी मैदान में है। जिस कारण ब्लॉक बीडीसी के लिए सबसे हॉट सीट मानी जा रही है। रामपुर-विदरामपुर में टोटल 2608 मतदाता हैं। रामपुर गांव में 1352 वोटर विदरामपुर में 1254 वोट हैं।

### इस्कॉन के मैंगो फेस्टिवल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामनगर :** इस्कॉन रामनगर लखनपुर में हुए मैंगो फेस्टिवल में भीड़ उमड़ पड़ी। मधुहा हरिदास प्रभु ने हरिनाम संकीर्तन किया गया उन्होंने श्रीमद्भागवत के श्लोकों का उच्चारण के साथ ही भगवान जगन्नाथ जी के स्वरूप को जानने का भी प्रवचन दिया। मधुहा हरिदास ने आरती, महाप्रसाद के महत्व को भी भक्तों को बताया, साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि 15 अगस्त को श्री कृष्णा जन्माष्टमी महामहोत्सव कार्यक्रम रामनगर में आयोजित किया जाएगा।

# स्यूड़ा में प्रधान बने लेकिन सड़क नहीं बनी

## केवल 40 मीटर दीवार न बन पाने की वजह से 250 परिवार परेशान, सूर्या देवी मंदिर तक जाती है सड़क

- ब्रिटिशकालीन सड़क ग्राम सभा का मुद्दा बन कर रह गई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अंग्रेजों की एक खस्ताहाल सड़क स्यूड़ा ग्रामसभा में महज वोट बैंक के लिए मुद्दा बनकर रह गई। हर चुनाव में नेता इस सड़क को बनाने का वादा करते हैं।

नेता जीत जाते हैं और मतदाता हर बार सड़क के नाम पर मतदान करके हार जाता है। करीब 250 परिवार के लिए आर्थिकी का जरिया यह इस बार भी मुद्दा है। मजे की बात यह है कि इस सड़क को बनवाने का वादा कर पिछले चुनावों में प्रधान बनने वाले एक ही परिवार के हैं, लेकिन आपसी खींचतान का नतीजा मतदाताओं को भरना पड़ रहा है। भीमताल ब्लॉक में अंग्रेजों की बनाई यह सड़क स्यूड़ा ग्राम सभा में है। करीब 3 किमी लंबी ये सड़क ग्राम सभा के बनिया, गजार, तल्ली गाढ़ और मौसेली तोक में रहने वाले लोगों के आने-जाने का मुख्य मार्ग हैं। न सिर्फ आने-जाने का बल्कि यह ग्रामीणों की आर्थिकी भी एक जरिया है। स्थानीय निवासी समाजसेवी मंजू भट्ट बताती हैं कि केवल 40 मीटर दीवार न बन पाने की वजह से 250 परिवार प्रभावित है। निर्वतमान प्रधान मोहन सिंह के घर से सिर्फ 300 मीटर और पूर्व प्रधान प्रताप सिंह के घर से सड़क 1 किमी दूर है। सड़क हर पंचायत चुनाव में मुद्दा बनती है। चुनाव लड़ने वाले वोट लेकर जीत जाते हैं और सड़क की अगले पंचायत चुनाव का मुद्दा बनाने के लिए खस्ताहाल छोड़ देते हैं। अगर यह सड़क बन जाती तो लोग खेतों में पैदा होने वाले अनाज को अपने घर से गाड़ियों मे लोड कर मुख्य सड़क और फिर मंडी तक पहुंचा पाते, लेकिन वोट देने के बाद भी लोग हर बार ठगे जाते हैं। पूर्व में चुनाव जीत चुके लोग इस बार अपने परिवार की महिलाओं के चेहरे पर मैदान में उतरे हैं और सड़क फिर से मुद्दा है। अगर, प्रशासन के पुराने नक्शों को देखा जाए तो यह सड़क सूर्या देवी मंदिर तक जाती है और नक्शे में यह 8 फीट का रास्ता है।



तीन किमी ढोकर मुख्य मार्ग तक लाई गई फसल को वाहन में लोड करते किसान। ● अमृत विचार



अंग्रेजों की बनाई सड़क का ये हुआ हाल। ● अमृत विचार



सूर्या देवी मंदिर तक जाने वाली ग्रामसभा स्यूड़ा में अग्रेंजों की बनाई सड़क।

# शिक्षकों व कर्मियों के लिए 8 करोड़ से बनेंगे आवास

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** पीएनजीपीजी महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। सरकार ने महाविद्यालय परिसर में आवासीय भवन निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इस योजना के तहत 8 करोड़ रुपये से कुल 12 आवासीय कक्ष बनाए जाएंगे। इनमें 8 कक्ष शिक्षकों और 4 कक्ष नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए होंगे। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमसी पांडे ने बताया कि अब तक लंबे समय से महाविद्यालय में शिक्षकों के रहने की कोई सुविधा नहीं थी, इस कारण कई शिक्षक पास के शहरों से रोजाना आना-जाना करते थे या उन्हें महंगे और किराए के घरों में रहना पड़ता था। उन्होंने बताया कि शिक्षकों स्तर के अनुरूप आवास नहीं मिल पा रहे थे जिससे काफी दिक्कतें हो रही थीं। डॉ. पांडे ने कहा कि कॉलेज प्रशासन की ओर से सरकार को एक प्रस्ताव भेजा गया था, जिसमें 8 अध्यापकों और 4 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए रेजिडेंशियल भवन की मांग की गई थी। उत्तराखंड शासन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए 8 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है, हालांकि डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) के आधार पर टेक्निकल कमेटी कुछ बदलाव कर सकती है लेकिन कुछ धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और जल्द ही निर्माण शुरू किया जाएगा।

प्राचार्य पांडे ने कहा कि यह योजना केवल शिक्षकों के लिए सुविधा नहीं बल्कि कॉलेज परिसर की सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए भी अहम है। परिसर में बाहरी लोगों का बेवजह जमावड़ा रहता था, जो अब नई आवासीय व्यवस्था के चलते रोका जा सकेगा।




महाविद्यालय का प्रवेश द्वार।

# संरक्षण का संकल्प लिए बिना पौधरोपण करना बेईमानी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** इंटरनेशनल पायिनियर्स की नगर इकाई द्वारा माता बाल सुंदरी परिसर में, अर्जुन अमलतास पारिजात, बेलपत्र, और रुद्राक्ष, बाटल पाम आदि प्रजातियों के दो दो पौधे रोपित किए गए। हरेला पर्व से पूर्व पौधा रोपण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए क्लब के संस्थापक सदस्य संतोष मेहरोत्रा ने कहा कि मानसून सत्र में जगह जगह पौधों का रोपण वन विभाग एवं सामाजिक संगठन के रहे है।

लेकिन जब तक पौधों के संरक्षण का संकल्प लोग स्वयं नहीं लेते तब तक ऐसे पौधा रोपण करना बेमानी होगी। गिरीश पन्त ने आम जनमानस से अनुरोध किया कि केवल मोबाइल पर सेल्फी लेकर पौधा रोपने की बजाय पौधों के संरक्षण का संकल्प ले तो निश्चित रूप से यह अपने आप में महान कार्य होगा। डॉ. पंत ने हरेला पर्व के साथ साथ पौधों के रोपण पर विस्तार से प्रकाश डाला।इस दौरान डॉ. गौरव, महासचिव नवीन तिवारी, माहेश्वर बाजपेयी , दीपांशु अग्रवाल सचिव.सरस अग्रवाल, विजय अग्रवाल अध्यक्ष, राजीव जोशी, वीरेंद्र रावत, सुभाष अग्रवाल कोषाध्यक्ष, बीएस डंगवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पौधों के संरक्षण किए जाने का भी संकल्प लिया।



बाल सुंदरी मंदिर परिसर में पौध रोपित करते पायनियर्स क्लब के सदस्य।



सफाई अभियान के दौरान मौजूद नगर आयुक्त ऋचा सिंह व अन्य।

### मंडी बाईपास क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में रविवार को निगम की टीम ने मंडी बायपास क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने यहां जगह-जगह बिखरे कूड़े को इकट्ठा किया। कर्मचारियों ने सड़क किनारे उगी झाड़ियों को हटाया। साथ ही सड़क किनारे गंदगी हटाने के बाद जलभराव वाली जगह को मिट्टी से भर दिया। उल्लेखनीय है कि मंडी बायपास क्षेत्र में कूड़े का अड्डा बना दिया गया है और स्थानीय दुकानदारों के साथ ही आम लोग भी यहां धड़ल्ले से कूड़ा डालते हैं। जिस पर निगम ने विशेष अभियान चलाकर सफाई की। इधर, कर्मचारियों ने मल्ली बमौरी स्थित सुरभि कॉलोनी में नालियों की सफाई की। कर्मचारियों ने नालियों के पास उगी झाड़ियों को काटकर गंदगी हटाई। नगर आयुक्त ने बताया कि सफाई अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# कॉर्बेट समेत सभी वन प्रभाग वाहनों की फिटनेस पर अलर्ट

- मुख्यमंत्री धामी की सुरक्षा में चूक के बाद उठाए जा रहे कदम

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बिना फिटनेस जिप्सी में भ्रमण कराने के मामले में हुई चूक पर अब केवल कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) ही नहीं बल्कि पूरा वन महकमा अलर्ट हो चुका है।

बीती छह जुलाई को मुख्यमंत्री ने कॉर्बेट पार्क के झिरना, ढेला और पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो क्षेत्र में जिस जिप्सी में सफारी की थी उसकी फिटनेस न होने से इसे उनकी सुरक्षा में चूक बताया गया था। यह बात दीगर है कि सीटीआर प्रशासन ने इस प्रकरण पर जिप्सी ड्राइवर को निलंबित किया है। साथ ही, स्टोरकीपर के निलंबन की संस्तुति शासन से की गई है। यह चूक सामने आने के बाद सीटीआर के साथ पूरा वन महकमा अब वाहनों के पंजीयन को लेकर अलर्ट मोड पर दिखाई देने लगा है। सीटीआर के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने कहा है कि सीटीआर में मौजूद सभी वाहनों चाहे वह विभागीय कार्य के लिए हों या पर्यटकों के भ्रमण के लिए, जिप्सियां ही क्यों न हों, इन सब के लिए फिटनेस ऑडिट करने के निर्देश दिए गए है। उधर, तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो पर्यटन जोन में चलने वाली सभी जिप्सियों के भी फिटनेस प्रमाणपत्र जांचने के निर्देश दिए गए है। रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ नायक ने बताया कि सीतावनी या अन्य जोन में जिप्सियों एवं विभागीय वाहनों की फिटनेस के निर्देश दिए हैं। प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा ने कहा कि सभी वन प्रभागों को निर्देशित किया है कि पर्यटन में जहां भी जिप्सियां संचालित हैं, उन्हें तब तक पर्यटन गतिविधियों से अलग रखा जाए जब तक फिटनेस प्रमाण पत्र न लाएं।



कार्बेट में जिप्सी में सफारी करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।( फाइल फोटो)

गठन | रोटरी क्लब हल्द्वानी के 60 वें अधिष्ठान समारोह में नई कार्यकारिणी को दिलाई गई शपथ

# रोटरी क्लब के मनोज अध्यक्ष और आशीष सचिव बने

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब हल्द्वानी के 60 वें अधिष्ठान समारोह का शानदार आयोजन हुआ। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। इसमें मनोज शाह को अध्यक्ष व आशीष दुम्का को सचिव नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और रोटरी संस्थापक पॉल हैरिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसमें मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजन विद्यार्थी, एक्जीक्यूटिव डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी मनीष शर्मा, असिस्टेंट गवर्नर मनोज चौधरी, डिस्ट्रिक्ट काउंसलर राज महरोत्रा सम्मिलित हुए। मुख्य संरक्षक डॉ. बीसी पांडे और आरपी सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। विशेष योगदान के लिए कई सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अनिल कर्नाटक ने साल 2024-25 में क्लब की ओर से किए कार्यों का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। वहीं, नव नियुक्त अध्यक्ष मनोज शाह ने कहा कि क्लब सामाजिक नेतृत्व और सहयोग की परंपरा को और आगे ले जाएगा। सचिव आशीष दुम्का ने स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा कार्यों के विभिन्न प्रोजेक्ट्स की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला और प्रियांशी पाठक ने संयुक्त रूप से किया, जबकि कुबेर भुटियानी ने समापन पर सभी का धन्यवाद किया। इस दौरान एनसी पांडे, मुदित बंसल, सतीश अरोड़ा, गिरीश बिष्ट, वीके लाहोटी, सीएस मिश्रा, जगविंदर सिंह, एचएम कांडपाल, एमसी डालाकोटी, रमेश शर्मा, सुनील जोशी, गिरीश गुप्ता, राकेश बहुगुणा, विशाल मेहरा, कमल झुनझुनवाला, जेके चड्ढा, उदय भट्ट, विनोद गड़कोटी, प्रेम मदान, ललित मोहन भट्ट, आरआर आर्या, विक्रम कार्की आदि मौजूद रहे।



रोटरी क्लब की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार



मनोज शाह।



आशीष दुम्का।

### नवगठित कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारी

- **उपाध्यक्ष :** पीएस पपोला
- **कार्यकारी निदेशक :** अशोक मित्तल
- **आईटी सचिव :** कात्यायन रौतेला
- **कोषाध्यक्ष :** वीके शर्मा
- **सार्जेंट एट आर्म्स :** मोहन रावत
- **क्लब लर्निंग फैसिलिटेटर :** अनिल जोशी
- **आईपीपी :** अनिल कर्नाटक

### 14 -15 जुलाई को जूनियर फुटबॉल टीम के ट्रायल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की ओर से जूनियर ब्वॉयज नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप डॉ .बीसी रॉय ट्रॉफी 27 जुलाई से मध्यप्रदेश में शुरू हो रही है। इस प्रतियोगिता में राज्य की जूनियर फुटबॉल टीम भी हिस्सा लेगी। टीम चयन के लिए विभिन्न जनपदों के जूनियर खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 14 व 15 जुलाई को इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स गौलापार में किया जाएगा। ट्रायल में केवल वे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2011 के बीच है। खिलाड़ियों को स्थाई निवास प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो और रजिस्ट्रेशन की मूल कॉपी लानी होगी। साथ ही खिलाड़ियों को अपना खेल किट भी साथ लाना होगा। चयन उपरांत कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। उत्तराखंड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव ने सभी पात्र खिलाड़ियों से समय पर पहुंचकर ट्रायल में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# आयुक्त ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

- जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न
- विजेता जिले की टीम का करेंगे प्रतिनिधित्व

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मिनी स्टेडियम में खेली जा रही जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का रविवार संपन्न हो गई। प्रतियोगिता के फाइनल में कमिश्नर दीपक रावत ने विजेताओं को ट्राफी प्रदान की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

नैनीताल डिस्ट्रिक बैडमिंडन एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रितेश बिष्ट ने कहा कि सभी विजेता आगामी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान डीएसओ निर्माल पंत, सचिव नरेन्द्र भुटियानी, बलजीत सिंह, अरविंद पांडे, भानू पंत, डीएस नेगी, भुवन जोशी आदि मौजूद रहे।

### बालिका वर्ग में ये रहे विजेता

अंडर 11 में हिताक्षी, अंडर 13 में अर्पिता, अंडर 15 में अनुसूया, अंडर 17 में आराध्या बिष्ट विजेता रहे। वहीं युगल अंडर 15 में मनस्वी व अराध्या जोशी ने बाजी मारी।

### बालक वर्ग में ये रहे विजेता

अंडर 11 में कनिष्क, अंडर 13 आद्विक साह, अंडर 15 में आयुष, अंडर 17 में तन्मय वर्मा और बालक ओपन वर्ग में देव बर्गली विजेता रहे। वहीं युगल अंडर 11 में वेद और कनिष्क, अंडर 15 में दसमया गंगोला व आयुष ने बाजी मारी।

### एमबीपीजी कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर दोपहर 2 बजे जारी होगी सूची, दस्तावेजों का होगा ऑफलाइन

# आज जारी होगी मेरिट, एनईपी में विषय चयन के बाद होगा प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** कुमाऊं के सबसे बड़े कॉलेज एमबीपीजी में स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए तैयार मेरिट लिस्ट आज (सोमवार) दोपहर 2 बजे कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट www.mbgpgcollege.org पर प्रकाशित की जाएगी। जिसके आधार पर पंजीकृत छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकेंगे।

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और राजकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूरी की गई थी, जिसकी अंतिम तिथि 10 जुलाई को समाप्त हो चुकी है। समर्थ पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के आधार पर कॉलेज प्रशासन ने विभिन्न श्रेणियों में मेरिट सूची तैयार की है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मेरिट सूची में नाम आने के बाद प्रवेश से पूर्व कुमाऊं विवि की प्रवेश नियमावली और आवश्यक दस्तावेजों की सूची को कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर अवश्य पढ़ें। प्रवेश प्रक्रिया के पहले चरण में विषय चयन से संबंधित काउंसलिंग की व्यवस्था कॉलेज की ओर से की गई है, जिसमें संबंधित विषय के प्राध्यापक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत लागू नई विषय प्रणाली के अनुसार विद्यार्थियों को संतुष्टिपूर्वक विषय चयन के बाद ही प्रवेश प्रक्रिया में आगे बढ़ाया जाएगा।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि शासन की ओर से समर्थ पोर्टल पर प्रवेश सत्यापन की तिथि घोषित की जाएगी। बताया कि कॉलेज में भी ऑफलाइन दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा में प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश में असुविधा हो सकती है, सभी छात्र-छात्राओं को समय पर वेबसाइट देखते रहने और जरूरी दस्तावेज तैयार रखने को कहा है।



**इतने हुए पंजीकरण**

एमबीपीजी कॉलेज में कुल 6017 पंजीकरण हुए हैं, जिसमें सबसे अधिक पंजीकरण बीए में 3243, बीकॉम में 1098, बीएससी बॉयोलॉजी में 720, बीएससी गणित में 695, डिप्लूका इन टूरिज्म 10, डिप्लोमा इन इंटीरियर में 32 और बीएससी बायोटेक्नोलॉजी में 219 पंजीकरण हुए हैं।



**चयनित अभ्यर्थियों को करनी होंगी ये प्रक्रियाएं**

मेरिट लिस्ट में चयनित होने के बाद अभ्यर्थी को कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन प्रवेश फॉर्म भरना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि पर कॉलेज पहुंचकर मूल दस्तावेजों के साथ अभिलेख सत्यापन कराना होगा। जिसमें शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रतियां, एंटी-रैगिंग शपथ पत्र, एंटी-ड्रग शपथ पत्र, गैप ईयर एफिडेविट (यदि लागू हो), टीसी और सीसी की मूल प्रति, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), आरक्षण प्रमाण पत्र की मूल प्रति (यदि लागू हो) ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) लाने होंगे।



कृषि जनसंपर्क कार्यक्रम में जानकारी देते पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी।

## पंजाब नेशनल बैंक ने दी योजनाओं की जानकारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक की ओर से रामनगर के कानिया व नानकमता शाखा में कृषि जनसंपर्क कार्यक्रम किया। कानिया में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के रामनगर ब्लॉक की समन्वयक प्रीती भंडारी ने किया। मंडल प्रमुख सिद्धार्थ अधिकारी ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्राहकों को कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाएं जैसे स्वयं सहायता समूह, केसीसी, केजीएस, कृषि अवसंचरना निधि योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर बैंक के ग्राहक विपिन चंद्र पांडे को 25 लाख रुपये का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। महिला स्वयं सहायता समूहों ने भी बैंकिंग व स्वरोजगार से जुड़े अनुभव साझा किए। साथ ही बताया कि बैंक से ऋण लेने के बाद उनके जीवन में आत्मनिर्भरता संबंधी सकारात्मक बदलाव आए। इस दौरान पीरुमदारा किसान इंटर कॉलेज के अध्यक्ष सतनाम सिंह, ग्राहक, बैंक कर्मी आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



गीत का लोका र्पण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री धामी ने किया गीत का लोकार्पण

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मां वैष्णो देवी प्रोडक्शन कंपनी के गीत का लोकार्पण किया। उन्होंने इस गीत को मनोयोग से सुना और कहा कि इस तरह की रचनात्मकता राज्य के गीत-संगीत के लिए नई दिशा देने वाला होगा। गीत की विषयवस्तु से फिल्मांकन की भी सराहना की। इस गीत में युवा गायक रोहित चौहान ने इस गीत को अपनी आवाज दी है। गुलाबी शरारा फेम के गीतकार गिरीश जीना ने यह गीत लिखा है। अभिनेता अंकित रावत और अभिनेत्री साक्षी काला ने अभिनय किया है। इस गीत के लोकार्पण पर निर्माता विनोद जोशी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौराम सारथी संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

### साथी संगठन ने बताया योग-ध्यान का महत्व

**हल्द्वानी :** साथी संगठन की ओर से साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को हीरानगर स्थित योग पार्क में संरक्षक एलडी पांडे ने नेचुरोपैथी योग ध्यान का अभ्यास कराया और स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग-ध्यान का महत्व बताया गया। इस दौरान संरक्षक और आनंद सिंह भाकुनी, अध्यक्ष के निर्देशन में विभिन्न क्रियाकलाप किए गए। कार्यक्रम में शंकर दत्त तिवारी ने सुखमय और निरोगी जीवन जीने के बारे में बताया। शहर के प्रमुख व्यवसायी बसंत कंसल ने जीवन के रहस्यों के प्रति प्रेरक जानकारी दी। सचिन वाल्दिया ने कार्यक्रम में संगठन की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जगदीश खोलिया, मोहन मेहरा, आनंद सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, आरएस बोरा आदि रहे।



स्विमिंग प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ विधायक बंशीधर भगत व अन्य।

### स्विम फॉर ग्लोरी उत्तराखंड एडिशन का आगाज

**हल्द्वानी :** स्विम फॉर ग्लोरी उत्तराखंड एडिशन 1 की ओर से रविवार को तैराकी प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। पहली बार आयोजित प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल और ब्रेस्ट स्ट्रोक के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की शुरुआत कोच अंजली जोशी ने की। ऑर्गनाइजर अभिषेक जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में हल्द्वानी, रुद्रपुर, भीमताल, गदरपुर, रामनगर के तैराक मौजूद रहे, जिसमें नव्या सिराला, विहान सिरोला, प्रत्यूष सिंह, चिराग नेगी, आश्रिता गोस्वामी सहित करीब 150 तैराकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 48 बच्चों ने स्वर्ण पदक, 48 ने रजत और 48 कांस्य पदक हासिल किया। इस दौरान अतिथि के रूप में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, मेयर गजराज बिष्ट, महेंद्र अधिकारी, शोभित शर्मा, पार्षद मनोज जोशी, जीवन पांडे, मनीष तिवारी आदि मौजूद रहे।



जाम के दौरान फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### रानीबाग से भुजियाघाट तक जाम में फंसे वाहन

**हल्द्वानी :** वीकेंड के दौरान नैनीताल से लौट रहे पर्यटकों को जाम में फंसना पड़ा। भुजियाघाट से रानीबाग पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लगा। वीकेंड पर नैनीताल भीमताल आने वाले पर्यटकों की आमद शनिवार से ही शुरू हो गई थी। रविवार शाम जब पर्यटक लौटे तो भुजियाघाट से रानीबाग तक जाम लग गया। पर्यटकों ने बताया कि भुजियाघाट से रानीबाग तक जाम में फंसे। लोगों को हल्द्वानी पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लगा। यातायात निरीक्षक एसएस बिष्ट ने बताया कि हल्का जाम था। जिसे समय पर दुरुस्त कर दिया था। इधर, पुलिस ने इस हफ्ते वीकेंड पर यातायात डायवर्जन प्लान भी जारी नहीं किया। जिस कारण जाम की स्थिति पैदा हुई।

### पुलिस ने मोटर चोरी करने वाले युवक को दबोचा

**हल्द्वानी :** मुखानी पुलिस ने एक मोटर चोर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि सरस्वती विहार कालोनी लालडांट निवासी दीपचंद जोशी पुत्र एस जोशी ने बीती 12 जुलाई को शिकायत दी थी। कहा था कि 10 जुलाई को उनकी कार घर के बाहर खड़ी थी और कार का शीशा तोड़ कर उसमे रखी बैट्री चोरी कर ली गई है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले को एक संदिग्ध की पहचान की। 12 जुलाई को उप निरीक्षक अविनाश मौर्य व उनकी टीम ने अंबा कॉलोनी मुखानी से लालडांट कोहली कालोनी मुखानी निवासी लाल सिंह बिष्ट पुत्र ओम प्रकाश को मय चोरी की बैट्री के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# गोरखा चेली भागुली, ओ भिना कस के जानू... पर झूमे

### हरेला पर्व में पारंपरिक खेलों और लोकगीतों से दिखी पहाड़ी संस्कृति की झलक, पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में दर्शकों का लगा तांता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में हो रहे हरेला मेले में रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पहाड़ी लोकगायकों ने ऐसी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में लोकगायक महिपाल मेहता ने 'गोरखा चेली भागुली' और 'कस बड़े कुनाई पंडित जु' गीत गाए। वहीं रुचि आर्य ने 'शेरदा को होटल' और 'ओ भिना कस के जानू' गीत गाकर महफिल में चार चांद लगा दिए। इन गीतों की मधुरता और लोकधुनों की मिठास ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से कुमाऊंनी रीति-रिवाजों का चित्रण किया जा रहा है। कुमाऊंनी ऐपण, स्थानीय हस्तशिल्प, स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मंच सचिव देवेन्द्र तोलिया ने बताया कि मेले 5 दिन तक लगेगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्थानीय खेलों और लोकपरंपराओं की जानकारी से नई पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास किया जाता है। कार्यक्रम में अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, गोपाल बिष्ट, त्रिलोक बनौली, तरुण नेगी, डॉ. प्रदीप उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**हरेला पर्व का लोक महत्व:** हरेला लोकपर्व, हरियाली और नई ऋतु के स्वागत का प्रतीक है। कुमाऊं में यह पर्व सावन के पहले दिन बड़े उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाता है। हरेला पर्व 16 जुलाई को मनाया जाएगा। हरेला से 9 दिन पहले पात्रों में 5 या 7 प्रकार के अनाज बोए जाते हैं, जिन्हें पर्व के दिन काटा जाता है। यह परंपरा फसल की समृद्धि और हरियाली की कामना से जुड़ी हुई है।



पर्वतीय उत्थानं मंच में आयोजित हरेला मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

**इन्होंने जीती प्रतियोगिता**

| प्रतियोगिता | वर्ग | प्रथम स्थान | द्वितीय स्थान | तृतीय स्थान |
|---|---|---|---|---|
| लोकगीत प्रतियोगिता | सीनियर | दिव्यांशी गुसांई | श्रेष्ठ खत्री | अनुष्का थुवाल |
| कुर्सी दौड़ | बालिका जूनियर | भूमिका जोशी | ललिता बड़शिलिया | गुंजन लमगड़िया |
| कुर्सी दौड़ | बालिका सीनियर | वंशिका रावत | आरती आर्य | तेजस्वी भोजक |
| कुर्सी दौड़ | बालक जूनियर | धनंजय सिंह बिष्ट | नन्नू पाल | प्रिंस वर्मी |
| कुर्सी दौड़ | बालक सीनियर | शर्वच्च जोशी | भव्यांश सिंह | मलय जोशी |



पर्वतीय उत्थान मंच में आयोजित हरेला मेले में उमड़ी दर्शकों की भीड़।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

### पारंपरिक खेलों में प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन

पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की ओर से आयोजित हरेला पर्व के अवसर पर रविवार को लोकगीत प्रतियोगिता और कुर्सी दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने पहाड़ी लोकसंस्कृति की झलक को जीवंत कर दिया। हरेला पर्व के तहत आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नई पीढ़ी को उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना है। आयोजकों ने बताया कि ऐसे आयोजनों से न केवल प्रतिभा को मंच मिलता है, बल्कि बच्चों में टीम भावना, पारंपरिक मूल्यों और सांस्कृतिक जागरूकता का भी विकास होता है।

## पोर्टल अपग्रेडेशन से केंद्रों पर भेजे जा रहे हैं टीके

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में मैदानी और पर्वतीय क्षेत्र दोनों ही है। पर्वतीय क्षेत्रों में ओखलकांडा, बेतालघाट जैसे दुर्गम ब्लॉक भी आते हैं। जिले में पर्वतीय क्षेत्रों में टीकाकरण केंद्रों पर बारिश में टीकों की उपलब्धता रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग का पोर्टल मदद कर रहा है।

जिले में कुल 145 टीकाकरण केंद्र हैं। इनमें आधे से ज्यादा टीकाकरण केंद्र पहाड़ों में हैं। बारिश में पहाड़ों में मलबा व भूस्खलन से सड़कें बंद हो जाती हैं। स्वास्थ्य विभाग ने पहले ही आगाह कर दिया था कि बारिश में दवाओं को उपलब्ध रखा जाए। महिलाओं व बच्चों के टीके भी रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग पोर्टल से मदद ले रहा है। इस पोर्टल को सभी केंद्रों से जोड़ा गया है। पोर्टल में हर टीकाकरण केंद्र पर उपलब्ध टीकों की सूची उपलब्ध रहती है। बच्चों को हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, रोटावायरस, डिप्थीरिया आदि टीके लगाए जाते हैं। जैसे ही अपडेट होता है कि किसी केंद्र में टीकों की कमी हो गई है तो इसे भेजने की तैयारी की जाती है। टीके पहुंचाने के लिए दो वाहन मौजूद हैं। इनमें टीकों को कूलिंग के साथ रखने की व्यवस्था है। इसके अलावा पूरे जिले में टीके रखने के लिए 39 कूलिंग प्वाइंट हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि तकनीक की मदद से काम काफी आसान हो गया है। टीकाकरण केंद्रों पर टीकों की क्या स्थिति है इसकी सूचना एक क्लिक पर मिल जाती है। बारिश में भी इससे काम आसान हो रहा है।

## पुलिस का तनाव कम करने का प्रयास

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पुलिस कर्मियों को मानसिक तौर पर स्वस्थ रखने के लिए रविवार को कोतवाली सभागार में भीतर से शक्ति का निर्माण कार्यशाला हुई।

मनोविज्ञानी निकिता गौनिया ने पुलिसकर्मियों को लगातार तनाव, भावनात्मक थकावट, गुस्सा प्रबंधन, संबंधों में तनाव और ट्रॉमा जैसी चुनौतियां और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में बताया। व्यावहारिक उदाहरणों और सरल तकनीकों से यह समझाया कि इन समस्याओं से कैसे निपटा जा सकता है और कार्यस्थल पर बेहतर मनोबल कैसे बनाए रखा जा सकता है। कार्यशाला में "क्रिटिकल इन्सिडेंट्स" से निपटने की रणनीतियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया, जिससे पुलिसकर्मियों को आकस्मिक और तनावपूर्ण स्थितियों से बेहतर तरीके से निपटने की क्षमता विकसित हो सके।

## इनर व्हील क्लब ने डॉक्टर्स व चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का किया सम्मान



इनरव्हील क्लब के कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर, सीए एवं क्लब की पदाधिकारी और सदस्याएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

● इनरव्हील क्लब की ओर से किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

**अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब की ओर से डॉक्टर्स और चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स को समाज में अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में आयोजित सम्मान समारोह में एंकोलॉजिस्ट डॉ. शशांक बंसल, न्यूरोसर्जन डॉ. गणेश वी एल, पैथोलॉजिस्ट डॉ. दीपिका अग्रवाल, महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. जयश्री तिवारी और सीए गरिमा अग्रवाल एवं मल्लिका शारदा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मधुर अग्रवाल, सचिव निवेदिता पांडे, दीपा तिवारी, लिली सिंह, अमिता मेहरा, इन्दू पांडे, नीरजा बोरा, पुष्पा भट्ट, सुशीला भाकुनी, पुष्पा जोशी, रेनू शारदा, ज्योति नेगी, द्रौपदी गोयल, रीता गुप्ता, किरन बेला, रमा, पायल, मीरा, कुसुम, अमिता पांडे, प्रतिभा, राशि, रीतू त्यागी, मंजूलता, मनीषा, संगीता, कल्पना, पूनम रहीं।

## राज्य आंदोलनकारियों को दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली दी जाए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति ने राज्य आंदोलनकारियों ने सरकारी अधिकारियों की संपत्ति की जांच समेत विभिन्न मांगें उठाईं हैं।

समिति की बैठक रविवार तिकोनिया स्थित लोनिवि गेस्ट हाउस में हुई। इसमें सात बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की राज्यआंदोलनकरियों से हाउस टैक्स नहीं लेने की घोषणा को धरातल पर उतारने की मांग की गई। इसी के साथ ही राज्यआंदोलनकारियों को 200 यूनिट बिजली फ्री देने, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराने में दिए जाने वाली धनराशि माफ करने की भी मांग की है। इसके अलावा बैठक में सरकारी अधिकारियों की संपत्ति की जांच, दरोगा भर्ती घोटाले की लंबित जांच सार्वजनिक करने की भी मांग की। सभी ने एक सुर में स्मार्ट मीटर का भी विरोध करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट एवं ज्योत्सना पांडे ने आरोप लगाया कि राज्यआंदोलनकारियों की सुनवाई नहीं हो रही है। इस दौरान डॉ. बालम बिष्ट, राजेंद्र खनवाल, भगवती बिष्ट, पुष्पा बिष्ट, एपी केसरवानी, ईशाक खान, भुवन मौजूद रहे।



विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

## मेरा पेड़ मेरा दोस्त की थीम पर पौधरोपण

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** प्रदेश के समस्त शासकीय और निजी स्कूलों में हरेला पर्व पर 'मेरा पेड़ मेरा दोस्त अभियान' के तहत पौधरोपण किया जाएगा। साथ ही जनता को जागरुक किए जाने के साथ ही देवभूमि म्यार पहाड़ उत्तराखंड को हरित प्रदेश के रूप में विकसित किए जाने के लिए 16 से 22 जुलाई तक और 25 जुलाई को श्रीदेव सुमन बलिदान दिवस पर सघन पौधरोपण किया जाएगा।

पर्यावरणविद् और राजकीय इंटर कॉलेज मरोड़ा, टिहरी के प्रवक्ता डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने अभियान के लिए विशेष रूप से अनुरोध किया है। माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखंड के निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने अपर निदेशक गढ़वाल, कुमाऊं के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

### छवि मैमोरियल ट्रस्ट ने किया पौधरोपण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** छवि मैमोरियल ट्रस्ट की ओर से पौधरोपण किया गया। गौलापार समेत हल्द्वानी में विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे गए। ट्रस्ट अध्यक्ष बीसी जोशी के नेतृत्व में पहले गौलापार में प्राथमिक विद्यालय जगतपुरा में पौधरोपण किया गया। साथ ही स्कूल के बच्चों को बिस्किट भी बांटे गए। इसके बाद कमलुवागांजा में पिटकुल के सब स्टेशन में 20 से ज्यादा पौधों का रोपण किया गया। पीयूष पंत और यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि लगाए गए पौधों में आम, आंवला, सीता अशोक, गुलमोहर, जामुन आदि शामिल हैं। इस दौरान शपथ ली गई कि लगाए गए पौधों की देखरेख भी की जाएगा। कार्यक्रम में पिटकुल के मुख्य अभियंता पंकज आर्या, अरविंद पांडे, रमन फुटेला, भूपेश पंत, नवीन पांडे, अतुल कांडपाल, प्रीती पंत, रूचि पाठक, खिलानंद पांडे, संजय कश्यप, भूपेंद्र बिष्ट, महेंद्र नेगी आदि रहे।



पिटकुल के उपकेंद्र कमलुवागांजा में पौधरोपण करते ट्रस्ट के पदाधिकारी।

## ब्लैकमेल कर जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया

**नानकमत्ताः** थाना नानकमत्ता निवासी एक महिला ने निवासी ने उसके भाई को को एक महिला गिरोह द्वारा ब्लैकमेल करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र दिया है। महिला के अनुसार, छह माह से वह अपने छोटे भाई के साथ रुद्रपुर स्थित बाबा दीप सिंह दरबार में माथा टेकने जाती थीं। वहां एक महिला से उनकी जान-पहचान हुई।

महिला ने जान पहचान बढ़ाकर उसका और उसके भाई का मोबाइल नंबर ले लिया। कुछ समय बाद उसने ने उसके भाई को ग्राम अर्जुनपुर बुलाया, जहां पहले से ही उसके साथ मिली हुई एक लड़की से जानबूझकर मुलाकात करवाई गई। बाद में उन्होंने उसके भाई की कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें बना लीं और उसे ब्लैकमेल करने लगी। अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके भाई को बंधक बना लिया। नकदी छीनने के साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। डर के कारण उसके भाई अब तक गिरोह को सवा दो लाख रुपये दे चुका है। आरोप है कि उक्त गिरोह लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता ने एसएसपी से आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: चिन्ह मिलने के बाद ही प्रचार पकड़ेगा तीव्र रफ्तार

## जनपद में दो चरणों में होगा मतदान, 31 जुलाई को सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पहले चरण के चुनाव के लिए प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों के आवंटन के लिए दोपहर दो बजे के बाद ही बुलाया गया है। चुनाव चिन्ह मिलने के बाद ही प्रचार तीव्र गति पकड़ेगा। जिले में पंचायत चुनाव दो चरणों में संपन्न होने हैं। पहले चरण में 24 जुलाई को, जबकि दूसरे चरण के लिए मतदान 28 जुलाई को होना है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर 2 से 5 जुलाई तक ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया चली। इस दौरान 4568 पदों के लिए 8659 दावेदारों ने नामांकन पत्र जमा किए थे। जांच, नाम वापसी और उम्मीदवारों के निर्विरोध होने के बाद जिले में ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के 1472 पदों पर चुनाव होने हैं। इन पदों के लिए 4754 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नाम वापसी और उम्मीदवारों के निर्विरोध बनने के बाद ग्राम पंचायत सदस्य के 808 पदों के सापेक्ष 1870 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह ग्राम प्रधान के 362 पदों के सापेक्ष 362, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 267 पदों के सापेक्ष 1178 और जिला पंचायत सदस्य के 35 पदों के सापेक्ष 188 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। पहले चरण में 24 जुलाई व दूसरे चरण में 28 जुलाई को सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा जबकि 31 जुलाई को सुबह आठ बजे से मतगणना होगी।

### दोपहर बाद ब्लॉक परिसर पहुंचने की अपील


**खटीमा :** उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर सोमवार को होने वाली सुनवाई तक न्यायालय के आदेश पर चुनाव आयोग ने दोपहर दो बजे तक चुनाव चिह्न के आवंटन पर रोक लगा दी है। सुनवाई पूरा होने के बाद ही चुनाव चिह्न का आवंटन हो सकेगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर बार बार पड़ने वाली बाधा का सिलसिला अभी थमा नहीं है। पंचायती चुनाव के आरक्षण सूची के जारी करने में पुराने रोटेशन को शून्य कर सूची जारी करने के बाद चुनाव पर रोक का सिलसिला शुरू हुआ था, वह लगातार जारी है। चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी का कार्य पूरा हो चुका है। इसी क्रम में सोमवार को चुनाव चिह्न आवंटन का कार्य सुबह आठ बजे से शुरु होना था। इधर चुनाव आयोग ने रविवार को जारी आदेश में कहा कि न्यायालय में दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी। जिसे देखते हुए दोपहर दो बजे तह चुनाव चिह्न आवंटन पर रोक लगा दी है। यह जानकारी देते हुए पंचायती चुनाव के प्रत्याशियों से दोपहर बाद चुनाव चिह्न के लिए ब्लॉक परिसर में पहुंचने की अपील की गई है।

### जलाशय निर्माण में अधिग्रहित भूमि का मुद्दा उठाया



जनसंपर्क करतीं ग्राम पंचायत कोपा से प्रधान पद प्रत्याशी रचना प्रियदर्शनी।

**गूलरभोज, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत कोपा से ग्राम प्रधान पद की महिला प्रत्याशी रचना प्रियदर्शनी ने हरिपुरा जलाशय के निर्माण में ग्राम पंचायत कोपा के 157 किसानों की 1996 एकड़ भूमि को शासन– प्रशासन द्वारा अधिग्रहित कर बदले में मात्र 685 एकड़ भूमि आवंटित करने का मुद्दा प्राथमिकता से उठाया। उन्होंने ने समर्थकों के साथ क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क किया। महिलाओं ने प्रत्याशी रंजना प्रियदर्शनी के समर्थन में जलाशय के अंदर बसे कोपा मुनसारी, कोपा शांतिपुरी, सेमलचौड़, नयाप्लांट, कठपुलिया, पड़किया में व्यापक जनसंपर्क किया। उन्होंने किसानों के समस्याओं क साथ प्रधानमंत्री आवास, लिंक मार्गों का पक्कीकरण, शिक्षा, पेयजल, पानी निकासी न होने पर सोकता व सुलभ शौचालय आदि समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर गोविंद सिंह, आशा देवी, शीला देवी, लीला देवी, लक्ष्मी देवी, संजय सिंह, सूरज सिंह, मानसिंह, लक्ष्मण सिंह, अमरजीत सिंह आदि ने समर्थन दिया।



जिपंस प्रत्याशी भावना कोरंगा के समर्थन में रोड शो करते विधायक अरविंद पांडेय व पूर्व सांसद बलराज पासी व अन्य।

# भाजपा समर्थित प्रत्याशी भावना कोरंगा ने रोड शो निकाल जनता से मांगे वोट

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** विधायक अरविंद पांडेय ने 29 बरीराई से जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी भावना कोरंगा को अपना समर्थन देते हुए विजयश्री का आशीर्वाद दिया। विधायक पांडेय ने कहा कि गदरपुर विधानसभा क्षेत्र से जिला पंचायत की चारों सीटों से भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजय होंगे।

उन्होंने प्रत्याशी भावना कोरंगा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। पूर्व सांसद बलराज पासी ने कहा कि भावना कोरंगा का परिवार जनसंघ से जुड़ा रहा है। तराई में भाजपा को स्थापित करने के लिए उनका परिवार ने रीड की हड्डी का काम किया। पूर्व जिपंस मोहन सिंह पानू ने कहा कि भावना कोरंगा कर्मठ, शिक्षित, प्रत्याशी सुयोग्य महिला प्रत्याशी हैं। नुक्कड़ सभा को राज्य दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, समाजसेवी नरेंद्र सिंह कोरंगा उर्फ नम्मू, युवा नेता अतुल पांडेय ने संबोधित किया। चक्कीमोड़ रामलीला मैदान से रोड शो प्रारंभ होकर कूल्हा, कोपा, ललपुरी, खटोला, चंदननगर, रामबाग, कुंदननगर, लंग्ड़ाभोज, तिलपुरी, सुंदरपुर से होकर जिपंस प्रत्याशी भावना कोरंगा के आवास खटोला (मदनापुर) में समाप्त हुआ। प्रत्याशी भावना कोरंगा ने सभी से विजयश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल व महामंत्री प्रकाश कोश्यारी ने किया। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व जिपंस मोहन सिंह पानू, राजेश बजाज, जिला महामंत्री अमित नारंग, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सरकार, पूर्व प्रधान हेमगिरी गोस्वामी उर्फ हिमांशु, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, समाजसेवी राजेंद्र सिंह मेहरा, सूबेदार भगवत सिंह पांगती आदि मौजूद रहे।

# तालाब में डूबने से आठ वर्षीय बालक की मौत

- वार्ड नंबर 9 इस्लामनगर में हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, गदरपुर



घटना के बाद मौजूद परिजन व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पालिका क्षेत्र के एक खुले तालाब में डूबने से 8 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

रविवार को पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 इस्लामनगर निवासी मोहम्मद फारूक का 8 वर्षीय पुत्र फैसल घर के पास स्थित एक खुले तालाब में खेल रहा था। खेलते-खेलते अचानक मासूम फैजल तालाब में गिर गया, उस दौरान किसी की नजर भी उस पर नहीं पड़ी। फैजल के साथ खेल रहे बच्चों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। आनन-फानन में फैसल को तालाब से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तालाब से फैजल को निकालने वाले मोहम्मद रफी ने बताया कि पहले भी इस प्रकार की कई घटनाएं हो चुकी हैं। मोहम्मद फारूक राजमिस्त्री का कार्य करते हैं। उनकी तीन संतानों में फैजल सबसे बड़ा था। सूचना मिलने पर तहसीलदार लीना चंद्रा ने क्षेत्रीय पटवारी इंदु भट्ट को घटना की जांच के आदेश दिए। पटवारी ने घटनास्थल का मौका-मुआयना कर घटना की जानकारी ली।

**सुरक्षा के नहीं कोई पुख्ता इंतजाम :** जिस तालाब में यह घटना घटित हुई, वह करीब 10 से 12 फीट गहरा है। तालाब पूरी तरह से खुला हुआ है। सुरक्षा के मद्देनजर यह कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। वहीं, यह तालाब घनी आबादी के बीच स्थित है। इसे पालिका ने मत्स्य पालन के लिए ठेके पर दे रखा है।

> घटना बेहद दुखद है। परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए तत्काल जेई सोहनलाल को मौके पर बुलाकर तालाब को सुरक्षित कराने के निर्देश दिए हैं।
> –**मनोज गुंबर**, पालिकाध्यक्ष गदरपुर।

> इस तरह की घटनाओं के दोबारा पुनरावृत्ति न हो, इसलिए पालिका से इसे बंद कराने की कार्रवाई कराई जाएगी। –**सलीम बाबा**, सभासद प्रतिनिधि।

# ऊधमसिंह नगर पुलिस ने चलाया ऑपरेशन क्लीन अप

- पंचायत चुनाव को लेकर हुई कार्रवाई, 14 दिन में कई गिरफ्तारियां, पकड़ा माल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर जनपद पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन अप की शुरुआत कर दी है। जिसके चलते 14 दिन कार्रवाई में करोड़ों का मादक पदार्थ जब्त हुई और तमाम आरोपियों की धरपकड़ भी हुई है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा होते हुए जिला पुलिस ने सबसे पहले ऑपरेशन क्लीन अप शुरू किया। जिसके तहत 28 जून से 11 जुलाई 2025 तक चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण बनाने के लिए 5518 लाइसेंसी शस्त्रों में से 65.60 फीसदी यानी 3228 आचार संहिता के दौरान जमा कराए। वहीं, गुंडा एक्ट के तहत 33 मामले दर्ज कर 33 व्यक्तियों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई हुई, जबकि एक जिला बदर की कार्रवाई हुई। इसके अलावा 449 प्रकरण में गैर जमानती वारंट में से 258 मामलों का निस्तारण किया।

### अवैध शराब में दर्ज हुए 144 मुकदमे

**रुद्रपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए 144 मुकदमे दर्ज किए और 144 को गिरफ्तार भी किया। इसके अलावा शराब मुहिम में 3843 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। जिसकी कीमत 9.65 लाख रुपये आंकी गई है और कई शराब की भट्टियां भी ध्वस्त की गई।

### तस्करों पर कसा शिकंजा

**रुद्रपुर :** आचार संहिता लगते ही पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलते हुए जिले में 16 मुकदमे पंजीकृत किए और 20 की गिरफ्तारी भी की। पुलिस कार्रवाई में 99.58 लाख की स्मैक 331.95 ग्राम, 1.34 लाख की 893.7 ग्राम अफीम और 3128 ग्राम गांजा भी बरामद किया।

### फिजा बिगाड़ने वाले भी दबोचे

**रुद्रपुर :** पंचायत चुनाव में अवैध असलहों का खुला प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस ने 19 मुकदमे दर्ज करते हुए 20 की गिरफ्तारी की। साथ ही छह तमंचे, पांच जिंदा कारतूस, 14 चाकू व तलवार भी बरामद हुए। पुलिस अवैध असलहा रखने वालों को भी चिह्नित कर रही है।

### 656 व्यक्तियों को किया पाबंद

**रुद्रपुर :** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जहां जिला पुलिस हर दिशा या फिर अपराध पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। वहीं गुंडा एक्ट, जिला बदर की कार्रवाई भी कर रही है। इसके अलावा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता वर्ष 2023 के तहत नये कानून के अनुसार 570 मामले दर्ज किए और 5432 चालान प्रस्तुत किए। साथ ही 656 व्यक्तियों पर पाबंदी भी लगाई गई। ताकि अपराधी भय का माहौल पैदा नहीं कर सके और मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# व्यवस्था: कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबंधित होंगे भारी वाहन

- कांवड़ यात्रा को लेकर यातायात पुलिस ने तैयार किया प्लान

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** आगामी कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शिव भक्त कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए यातायात पुलिस काशीपुर ने यातायात प्लान बनाया गया है। 17 से 23 जुलाई शिवरात्रि तक यातायात प्लान भारी वाहनों के आवागमन के लिए जनपद बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली जनपदों में कांवड़ के दृष्टिगत प्रतिबंधित होंगे।

यातायात पुलिस के मुताबिक, धामपुर (बिजनौर) से आने वाले व धामपुर को जाने वाले भारी वाहन नादेही व धर्मपुर बॉर्डर से आगे प्रतिबंधित रहेंगे। ठाकुरद्वारा से आने वाले व ठाकुरद्वारा को जाने वाले भारी वाहन सूर्या चौकी से आगे को प्रतिबंधित रहेंगे। मुरादाबाद, टांडा से आने वाले व मुरादाबाद को जाने वाले भारी वाहन चौकी पैगा से आगे को प्रतिबंधित रहेंगे। दढ़ियाल से आने वाले व दढ़ियाल को जाने वाले भारी वाहन लोहिया पुल पर प्रतिबंधित रहेंगे। रामनगर से आने वाले व रामनगर को जाने वाले भारी वाहन चौकी प्रतापपुर से आगे को प्रतिबंधित रहेंगे।

हल्द्वानी से बाजपुर होते हुए आने वाले व हल्द्वानी को जाने वाले भारी वाहन चौकी बरहैनी से आगे को प्रतिबंधित रहेंगे। मोतियापुरा से गदरपुर को आने वाले व मोतियापुरा को जाने वाले भारी वाहन मोतियापुरा व मसीत से आगे को प्रतिबंधित रहेंगे। नवाबगंज से गदरपुर को आने वाले व नवाबगंज को जाने वाले भारी वाहन महतोष मोड़ से आगे को प्रतिबंधित रहेंगे।

यातायात पुलिस के अनुसा, आवश्यक सेवाओं (दूध, गैस, फल, सब्जी, पैट्रोलियम पदार्थ आदि) को छोड़कर सभी प्रकार के भारी वाहन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेंगे। कांवड़ यात्रा के दौरान समस्त प्रकार का खनन का परिवहन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। टोल प्लाजा कुंडा थाना कुंडा, प्रतापपुर थाना काशीपुर, लोहियापुल और नेफा बॉर्डर थाना आईटीआई, दोराहा और छोई मोड़ थाना बाजपुर, 7 हेवन होटल थाना केलाखेड़ा, मोतियापुर व महतोष थाना गदरपुर पर भारी वाहनों को रोककर वहीं पार्क किया जाएगा।

# दिल्ली जाने के लिए तय करनी पड़ रही लंबी दूरी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** कांवड़ यात्रा के दौरान दिल्ली जाने वाले यात्रियों को अब 60 से 90 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। कांवड़ यात्रा के चलते मुरादाबाद से गढ़ वाला मार्ग डायवर्ट किया गया है।

दिल्ली के लिए निश्चित मार्ग काशीपुर से ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, गढ़ होते हुए दिल्ली है। अब कांवड़ यात्रा के चलते मार्गों को डायवर्ट किया गया है। अब दिल्ली के लिए पहला मार्ग धामपुर, बिजनौर, मवाना, मेरठ होते हुए दिल्ली किया गया है, जिसमें लगभग 60 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। इसके लिए अतिरिक्त 60 रुपये यात्रियों को देने होंगे। वहीं, दूसरा वैकल्पिक मार्ग काशीपुर से मुरादाबाद, संभल, अनुप शहर, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली है। जिसमें लगभग 90 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी है। इसके लिए भी 90 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। आम दिनों में काशीपुर से दिल्ली का किराया 360 रुपये है। अब किराया 420 रुपये से लेकर 450 रुपये हो गया है। देहरादून के लिए भी बसें वाया चिला होते हुए निकाली जा रही है। वरिष्ठ डिपो प्रभारी अनवर कमाल ने बताया कि आदेश के अनुसार, अतिरिक्त किलोमीटर बढ़ने पर अतिरिक्त किराया बढ़ाया गया है।

## नैया पुल के पास पोल से टकराई निजी बस, यात्री हुए चोटिल

**सुल्तानपुर पट्टीः** नगर के नैया पुल के पास रविवार सुबह एक निजी बस सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। हादसे में कई सवारियों को चोटें आईं, जबकि बस का चालक मौके से फरार हो गया।

रविवार की सुबह दोराहा की ओर से दो निजी बसें सुल्तानपुर पट्टी की ओर आ रही थीं। सवारी बैठाने को लेकर दोनों बसों के चालक आगे निकलने की होड़ में ओवरटेक कर रहे थे। इसी दौरान नैया पुल के पास सामने से एक बाइक सवार आता दिखा। उसे बचाने के प्रयास में रुद्रपुर से काशीपुर जा रही बस अनियंत्रित होकर नगर पंचायत के स्वागत पोल से जा टकराई। दुर्घटना के समय बस में दर्जनों यात्री सवार थे। जिनमें से कुछ को चोटें भी आई हैं। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को प्राथमिक सहायता दी और बाकी यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर निजी बस चालक लापरवाही से बस चलाते हैं, लेकिन अभी तक प्रशासन ने इन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है।

प्रक्रिया | ओमेक्स रिवेरा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए हुआ मतदान

# 820 में से 558 मतदाताओं ने किया मतदान

संवाददाता, रुद्रपुर







मतदान करतीं महिला व जानकारी लेते अन्य मतदाता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ओमेक्स रिवेरा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (ओआरआरडब्ल्यूए) की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए मतदान हुआ। इस दौरान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। मतदान सुबह 9 बजे से साढ़े 3 बजे तक चला। इस दौरान 820 मतदाताओं में 558 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

रविवार को सुबह से ही ओमेक्स रिवेरा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव को लेकर पदाधिकारियों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह से मतदाता वोट डालने के लिए आने शुरू हो गए थे। इस दौरान अध्यक्ष पद पर राजकुमार अरोड़ा और अभिषेक अग्रवाल आमने-सामने हैं। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर अभिनव छाबड़ा और मनमोहन कामरा, सचिव पद पर योगेश लामा और राकेश चौहान, कोषाध्यक्ष पद पर ललित मोहन गोयल, सुनील झावर के बीच मुकाबला है। चुनाव अधिकारी बरीत सिंह की देखरेख में सुबह सुबह 9 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। मतदान साढ़े तीन बजे तक चला। चुनाव अधिकारी बरीत सिंह ने बताया कि 4 बजे से मतगणना शुरू हो गई है। परिणाम देर रात तक आने की उम्मीद है।

एक नजर

## 200 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**सितारगंज :** कोतवाली सितारगंज पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपक कौशिक और उनकी टीम ने सिडकुल क्षेत्र में चेकिंग के दौरान बोलेरो वाहन के चार टायर ट्यूबों में छिपाकर लाई जा रही 200 लीटर कच्ची शराब बरामद की। मौके से प्रीतम सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी ग्राम बरूवाबाग थाना सितारगंज को गिरफ्तार किया। आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उपनिरीक्षक ललित मोहन चौधरी एवं कांस्टेबल तरुण चौधरी ने गोठा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी में एक अदद चाकू बरामद हुआ। आरोपी की पहचान 25 वर्षीय मोहम्मद हारून पुत्र बाबू निवासी ग्राम बंसखेडा, थाना अमरिया, जिला पीलीभीत (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया।

### अभियान के तहत हिरासत में लिए 66 संदिग्ध लोगों को दी गई हिदायत, एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अधीनस्थों को दिए निर्देश

# ऑपरेशन कालनेमि: जनपद की सरहद से बाहर होंगे ढोंगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पीर-फकीर या साधु संत का चोला ओढ़कर लोगों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने या फिर ठगी करने वाले ढोंगी को अब सरहद से बाहर होना होगा। प्रदेश की धामी सरकार के आदेश के बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर हिरासत में लिए गए 66 संदिग्धों पर वैधानिक कार्रवाई करने के बाद पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ दिया है।


एसएसपी मणिकांत मिश्रा।


किच्छा कोतवाली में संदिग्ध लोगों से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

रविवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सनातन धर्म की आड़ में लोगों को ठगने एवं धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर ऑपरेशन कालनेमि चलाने का आदेश दिया था। जिसके तहत जनपद पुलिस ने सात आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के अलावा 66 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी, जबकि ज्यादातर वह व्यक्ति थे, जोकि पीर-फकीर और साधु संत की वेशभूषा धारण कर तंत्र-मंत्र कर ठगी करते हैं। कार्रवाई के दौरान जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, दिनेशपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज और खटीमा क्षेत्र से 66 संदिग्ध पीर-फकीर और साधु-संतों को हिरासत में लिया। जिसमें से टंडोला, पूरनपुर पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी चुन्नू मियां पुत्र वहीद, गया बिहार और हाल ट्रांजिट कैंप निवासी नाजिम पुत्र रिफाकत अली के विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी भी मिली। इसके अलावा शाहजहांपुर यूपी निवासी अफजल, पीलीभीत निवासी परवेज, खटीमा निवासी इम्तियाज अली, गजरौला पीलीभीत निवासी तारीख अहमद, बीसलपुर पीलीभीत निवासी मोहम्मद आसिफ के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया कि हिरासत में लिए गए 66 संदिग्धों को वैधानिक कार्रवाई कर छोड़ दिया गया है, जबकि जो संदिग्ध वर्षों से जनपद में रहता होगा, उसी को रहने की इजाजत है। बाकी बाहरी ढोंगियों को जनपद छोड़ने का आदेश दिया है। बावजूद कोई आदेशों की अवहेलना करता है, तो पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।

### संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस ने की पूछताछ

**किच्छा :** ऑपरेशन कालनेमि के तहत कोतवाली पुलिस की टीम ने नगर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे तीन संदिग्ध बाबाओं सहित अन्य लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस टीम ने कोतवाली में संदिग्ध बाबाओं व अन्य लोगों से पूछताछ करने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश देकर सभी को छोड़ दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के दिशा-निर्देशन में कोतवाली पुलिस की टीम ने ऑपरेशन कालनेमि के तहत अभियान शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि धार्मिक स्थलों दरगाह- मजार में लोगों की सेवा के लिए बैठे व्यक्तियों का भी सत्यापन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तीन भगवा धारियों सहित 3 अन्य लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई तथा उनका सत्यापन एवं दस्तावेजों की जांच के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश देकर उन्हें छोड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, पुलिसकर्मी बृजमोहन सिंह, कांस्टेबल देवराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## काशीपुर में ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत

**काशीपुर :** ट्रेन की चपेट में आकर एक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। रामनगर रोड स्थित शांति नगर के पास सुबह लगभग 11 बजे रामनगर से दिल्ली जाने वाली ट्रेन की चपेट में आकर एक वृद्ध की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। बताया जा रहा है इसी दौरान शांति नगर क्षेत्र में रहने वाले मंजीत सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने शव की शिनाख्त ग्राम रम्पुरा निवासी रंजीत सिंह (57) पुत्र जरनैल सिंह अपने चाचा के रूप में की। लगभग एक बजे मंजीत सिंह की सूचना पर पहुंचे बेटे निर्मल सिंह व सरवन सिंह ने पुलिस को बताया कि रविवार की सुबह उनके पिता घर से मवेशियों के लिए घास काटने पास के खेत में साइकिल से गए थे। आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने शायद ट्रेन की आवाज नहीं सुनी होगी और यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दरोगा पर तमंचा तानने वाले बदमाश का मुठभेड़ में हाफ एनकाउंटर

### शनिवार की रात्रि पुलिस-बदमाशों में हुई मुठभेड़, दो नामजद भी गिरफ्तार, तमंचा-चाकू बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दरोगा पर तमंचा तानकर गोली मारने की धमकी देने के प्रकरण में एक बार फिर बदमाशों एवं पुलिस में मुठभेड़ हो गई। एक आरोपी का हॉफ एनकाउंटर हुआ, जबकि दो अन्य बदमाश गिरफ्तार हुए। पुलिस ने दो तमंचे और एक रंपुरिया चाकू भी बरामद किया है। पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

10 जुलाई की रात्रि को रात्रि अधिकारी दरोगा चंदन बिष्ट पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस बीच इंदिरा चौक पर अचानक क्रेटा कार संख्या पर सवार बदमाशों ने सरकारी वाहन को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जब पुलिस ने नीचे उतरने को कहा तो कार सवार बदमाशों में से एक ने तमंचा निकालकर तान दिया और गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी थी। वहीं, अन्य बदमाशों ने वर्दी उतारने की धमकी दी। प्रकरण में मुकदमा दर्ज करने के बाद एसओजी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम बदमाशों की तलाश कर रही थी। इस बीच शनिवार की रात्रि एक बार फिर क्रेटा कार सवार बदमाशों और पुलिस का आमना-सामना हो गया। बदमाश कार छोड़कर बारादरी गांव स्थित खेत में भाग गए। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस पर ही फायरिंग शुरू कर दी और जवाबी कार्रवाई में बड़ी अहेरी बंगाली हरदोई यूपी व हाल किराएदार गांव छतरपुर थाना पंतनगर निवासी रिशु श्रीवास्तव के पैर में गोली लगी। पुलिस की गोलियों से घबराएं गांव धीमर खेड़ा गदरपुर निवासी खुशनूद अंसारी और दरिया नगर रुद्रपुर निवासी वीरेंद्र साहनी उर्फ विक्की ने खुद को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल रिशु को जिला अस्पताल ले जाया गया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा और सीओ भूपेंद्र सिंह धोनी, कोतवाल विक्रम राठौर ने घटना की जानकारी ली और बदमाशों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। पुलिस ने इनके कब्जे से 315 बोर के दो तमंचे व जिंदा कारतूस और एक रंपुरिया धारदार चाकू भी बरामद किया है।


घायल बदमाश से जानकारी लेते सीओ भूपेंद्र धोनी। ● अमृत विचार


पुलिस की गिरफ्त में बदमाश। ● अमृत विचार

### बाल-बाल बचे थे दरोगा-सिपाही


**रुद्रपुर :** 10 जुलाई की रात्रि उस वक्त दरोगा व सिपाही भी इतना भयभीत हो चुके थे। जिस वक्त क्रेटा कार सवार बदमाशों ने अचानक कार के सामने खड़े दरोगा और सिपाही को रौंदने का प्रयास ही कर डाला। खाकी से बेखौफ बदमाशों के हौसले इतने बुलंद थे कि यह भी भूल गए कि उन्होंने वर्दीधारियों को मारने का प्रयास किया। बताया कि अचानक कार की रफ्तार हुई तो दरोगा व सिपाही ने साइड में कूदकर अपनी जान को बचाया। वरना अप्रिय घटना घटित हो सकती थी

### पॉवर व पैसे का दिखाया था रौब

**रुद्रपुर :** इंदिरा चौक पर सरकारी वाहन को ओवरटेक करने के बाद बदमाशों ने दरोगा व सिपाही को देखते ही अपनी पॉवर व पैसे का रौब दिखाकर दबाने की कोशिश की। जब पुलिस बार-बार नीचे उतरने को कह रही थी तो आवेश में आए बदमाशों ने नेताओं में अच्छी पैठ और धनाढ़य होने का रौब दिखाते हुए वर्दी उतरवाने के साथ ही गोली मारकर हत्या करने की धमकी भी दे डाली थी। वास्तव में खाकी को इस तरह धमकाया और रौंदने का प्रकरण चर्चा का विषय बना गया था।

### 11 जुलाई को हुई थी पहचान

**रुद्रपुर :** दरोगा पर तमंचा तान कर हत्या की धमकी देने के प्रकरण में 11 जुलाई को ही एसओजी और कोतवाली पुलिस ने क्रेटा कार सवारों को पहचान लिया था। पुलिस ने सीसीटीवी, वाहन नंबर से ही अभियुक्तों की पहचान कर ली थी। बस इंतजार था, उनके कोतवाली इलाके में प्रवेश करने का। पुलिस ने इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपियों को दबोच लिया, जबकि एक बदमाश को पुलिस की गोली का शिकार होना पड़ा।


कोतवाली में खड़ी बदमाशों की कार।

## दस माह में 25 बदमाशों की गिरफ्तारी

● सभी बदमाश हैं हार्डकोर क्रिमिनल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जनपद ऊधमसिंह नगर में दरोगा को तमंचा दिखाकर धमकाने के बाद पुलिस की यह 20वीं मुठभेड़ हुई है। 20वीं मुठभेड़ के बाद 25 हार्डकोर क्रिमिनल को भी गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें स्मैक, गौ तस्कर, बाबा तरसेम हत्याकांड और लूटपाट प्रकरण शामिल हैं। 6 सितंबर 2024 को एसएसपी मणिकांत मिश्रा के कार्यभार संभालने के बाद से जनपद में मुठभेड़ में तेजी आई है।

### कब कहां हुई मुठभेड़

- 25 सितंबर 2024 की रात्रि जसपुर में हुई लूट प्रकरण में धर्मपुर रायपुर रोड गन्ने के खेत से मोहम्मद दिलशाद की गिरफ्तारी।
- 26 दिसंबर रात मोहम्मद दिलशाद के फरार साथी लुटेरे साजिद उर्फ कल्लन को बैतवाला तिराहा कुंडा से दबोचा।
- 26 अक्टूबर की रात्रि पुलभट्टा थाना के शक्तिफार्म रोड में वन तस्कर जसपाल सिंह उर्फ टिंकू को दबोचा।
- 6 नवंबर की रात गदरपुर के गोपाल नगर श्मशान घाट रोड पर वन तस्कर संगत सिंह उर्फ संगी को दबोचा।
- 8 नवंबर की रात्रि रुद्रपुर में झपट्टामार आकाश कुमार और नासिर को दबोचा।
- 3 दिसंबर को किच्छा में आम का बगीचा कलकता फार्म में गोवंश तस्कर तस्लीम को दबोचा।
- 17 दिसंबर देर रात्रि काशीपुर में स्मैक तस्कर को बाबरखेड़ा कुंडा निवासी मुनाजिर को पकड़ा।
- 28 दिसंबर को नशा तस्कर सुखिंदर सिंह उर्फ बिट्टा को दबोचा।
- एक जनवरी 2025 को 25 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर रिफाकत को पकड़ा।
- 21 जनवरी की सुबह एक्सिस बैंक से चोरी कर रहे शातिर चोर बिलासपुर यूपी निवासी भूप सिंह को दबोचा।
- 27 जनवरी की देर रात्रि नानकमत्ता के पसैनी में स्मैक तस्कर कुलविंदर सिंह उर्फ किंदु को दबोचा।
- एक फरवरी की रात्रि को वन कर्मियों पर फायरिंग कर घायल करने में मडैया हटटू केलाखेड़ा निवासी जसविंदर सिंह उर्फ छिंदर को गिरफ्तार किया।
- 3 फरवरी की रात्रि नानकमत्ता ग्राम सहदौरा में गौ तस्कर शकील को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।
- 3 फरवरी की रात्रि सितारगंज में हल्द्वानी निवासी लुटेरे विकास पाल को दबोचा।
- 4 फरवरी 2024 की दोपहर सहदौरा में गो तस्कर शकील को दबोचा।
- 6 फरवरी 2024 की तड़के यूपी व उत्तराखंड का वांछित फुरकान मुठभेड़ में गिरफ्तार।
- 6 फरवरी को ही रात्रि खटीमा के मझौला में स्मैक तस्कर तारीक को गिरफ्तार किया।
- 14 फरवरी 2025 को लुटेरे जुबैर व अली जमा को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया।
- 27 मार्च को काशीपुर के आईटीआई थाना इलाके में चर्चित बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के शूटर सर्वजीत सिंह को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। शूटर पुलिस कस्टडी से फरार होने की कोशिश कर रहा था।
- 12 जुलाई 2025 को कोतवाली पुलिस एवं एसओजी ने दरोगा पर तमंचा तान कर धमकी देने वाले मुख्य आरोपी रिशु श्रीवास्तव, खुशनूद अंसारी और वीरेंद्र साहनी को गिरफ्तार किया।

## स्टोन क्रशर में मशीन में आया श्रमिक का पैर, मौत

● कार्य करते समय हुआ हादसा परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

**अमृत विचार:** रामजीवनपुर कोसी बांध क्षेत्र स्थित एक स्टोन क्रशर पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। मजदूरी कर रहे एक श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मित्रपाल (42 वर्ष), निवासी रतनपुरा के रूप में हुई है।

सुबह कार्य के दौरान मित्रपाल का अचानक मशीन में पैर आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर पास में काम कर रहे अन्य मजदूरों ने उसे बाहर निकाला और तुरंत बाजपुर अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया है। वहीं, मृतक की मौत की खबर मिलते ही परिजन क्रेशर पर पहुंच गए और जोरदार हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। परिजनों ने बताया कि मित्रपाल के पांच बच्चे हैं। वह मेहनत मजदूरी कर अपनी बड़ी बेटी की शादी की तैयारी में जुटा था। बेटी की शादी तीन महीने बाद होनी थी। अब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# घर में मिला व्यक्ति का शव, मचा हड़कंप

● दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों ने दी पुलिस को सूचना
● दवाई लेने पिता गए थे सीतापुर परिजनों को दी गई जानकारी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक घर में शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों को सूचित कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मोहल्ला अल्ली खां में अहाते के सामने एक मकान में यूसुफ अली पुत्र रहमत अली अपने परिवार के साथ रहते थे। यूसुफ के पिता रहमत अली सीतापुर यूपी में बिजली विभाग में लाइनमैन रहे हैं। जिनकी तबीयत खराब होने के चलते वह और उनकी पत्नी सीतापुर दवाई के लिए लगभग आठ दिन पहले गए थे। वहीं, यूसुफ घर पर अकेला था। उसकी पत्नी छह साल पहले उसे छोड़कर जा चुकी है। आसपास के लोगों ने बताया कि चार दिन पहले यूसुफ ने अपने घर पर आने वाले दूधिये से दूध न देने के लिए कहा था। उसने बताया था कि घर पर कोई नहीं है और वह बीमार है, इसलिए दूध नहीं चाहिए। जिसके बाद उसे नहीं देखा गया।


काशीपुर में मृतक के घर के बाहर लगी भीड़। ● अमृत विचार

रविवार को जब घर से दुर्गंध आने लगी तो लोगों ने बांसफोड़ान पुलिस चौकी को सूचना दी। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और मकान का दरवाजा तोड़कर देखा तो अंदर यूसुफ का शव पड़ा हुआ था, जोकि सड़ने लगा था। पता चला मृतक के माता-पिता सीतापुर गए हैं। पुलिस टीम ने परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि मृतक के परिजनों के आने पर शव उन्हें सौंपा जाएगा। मृतक की मौत की वजह प्रथम दृष्टया बीमारी के कारण मानी जा रही है। फिलहाल टीम जांच कर रही है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व आवास विकास कॉलोनी से भी एक बंद घर से वृद्ध महिला का कंकाल में तब्दील हो चुका शव मिला था।

## ट्रांजिट कैंप में जहर खाकर विवाहिता ने किया सुसाइड

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक 30 वर्षीय विवाहिता के जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका-मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवाहिता की मौत के बाद बच्चों का बुरा हाल है, जबकि मृतका का पति जयपुर में नौकरी करता है।

पुलिस के मुताबिक, शनिवार की शाम को थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सूचना मिली कि आवास विकास स्थित एक महिला किरायेदार ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया है। सूचना मिलने थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि 30 वर्षीय गांव ओडा बसाटे बेतालघाट नैनीताल निवासी रेखा ने जहर खाकर सुसाइड किया है। पूछताछ में यह भी पता चला कि 14 साल पहले रेखा की शादी ओमप्रकाश के साथ हुई थी और पति जयपुर में नौकरी करता है। मृतका की 11 साल की बेटी व 14 साल का बेटा है। घटना की सूचना मृतका के पति को दी गई है। वहीं, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूछताछ में पता चला कि रेखा आवास विकास अटरिया रोड स्थित एक किराये के मकान में रहती थी।

## पड़ोसियों में विवाद के बाद हुई मारपीट

**बाजपुर:** किसी बात को लेकर पड़ोसियों में विवाद हो गया। कोतवाली पहुंचे दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम चकरपुर निवासी सुरेश चंद्र अग्रवाल पुत्र मोहन लाल अग्रवाल व किशन पुत्र होराम के आवास आसपास में है। शनिवार की देर सायं दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और मारपीट होने लगी। सुरेश चंद्र ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह शनि मंदिर से अपने घर की ओर जा रहे था। आरोप है कि किशन ने अपनी पत्नी व मां के साथ मिलकर हमला कर दिया। दूसरे पक्ष की आशा पत्नी किशन ने भी तहरीर देकर दूसरे पक्ष पर हमला करने का आरोप लगाया है।

# कार्रवाई: अफीम के साथ तस्कर दबोचा

● एक किलो 50 ग्राम अफीम हुई बरामद, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना पुलिस एवं एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने एक नशा तस्कर को अफीम की तस्करी करते पकड़ लिया। पुलिस ने एक किलो से अधिक अफीम बरामद की। अफीम की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 5 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है।

एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की टीम को सूचना मिली कि नशा तस्कर द्वारा प्रदेश में अफीम की खेप पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। टास्क फोर्स टीम प्रभारी राजेश पांडे एवं पुलभट्टा थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने उत्तराखंड- उत्तर प्रदेश के बॉर्डर पर स्थित राजपूत ढाबे के निकट सुभाष नगर, पुरानी चांदमारी, थाना सुभाष नगर, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी शंकर लाल पुत्र सेवाराम के कब्जे से एक किलो 50 ग्राम अफीम बरामद कर की। थाना अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टीम में उप निरीक्षक कौशल भाकुनी, उपनिरीक्षक प्रदीप पंत, पुलिसकर्मी भुवन पांडे, कांस्टेबल विनोद खत्री, कांस्टेबल दीपक बिष्ट व महिला कांस्टेबल कंचन चौधरी शामिल थे।

सख्ती

### 16 लाख कीमत की 121.56 ग्राम हेरोइन हुई बरामद, न्यायालय के समक्ष पेश किए गए सभी आरोपी

# नानकमत्ता–पुलभट्टा पुलिस ने दबोचे तीन हेरोइन तस्कर

संवाददाता, रुद्रपुर/किच्छा/नानकमत्ता

**अमृत विचार:** थाना नानकमत्ता एवं थाना पुलभट्टा पुलिस ने 121.56 ग्राम हेरोइन के साथ तीन सौदागर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

रविवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जनपद पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार धरपकड़ की कार्रवाई कर रही है, ताकि प्रदेश को नशा मुक्त उत्तराखंड बनाया जा सकें। इसी क्रम में 12 जुलाई को थाना पुलभट्टा पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम बरेली रोड स्थित ढाबे के समीप वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस बीच बाइक पर सवार दो युवक पुलिस को देख भागने की कोशिश करने लगे, तो पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने नाम भगवानपुर बिनावर बदायूं यूपी निवासी वीरेश कुमार और हरनाम सहाय बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 111.56 ग्राम हेरोइन व दो मोबाइल बरामद हुए। वहीं, दूसरे प्रकरण में नानकमता पुलिस प्रतापपुर चौकी इलाके के मच्छी झाला डैम के समीप चेकिंग कर रही थी कि मीना बाजार लोहाघाट चंपावत निवासी अभिषेक ओली पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया और उसके कब्जे से दस ग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस ने तीनों ही आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पकड़े गए अभियुक्तों से बरामद 121.56 हेरोइन की कीमत 16 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।


आरोपी के साथ नानकमत्ता पुलिस।


आरोपियों के साथ पुलभट्टा पुलिस। ● अमृत विचार

यद् दूरं यद् दुराराध्यं यच्च दूरे व्यवस्थितम्।
तत्सर्वं तपसा साध्यं तपो हि दुरतिक्रमम्॥

कोई वस्तु चाहे कितनी ही दूर क्यों न हो, उसका मिलना कितना ही कठिन क्यों न हो, और वह पहुंच से बहार क्यों न हो, कठिन तपस्या अर्थात परिश्रम से उसे प्राप्त किया जा सकता है।

## संपादकीय

# स्वास्थ्य व अर्थव्यवस्था पर असर

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की नई रिपोर्ट को चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। रिपोर्ट अनुसार रेत और धूल के तूफान हमारे स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर लगातार भारी असर डाल रहे हैं। रिपोर्ट इस वैश्विक चुनौती की भयावहता को उजागर करती है कि दुनियाभर में रेत और धूल भरी आंधियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लगभग 150 देशों के 33 करोड़ से अधिक लोग सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। आंशिक रूप से बादलों से घिरे आकाश में एक विशाल धूल भरा तूफान शुष्क, समतल रेगिस्तानी भूभाग पर आ रहा है। हर साल, लगभग 200 करोड़ टन रेत और धूल वायुमंडल में प्रवेश करती है-जो गीज़ा के 307 पिरामिडों के बराबर है। वैश्विक धूल का 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्वी रेगिस्तानों से आता है और इसे महाद्वीपों और महासागरों के पार सैकड़ों, यहां तक कि हजारों किलोमीटर दूर तक पहुंचाया जा सकता है। हालांकि 2024 में वार्षिक औसत धूल सतह सांद्रता का वैश्विक औसत 2023 की तुलना में थोड़ा कम था, फिर भी क्षेत्रीय स्तर पर इसमें काफी भिन्नताएं थीं। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में, 2024 में सतह धूल सांद्रता 1981-2010 के दीर्घकालिक औसत से ज्यादा थीं। रिपोर्ट निगरानी, पूर्वानुमान और पूर्व चेतावनियों में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर जोर देती है। विश्व मौसम संगठन की महासचिव सेलेस्टे साउलो कहती हैं कि रेत और धूल भरी आंधियां लाखों लोगों के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाती हैं। किसी खतरे के 24 घंटे के भीतर जारी की गई पूर्व चेतावनियां उस घटना से होने वाले नुकसान को 30 प्रतिशत तक कम कर सकती हैं। विश्व मौसम संगठन की रेत और धूल भरी आंधी चेतावनी परामर्श और मूल्यांकन प्रणाली अंतर्राष्ट्रीय रेत और धूल अनुसंधान का समन्वय करती है और इसके क्षेत्रीय केंद्र कार्यरत हैं। पिछले 50 वर्षों में आपदाओं की संख्या पांच गुना बढ़ गई है और दुनिया के केवल आधे देशों के पास ही बहु-खतरे वाली पूर्व चेतावनी प्रणालियां उपलब्ध हैं। चूंकि विकासशील और अल्प विकसित देशों में खतरों के कारण जान-माल की हानि बढ़ रही है - ये वे देश हैं जो जलवायु परिवर्तन के परिणामों के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं। यही कारण है कि संभावित मौसम और जलवायु संबंधी जोखिमों और संकटों का विश्लेषण और पहचान करने के लिए पूर्व चेतावनी प्रणालियां स्थापित की जाती हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण जलवायु संबंधी ख़तरे लगातार, चरम और अप्रत्याशित रूप से बढ़ रहे हैं, इसलिए पूर्व चेतावनी प्रणालियों की तत्काल आवश्यकता है।

# स्वदेशी स्टील्थ लड़ाकू विमान का चुनौतीपूर्ण विकास



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

फ्युसिलेज डिजाईन में सपाट सतहों और तीखे मोड़ों का उपयोग इसीलिए किया जाता है ताकि राडार संकेत को दूसरी दिशा में जानबूझकर परावर्तित किया जा सके। अमरीका के बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर की बॉडी और डैनों के डिजाईन को देखकर इस बात को समझा जा सकता है।

तिरुवनंतपुरम के एयरपोर्ट पर खड़े रहे ब्रिटेन के ऍफ़-35बी स्टील्थ कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को आखिरकार ढोकर ले जाना पड़ा। अफवाह थी कि इस विमान के जरिये से भारत के पश्चिमी तट की रक्षा ठिकानों, इंस्टालेशन्स, सामरिक महत्व के सामान के निर्माण से संबधित सुविधाएं या फैक्ट्रीज, डिफेंस कम्युनिकेशन स्थलों की थर्मल इमेजिंग की गई। भारत के एयरोनॉटिकल कम्युनिकेशन इंजिनियर्स ने इस जहाज में थर्मल इमेजिंग कैमरे और इनके पावरफुल सेन्सर्स को ढूंढ लिया। इस प्रकरण में क्या पूरे एयरक्राफ्ट की स्कैनिंग की गई या कोई कोवर्ट फिजिकल इंस्पेक्शन हुआ, मालूम नहीं है? मान लीजिए इंस्ट्रूमेंटेशन, डिजाईन फीचर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील्थ कोटिंग में इस्तेमाल किए गए मैटेरियल्स रेडिएशन अवरोधी और हीट रेसिस्टेंट पॉलीमर पदार्थ की खुरचन निकाली गई होगी तो भी कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि केमिकल और पॉलीमर विज्ञान में भारत अब काफी उन्नत है और चोरी की जरूरत नहीं। फ्युसीलेज, कॉकपिट पेनल्स आदि को देखा गया होगा तो भी इन सबके निर्माण और कन्फ्युगिरेशन के लिए बहुत उन्नत टेक्नोलॉजिकल ज्ञान और अनुभव की जरूरत होती है। भारत के टेक्नोक्रेट्स उस तरीके से चोरी नहीं करते जैसा चीन ने शुरूआती दौर में रूस में बने फाइटर जेट्स और युद्धक टैंकों को उधेड़ कर इन्हें रिवर्स टेक्नोलॉजी मेथड से अधिक उन्नत करते हुए पुनर्निर्मित किया था। खबरी मीडिया बता रहा है कि चीन ने दूसरे महायुद्ध के समय के लड़ाकू विमान, युद्धक टैंक और बहुत सा असॉल्ट सामान जंगलों में छिपा कर रखा था जिसके बूते पर गयी-बीती टेक्नोलॉजीज को आधार बनाते हुए इन्हें उन्नत कर लिया गया। चीन के टेक्नोक्रेट्स इतने नाकाबिल नहीं हो सकते कि अब वे टेक्नोलॉजी की नक़ल करें।

भारत द्वारा अपनी नौसेना और वायुसेना लिए विकसित किए जाने वाले तेजस विमान में विलम्ब को लेकर तीखी आलोचना जब हुई तो कहा गया कि भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन से सम्बद्ध एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी 5वीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम

स्टील्थ तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने में रख-रखाव से संबंधित कुछ ख़ास किस्म की अनिवार्य ड्रिल होती हैं जिनकी अनदेखी करने पर हवाई युद्ध में इसकी प्रभावशीलता घट जाती है। विमान के एयरोडायनामिक डिज़ाइन के मद्देनज़र भी रख-रखाव की लागत बढ़ती है।

कॉम्बैट स्टील्थ एयरक्राफ्ट एमके-1 विकसित करने के प्रोजेक्ट पर तेज़ी से काम करेगी। लक्ष्य है कि विमान 1620 किमी की गति से 20 किलोमीटर की ऊंचाई तक 2.15 मैक की गति से उड़ने वाला होगा। इसमें भारत में सर्वाधिक उन्नत अस्त्र लगाए जा सकेंगे। यह काम सन 2035 तक पूरा होगा। यह अमरीका के ऍफ़-35, रूस के सुखोई-57, और चीन के जे-20 अत्याधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट प्लेन्स की टक्कर का या इनसे कुछ उन्नत ही होगा। चिंता इस बात को लेकर है कि भारत की यह योजना अभी10 साल बाद संपन्न होगी जबकि अमरीका, रूस और चीन के उक्त तीनों विमान फिलहाल सेवा में लिए जा चुके हैं। तब तक भारत क्या करेगा?

आलोचना सिर्फ भारत द्वारा स्वदेशी फाइटर प्लेन्स विकसित करने में हुए विलंब को लेकर नहीं होती। ब्रिटेन के नेशनल ऑडिट ऑफिस ने एक रिपोर्ट -द यूके'ज ऍफ़-35 कैपॉबिलिटी, 2025, कुछ सप्ताह पहले तैयार की है जिसमें ब्रिटेन के सबसे उन्नत इस युद्धक विमान की परियोजना पर अब तक एक ख़रब 27 अरब रुपये की धनराशि खर्च की जा चुकी है। इसके बदले में ऍफ़-35 विमान के विकास की मूल योजना के क्रियान्वयन में निराशाजनक परिणाम मिले हैं। ऍफ़-35 लाइटनिंग स्टील्थ फाइटर विमान के विकास का काम सन 2018 में संपन्न हो जाने के बाद समीक्षात्मक रिपोर्ट अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ़ एयरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स फोरम ने सार्वजनिक की थी जिसे ऍफ़-35 एयर व्हीकल टेक्नोलॉजी ओवरव्यू नाम दिया गया है।

उक्त ऑडिट रिपोर्ट में ऑडिटर ने लिखा कि ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय द्वारा ऍफ़-35 में योजनानुसार निर्माता लॉकहीड मार्टिन ने अनिवार्य क्षमताएं प्रदान नहीं की हैं। ऍफ़ -35 में सुरक्षित दूरी से ज़मीनी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए एक भरोसेमंद वेपन स्पीयर-3 मिसाइल सन 2024 के अंत तक इस विमान में लगा दिया जाना चाहिए था, लेकिन 2030 के दशक की शुरुआत तक इसे इनस्टॉल नहीं किया जा सकता। स्पीयर-3 एक भावी एयर-टू-ग्राउंड और संभवतः एंटी-शिप क्रूज़ मिसाइल है जो गतिशील और स्थिर लक्ष्यों पर प्रहार कर सकती है। इसके न होने से युद्ध क्षेत्र में कुछ मिशनों को संचालित करने की ब्रिटेन की क्षमता सीमित हो जाएगी।

स्टील्थ तकनीक के इस्तेमाल को बनाए रखने में रख-रखाव से संबंधित कुछ ख़ास किस्म की अनिवार्य ड्रिल होती हैं जिनकी अनदेखी करने पर हवाई युद्ध में इसकी प्रभावशीलता घट जाती है। विमान के एयरोडायनामिक डिज़ाइन के मद्देनज़र भी रख-रखाव की लागत बढ़ती है। बेहतरीन अदृश्यता गुण और पकड़े जाने से बचने के लिए विमानों के लिए फिलहाल प्लाज़्मा, इन्फ्रा-रेड, मैग्नेटिक और एकॉउस्टिक सिग्नेचर रिडक्शन एवं एक्टिव और पैसिव कैंसलेशन सिस्टम्स का इस्तेमाल होता है। एंटी-स्टील्थ और स्टील्थ सिस्टम्स लंबे समय तक उपयोग के बाद क्षीण हो जाते हैं। विमान को छुपाने वाले मटेरियल की जो परत इसके शरीर पर चढ़ाई जाती है वह कुछ समय पश्चात हवा में मौजूद कणों के घर्षण और इससे पैदा होने वाली गर्मी या किसी और वजह से ढीली पड़कर उतर सकती है। स्टील्थ कोटिंग टेक्नोलॉजी को रिसर्च से कैसे संभव बनाया गया इसके लिए विभिन्न प्रकार की राडार टोही तकनीकों की कार्यप्रणाली के अलावा पॉलीमर विज्ञान को समझना जरूरी है। एक फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को डिटेक्ट करने के लिए ध्वनि और इलेक्ट्रॉनिक तरंगों का इस्तेमाल किया जाता है। स्टील्थ मटेरियल की कोटिंग फाइटर एयरक्राफ्ट या बॉम्बर को टोही तरंगों की चपेट में आने से बचाती है। पॉलिमर कम्पोजिट-आधारित स्टील्थ सामग्री में कार्बनयुक्त पदार्थ और भराव के रूप में ग्रैफीन, कार्बन ब्लैक, कार्बन नैनोट्यूब और कार्बन फाइबर शामिल हैं। इससे छुपाव और विमान के बाह्यावरण को अत्यधिक गर्म होने से बचाने के स्टील्थ कोटिंग की जाती है। स्टील्थ परत सामग्री रेज़िन बाज़ार में उपलब्ध एपॉक्सी, पॉलीयूरेथेन और पॉलीइमाइड जैसी लेकिन उन्नत पदार्थ हैं। वाहनों को पराबैंगनी किरणों, पपड़ी बनने और खरोंचों से भी यह बचाती है।

अमरीकी विमान निर्माता कंपनी लॉकहीड को स्टील्थ टेक्नोलॉजी के विकास कार्य पर सबसे पहले लगाया गया था। मटेरियल की पहचान होने पर विमान के आकार, इसमें प्रयुक्त अन्य सामग्रियों, इंजन और उपकरण, सभी को स्टील्थ टेक्नोलॉजी के सफल प्रदर्शन के लिए ख़ास तरीके से डिज़ाइन किया जाना चाहिए ताकि रडार संकेतों को विमान से दूर बिखेरने का एक ही केंद्र हो, अलग-अलग नहीं।

फ्युसिलेज डिजाईन में सपाट सतहों और तीखे मोड़ों का उपयोग इसीलिए किया जाता है ताकि राडार संकेत को दूसरी दिशा में जानबूझकर परावर्तित किया जा सके। अमरीका के बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर की बॉडी और डैनों के डिजाईन को देखकर इस बात को समझा जा सकता है। एफ-35 का रेड्यूस्ड क्रॉस सेक्शन ऑफ़ राडार अर्थात आरसीएस, इसे 0.005 वर्ग मीटर से बड़ा नहीं दिखाता है। राडार पर ऍफ़-35 एक हमिंगबर्ड पक्षी से थोड़ा सा बड़ा है। छोटे आकार की ऐसी वस्तु को राडार स्क्रीन पर देखने वाले इसकी उपेक्षा करते हैं जिससे बचाव के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए शत्रु उद्धत नहीं होता। जब मालूम होता है, तब तक देर हो चुकी होती है। हमें विश्वासपूर्वक उम्मीद रखनी चाहिए कि भारत स्वदेशी, विकासमान, पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट स्टील्थ एयरक्राफ्ट एमके-1 लड़ाकू विमान के लिए इन्हीं तकनीकों का इस्तेमाल करेगा।

## प्रसंगवश

# जापान की तकनीक और नवाचार

जापान, पूर्वी एशिया में स्थित एक द्वीप समूह देश है, जो प्रशांत महासागर में स्थित है। यह देश 6,852 द्वीपों से मिलकर बना है, जिनमें होक्काइडो, होंशू, शिकोकू, क्यूशू और ओकिनावा मुख्य द्वीप हैं। अपनी शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी व नवाचारों, दुनिया के सबसे बड़े वाहन निर्माताओं में से एक, और जिसकी ट्रेनें दुनिया में सबसे सटीक समय पर चलने वाली मानी जाती है तथा जो अपनी अद्वितीय व अनूठी संस्कृति के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध रहा है; ऑटोमोबाइल, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण, और शिक्षा के क्षेत्र में जापान आज एक वैश्विक नेता है। हाल ही में जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के रिसर्चर्स ने 1.02 पेटाबिट्स(पेटाबाइट) प्रति सेकेंड की अविश्वसनीय इंटरनेट स्पीड हासिल करके विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है। जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (एनआइसीटी) ने सुमितोमो इलेक्ट्रिक और यूरोपीय पार्टनर के साथ मिलकर यह रिकॉर्ड बनाने वाली उपलब्धि हासिल की है। उनके यूनिक 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर केबल ने 1,808 किलोमीटर से ज्यादा की दमदार स्पीड से डाटा ट्रांसमिट किया, जो कि करीब लंदन से रोम की दूरी के बराबर है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 1.02 मिलियन गीगाबाइट (जीबी) डाटा एक सेकंड में डाउनलोड किया गया है। यह स्पीड इतनी ज्यादा है कि इसके बारे में सोच पाना भी मुश्किल है। जापान की इस तकनीक को वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक उज्जवल भविष्य के रूप में देखा जा रहा है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

वास्तव में, जापान की यह उपलब्धि डेटा ट्रांसमिशन तकनीक में एक महत्वपूर्ण व बड़ा कदम है। जापान की यह स्पीड अमेरिका की एवरेज इंटरनेट स्पीड से 3.5 गुना है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह स्पीड अमेरिका के औसत इंटरनेट कनेक्शन से 35 लाख गुना ज्यादा है। भारत की औसत इंटरनेट गति से यह 1.6 करोड़ गुना तेज बताई जा रही है।

आज भारत जैसे देश में बफरिंग, नेटवर्क डाउन और स्लो इंटरनेट एक बड़ी समस्या है, ऐसे में जापान द्वारा हाइ स्पीड इंटरनेट तकनीक का विकास आने वाले समय में 6 जी नेटवर्क, क्लाउड सिस्टम्स, अंडरसी डेटा केबल्स और एआई जैसे उभरते क्षेत्रों में नई क्रांति लेकर आएगा। जापान ने सिंगल कोर के बजाय 19 कोर ऑप्टिकल फाइबर सिस्टम व उन्नत एम्प्लीफायर तकनीक की मदद से इतनी तेज इंटरनेट स्पीड को हासिल करने में सफलता मिली है।

मार्च 2024 में भी जापान ने ही 402 टेराबिट्स प्रति सेकंड (यानी 50,250 जीबीपीएस) की स्पीड का रिकॉर्ड बनाया था, लेकिन इस बार नई तकनीक ने इस आंकड़े को दोगुना से अधिक कर दिया। कहना ग़लत नहीं होगा कि जैसे-जैसे एआइ, 8के स्ट्रीमिंग, क्लाउड गेमिंग और ऑगमेंटेड रियलिटी जैसे सेक्टर आगे बढ़ेंगे, ऐसे ब्रेकथ्रू तकनीकों की जरूरत और भी बढ़ेगी। वास्तव में यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आइओटी) और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में मदद करेगी। ज्यादा तेज इंटरनेट, ज्यादा तेज विकास भी लेकर आएगा। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थ केयर और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि इंटरनेट की स्पीड के मामले में भारत टॉप-10 के देशों में भी शामिल नहीं है। यहां पर मोबाइल इंटरनेट स्पीड 100.78 एमबीपीएस है। जबकि, एवरेज ब्रॉडबैंड स्पीड 63.55 एमबीपीएस है। वास्तव में यह स्पीड विश्व के बाकी देशों के मुकाबले काफी कम है।

दुबई इंटरनेट की स्पीड के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर, तथा हाँगकांग तीसरे नंबर पर, फ्रांस चौथे नंबर पर तथा आइसलैंड पांचवें नंबर पर आता है, जहां इंटरनेट की स्पीड क्रमशः 318.63 एमबीपीएस, 312.60 एमबीपीएस, 308.01एमबीपीएस तथा 306.22एमबीपीएस है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि जापान ने अपने तकनीकी नवाचार से ग्लोबल डिजिटल डिफरेंस को भी उजागर किया है। आज एआइ का दौर है, दुनिया में ज्यादातर कामकाज इंटरनेट, तकनीक से किए जा रहे हैं।आने वाले समय में इंटरनेट व तकनीक का उपयोग निश्चित ही और अधिक बढ़ेगा, ऐसे में जापान की इंटरनेट स्पीड से जापान के साथ ही साथ दुनिया के अन्य देशों को भी इसके लाभ मिल सकेंगे।

# अंतरिक्ष में खेती-किसानी और हिरण्यगर्भ



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

शुभांशु शुक्ला अपने साथ गाजर और मूंग की दाल का हलवा और आमरस ले गए थे। ये सब उनकी मां ने बनाए थे।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) के प्रवासी भारतीय शुभांशु शुक्ला ने भविष्य की सुरक्षित खेती-किसानी के लिए अंतरिक्ष में बीज बो दिए हैं। यह सुनने में आश्चर्य होता है कि अंतरिक्ष लोक में खेती? आखिर कैसे संभव है ? मनुष्य धरती का ऐसा प्राणी है, जिसकी विलक्षण बुद्धि नए-नए मौलिक प्रयोग करके धरती के लोगों का जीवन सरल व सुविधाजनक बनाने में लगी है। इसी क्रम में अब अंतरिक्ष में किया जा रहा खेती करने का प्रयोग है। परंतु ऋग्वेद के हिरण्यगर्भ सूक्त में हम देखते हैं कि अंतरिक्ष में जीव-जगत को पैदा करने वाले सभी सूक्ष्म जीवों के रूप में पूर्व से ही विचरण कर रहे हैं।

हमें ज्ञात है कि 11 जून 2025 को अपने तीन अन्य साथी यात्रियों के साथ षुभांशु ने एक्सिओम-4 अभियान के अंतर्गत अंतरिक्ष की उड़ान भरी थी। अब तक 633 यात्री अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने कदम रख चुके हैं। शुभांशु 634वें यात्री हैं। इस अभियान का लक्ष्य इस अंतरिक्ष ठिकाने पर विशेष खाद्य पदार्थ और उनके पोषण संबंधी 60 प्रयोग करना है। इनमें सात इसरो यानी भारतीय अनुसंधान संगठन के हैं। हम इन्हीं खाद्य बीजों की बात करेंगे।

शुभांशु शुक्ला अपने साथ गाजर और मूंग की दाल का हलवा और आमरस ले गए थे। ये सब उनकी मां ने बनाए थे। उन्होंने यह भोजन अपने साथियों को भी खिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभांशु से हुई अठारह मिनट की बातचीत में यह पूछा भी 'क्या अपने साथियों को भारतीय व्यंजन खिलाए ?' शुभांशु ने बताया, 'हम सभी ने इसे खाया और सभी को यह पसंद भी आया।' भला इन शाकाहारी व्यंजनों की दुनिया में तुलना कहां ?अंतरिक्ष स्टेशन प्रतिदिन पृथ्वी की 16 बार परिक्रमा करता है। यात्रियों को विभिन्न 16 सूर्योदय और 16 सूर्यस्त देखने का रोमांच और आनंद मिलता है। ऋग्वेद के एक मंत्र में कहा गया है, सूर्य अनेक हैं। सात दिशाएं हैं, उनमें नाना सूर्य हैं, सप्त दिशो नानासूर्याः सप्त होतार ऋत्विजः। (ऋग्वेदः9.114.3) । अथर्ववेद में सात विशाल सौर मंडल उल्लेखित हैं.., यस्मिन् सूर्या अर्पिताः सप्त साकम। (अथर्ववेदः 13.3.1)

मेथी और मूंग की दाल के बीज अंतरिक्ष में बोकर अंकुरित करने के प्रयोग का नेतृत्व धरती से दो कृषि विज्ञानी रविकुमार होसामणि और सुधीर सिद्धपुरेड्डी कर रहे हैं। एक्सिओम स्पेस अभियान की ओर से जारी एक बयान में कहा है कि यात्रियों के धरती पर लौटने के बाद बीजों को कई पीढ़ियों तक उगाया जाएगा। तंत्र और पोषण की क्रमिक विकास की संरचना होने वाले बदलावों को ज्ञात किया जा सके। शुभांशु एक अन्य प्रयोग के लिए सूक्ष्म शैवाल ले गए हैं, जिससे भोजन, प्राणवायु (ऑक्सीजन) और यहां तक की जैव ईंधन उत्पन्न करने की क्षमता को वैज्ञानिक ढंग से परखा जा सके।

अंतरिक्ष में आनुवंशिकी सूक्ष्मजीवी पारिस्थितिकी तंत्र और उनकी पोषण संरचना की जानकारी हमें अपने प्राचीन संस्कृत ग्रंथ श्रीमद्भागवत में भी मिलती है। कश्यप-दिति पुत्र हिरण्यकश्यप केवल बाहुबलि ही नहीं है, अपितु अपनी मेधा और अनुसंधानमयी साधना से उन्होंने चमत्कारिक वैज्ञानिक उपलब्धियां भी प्राप्त की हुई हैं। इस अनंत ब्रह्मांड में दृश्य एवं अदृश्यमान संपूर्ण पदार्थों के तत्व उपलब्ध हैं। सूर्य की किरणों में भी सभी पदार्थों को उत्सर्जित करने वाले तत्वों की उपस्थिति मानी जाती है। हिरण्यकश्यप वायुमंडल में विचरण कर रहे इन मूलभूत तत्वों पर नियंत्रण की वैज्ञानिक विधि में निपुण थे। श्रीमद्भागवत के स्कंध-1, अध्याय-4 में कहा है..,अकृश्टपच्या तस्यासीत सप्त द्वीपवतीमही।/ तथा कामुधाद्यौस्तु नानाश्चर्य पदं नभः।।

अब दुनिया के भौतिक विज्ञानी मानने लगे हैं कि अंतरिक्ष और अनंत ब्रह्मांड में विविध रूपों में जीव-जगत व वनस्पतियों का सृजन करने वाले बीजों के सूक्ष्म कण हमेशा विद्यमान रहते हैं। गन्ना (ईख) एक बार बोने के बाद कई साल तक फसल देता है। रूस के वैज्ञानिकों ने ऐसे संपुटिका (कैपस्यूल) बना लिए हैं, जिनमें बीजों के कई-कई मूल कण संयोजित रहते हैं।

हमारे ऋषियों ने ऋग्वेद के दसवें मंडल के 'हिरण्यगर्भ' सूक्त में सृजन के सूक्ष्म जीव को हजारों वर्ष पहले ज्ञात कर लिया था.., हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक असीत।/ स दाधार पृथिवीं धामुतेमां कस्मै देवाय हविशा विधेम।। अर्थात, इस सृष्टि के निर्माण से पहले इसके आदि स्रोत के रूप में हिरण्यगर्भ अत्यंत सूक्ष्म रूप में विद्यमान था। इसी सूक्ष्म से सृश्टि का विस्तार हुआ। इस विशाल सृष्टि के आधारभूत मूल में प्रकृति अत्यंत सूक्ष्म है, जिसे केवल अनुमान से ही जाना जा सकता है। हिरण्यगर्भ में हिरण्य स्वर्ण सी चमकने वाली ऊर्जा का प्रकाशपुंज है। 'गर्भ' से आशय कोख या अंडे से है। यही वह प्राकृतिक अवयव, अंग, बीज या उपकरण हैं, जिनसे संपूर्ण जीव-जगत पैदा होता है।

## सोशल फोरम

# आश्रम धर्म

हमारे शास्त्रों में निर्देश है कि हम आश्रम धर्म का पालन करें। प्रचलित अर्थ में जीवन को चार बराबर खंडों में बांटा गया है। जीवन के प्रथम खंड (25 वर्ष की उम्र तक) को ब्रह्मचर्य आश्रम में व्यतीत करने की बात कही गई है। द्वितीय खंड (26-50 वर्ष) गृहस्थ आश्रम का है। तृतीय खंड (51-75 वर्ष) वानप्रस्थ आश्रम में व्यतीत करना चाहिए और चतुर्थ खंड (76 से मृत्यु पर्यंत) संन्यास आश्रम में रहना चाहिए।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

वानप्रस्थ का सामान्य अर्थ है वन में निवास करते हुए जीवन बिताना। यह तभी तक संभव था जब वन बड़े भूभाग पर थे और जनसंख्या कम थी। बसोबास कम थे। अतः कहा गया कि कलियुग में केवल दो आश्रम होंगे। गृहस्थ और भिक्षुक (संन्यास)।

ब्रह्मचर्य आश्रम का लोप हो गया। शिक्षा-दीक्षा के लिए बच्चे वन नहीं, विद्यालय जाने लगे। ध्यान दें कि भीष्म ने अपने पोतों की शिक्षा के लिए घर की बगल में ही विद्यालय खुलवा दिया जहां द्रोणाचार्य प्रधान शिक्षक थे। इसी तरह वन का अर्थ बदल गया। नये दौर में वन का अर्थ मठ हो गया।

बसोबास ने ब्रह्मचर्याश्रम के लिए शिक्षण संस्थानों और वानप्रस्थ के लिए वनों को आत्मसात कर लिया, इंटरनलाइज कर लिया। वे विद्यालय और मठ में परिवर्तित हो गए।

जंगलों में भिक्षा कहां मिलती। गृही ही भिक्षा दे सकते हैं। अतः संन्यास आश्रम भी बसोबास से जुड़ गया।

भौतिक संरचना के बदलने से धर्म और आचरण का बदलना स्वाभाविक है। इनके असर स्पष्ट दिखते हैं। जब घर में रह कर शिक्षा स्कूल में मिले तो गृहस्थाश्रम का आकर्षण बढ़ना स्वाभाविक है। विद्याध्ययन में रुचि न हो तो गृहस्थाश्रम में प्रवेश पच्चीस वर्ष की उम्र के पहले भी होने लगा। दूसरी तरफ, जो वानप्रस्थ में मठ में रहते थे वे धार्मिक और सामाजिक कामों में भी भाग लेने लगे। संन्यास की उम्र आगे सरक गई। जिन्हें संन्यासी होना चाहिए था वे मठ में रहने लगे।

समय बदलता रहा। अब कुछ मठ वृद्धाश्रम में बदल रहे हैं। कुछ मेरे जैसे वृद्ध पेंशन या सरकारी भिक्षा पर जीने लगे हैं। जिन्होंने सरकारी नौकरी नहीं की उन्हें वृद्धावस्था वाली पेंशन मिलती है जिससे वे भिक्षुक जैसी जिंदगी जी ले सकते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# पूर्वाग्रह सत्य की खोज में बाधक है

एक मेरे मित्र हैं,संस्कृति के अध्ययन में लगे हैं,जब-कभी आते हैं,एक ही बात दोहराते हैं कि दुनियां की सारी भाषाएं भारत से निकली हैं,सारी सभ्यताएं भारत से गई हैं, समस्त ज्ञान-विज्ञान का जन्म भारत में ही हुआ था,पहला मनुष्य भारत में ही जनमा था,इत्यादि। इनकी बात सुन लेता हूं, उत्तर नहीं देता, क्योंकि वे धरती की महिमा को देखते हैं, पंथ को देखते हैं, मनुष्य को नहीं देख पाते। उनकी समझ में नहीं आता कि मनुष्य मनुष्य है और वह सभी देशों में समान है। मनुष्य की मूलप्रवृत्तियां सभी जगह वही हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दास युग किस देश के इतिहास में नहीं था? आदमी को गुलाम बना कर बेच दिया जाता था। क्या हम वे दिन भूल सकेंगे, जब इन्हीं अंग्रेजों ने हमको गुलाम बना कर हम अत्याचार किया था?

दूसरे लोग वे हैं, जो समझते हैं कि भारत के लोग अंधविश्वासी हैं,धर्म अफीम है,सामंतवाद का ही अवशेष चारों ओर है। ये मानते हैं कि भारत अज्ञान में डूबा रहा है। समस्त ज्ञान-विज्ञान यूरोप में या अन्य देशों मे ही पैदा हो सकता था, वहीं हुआ! समस्त मनीषा विदेशों में ही है।

भारत तो बस रूढिवाद का ही गढ़ रहा है। संक्षेप में उनके विचार से विदेशी पहले नंबर का मनुष्य है और भारतीय दूसरे नंबर का मनुष्य है। ये लोग नहीं समझ पाते कि जो भारतवंशी विदेशों में गए, उनको अवसर मिला तो उन्होंने अपनी प्रतिभा का चमत्कार दिखा दिया। ये लोग पहले वाले पंथ-आग्रह का उसी स्तर पर रहते हुए उत्तर देते रहते हैं। वैज्ञानिक नाम से उन लोगों ने एक नया पंथ बना लिया है। वे नहीं सोचेंगे कि रूस में क्रांति के समय कितने लोगों को मरवा दिया गया था? अमरीका में कितने रेड- इंडियन्स को मरवाया गया था? कितने देशों पर बम गिराये गये थे? आज भी यूक्रेन में नरमेध हो रहा है। ये सभ्य हैं ? इसका नाम आधुनिकता है?

तीसरे वे हैं, जो बिना अध्ययन के ही वेदों को, पुराणों को ,उपनिषदों को, गीता-भागवत को और अन्यान्य ग्रंथों को ब्राह्मणों की गप कह देते हैं। उनकी सनक है कि भारत में तो जातियुद्ध होते रहे हैं और वही होंगे। उनकी जातिचेतना इतनी बड़ी है कि मनुष्य उनको दिखता नहीं। इसे कहते हैं तिनका की ओट पहाड़। जातिचेतना से ग्रस्त मस्तिष्क अपनी स्वयं की अपरिमित शक्ति को नहीं देख पाता। बहस के सिवा उसके वश का कुछ नहीं है। उनकी समझ में क्यों नहीं आता कि नफरत से नफरत का इलाज नहीं हो सकता?माना कि ऊंच नीच नहीं होना चाहिए। क्यों? इसलिए कि सब मनुष्य हैं, लेकिन यदि मनुष्य और मनुष्यता का विचार ही नहीं रहा तो फिर यह सवाल ही असिद्ध हो जाता है। यह नहीं हो सकता कि एक जाति है, तो आदमी का दर्द, दर्द है और दूसरी जाति के आदमी का दर्द है तो वह दर्द नहीं, हंसी है ।

दास युग किस देश के इतिहास में नहीं था? आदमी को गुलाम बना कर बेच दिया जाता था। क्या हम वे दिन भूल सकेंगे, जब इन्हीं अंग्रेजों ने हमको गुलाम बना कर हम अत्याचार किया था? पश्चिम के देश अभी भी नस्लवाद की कैद से पूरी तरह आजाद नहीं हैं।

सभ्यता का विकास हुआ तो मनुष्य और मनुष्यता के विचार के आधार पर। जाति समस्या का समाधान भी मनुष्यता के विचार से ही होगा। वास्तव में पूर्वाग्रह सत्य की खोज में बाधक है और मनुष्य इन तीनों पूर्वाग्रहों के बाहर है। मनुष्य का पाठ पढ़ना पहली और बड़ी बात है।

पहले यह समझना कि मनुष्य मनुष्य है,न कम न अधिक, यहां का या वहां का,आज का या कल का। अंतर है, वह परिवेश का है ,जिसके कारण एक बाप के तीन बेटे अलग अलग आचरण व्यवहार और समझ के बन जाते हैं।

यहां ध्यान देने की बात है कि समस्त साहित्य, संस्कृति, समस्त ज्ञानविज्ञान, समस्त विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, सब के केन्द्र में मनुष्य है। धर्म मनुष्य के लिए है , मनुष्य के कल्याण के लिए है। देश मनुष्य के लिए है। भाषा और साहित्य मनुष्य के लिए है। राष्ट्र से मनुष्य नहीं है, मनुष्य से राष्ट्र है। अंततः राष्ट्रवाद के केन्द्र में मनुष्य है । समाजवाद के संबंध में भी यही बात कही जा सकती है । लेकिन हमने मनुष्य के परिवेश (जाति आदि) को ही अंतिम सत्य मान लिया। हमें मनुष्य के अध्ययन के लिए और गहरा और गहरा उतरना था, लेकिन हम देशी -विदेशी में उलझ गए ,जाति मजहब में उलझ गए।

किसी ने कहा मार्क्सवाद अन्तिम सत्य है। उसको उसने विज्ञान का नाम दे दिया। किसी ने धर्म और राष्ट्र को अंतिम सत्य मान लिया। उनमें सचमुच में जो सबसे बड़ा सत्य था, वह मनुष्य निकल कर बाहर चला गया और हम परिधियों को लेकर लड़ते रहे, इस लडाई का कहीं और कभी अंत नहीं हो सकता। चंडीदास ने कहा था कि मनुष्य की चर्चा तो सभी करते हैं किन्तु कितने हैं जो मनुष्य के सत्य-स्वरूप से परिचित हैं ? मनुष्य इस सृष्टि का प्राण है, जीवनधन है, मनुष्य को केवल ऊपर से या देह से ही देखने वाले भ्रम में ही पड़े हुए हैं क्योंकि वे उसके भीतरी स्वरूप से परिचित नहीं हैं। मनुष्य प्रेम-रस से ही गढ़ा हुआ है। प्रेम नहीं है तो वह सच्चा मनुष्य ही कहां है ।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# उद्यमियों ने उद्योगों की समस्याओं पर किया मंथन

## केजीसीसीआई ने किया कंसल्टेटिव मीटिंग का आयोजन, चैंबर के सभी पूर्व अध्यक्षों का किया गया स्वागत

- औद्योगिक आस्थानों में सड़कों व नालियों के निर्माण पर भी हुई चर्चा
- शासन के समक्ष रखी जाएंगी यह समस्याएं

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में बैठक के दौरान मंचासीन चैंबर के पूर्व अध्यक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुमायूं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केजीसीसीआई) की कंसल्टेटिव (विचार-विमर्श) मीटिंग में उद्योगों के सम्मुख आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन चेंबर के महासचिव नितिन अग्रवाल ने किया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने उद्योगों में हो रहे पावर कट, महुआखेड़ागंज के औद्योगिक आस्थानों में सड़कों एवं नालियों का निर्माण और स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था, पुराने उद्योगों को सीडा से नक्शे पास न होने के कारण अग्निशमन विभाग से एनओसी न मिलना, उत्तराखंड में मंडी टैक्स की अधिक दरें वसूले जाने के कारण हो रही परेशानी व उद्योगों के मंडी लाइसेंसों का नवीनीकरण न होना, औद्योगिक आस्थानों में पुराने भूखण्डों को फ्री-होल्ड किए जाने, प्लाईवुड उद्योगों को कृषि आधारित उद्योगों में वर्गीकृत किए जाने व जीएसटी के रिफंड समय से न मिल पाना आदि विषय उद्यमियों द्वारा रखे गए।

काशी विश्वनाथ स्टील्स प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक देवेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि कभी-कभी समस्या का स्पष्टीकरण न होने के कारण भी उसके समाधान में समय लग जाता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र ही नहीं अपितु राज्य के औद्योगिक विकास में केजीसीसीआई के पूर्व अध्यक्षों ने अहम भूमिका निभाई है।

पूर्व अध्यक्ष विकास जिंदल ने कहा कि चैंबर द्वारा उठाए गए बिन्दुओं पर शासन एवं विभागीय स्तरों से समाधान मिलता है, क्योंकि चैंबर द्वारा बड़े ही अच्छे तरीके से अपनी बात शासन के समक्ष रखी जाती है। पूर्व अध्यक्ष राजीव घई ने कहा कि सभी उद्यमियों को एक-दूसरे की समस्याओं को समझना चाहिए। अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि वे आज की बैठक में उद्यमियों द्वारा रखी गई समस्याओं को शासन के समक्ष रखेंगे तथा उनके निराकरण कराए जाने का पूरा प्रयास करेंगे। इससे पूर्व चैंबर के सभी सम्मानित पूर्व अध्यक्षों योगेश कुमार जिंदल, विजय कुमार जिदल, मदन मोहन जिंदल, विकास जिंदल, राजीव घई एवं विनीत कुमार संगल का बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक में विकास अग्रवाल, आलोक कुमार गोयल, राकेश कुमार अग्रवाल, विनीत कुमार रावल, संजीव जिंदल, राजीव जिंदल, अभिषेक अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अपूर्व जिंदल, अर्पण जिंदल, पुष्पेन्द्र मोहन सिंघल, राजीव कुमार गोयल, मुनीर अहमद, मो. नासिर अहमद, भूपेन्द्र सिंह, अर्पित सिंघल, अवनीश कुमार, तरुण बंसल, मुकेश रॉय गौड़, अमीर खुसरो, हेमंत भारद्वाज आदि मौजूद रहे।


जसपुर में सीएमएस डॉ. डीएम गहलोत से जानकारी लेते सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल। ● अमृत विचार

# गर्भवती महिलाओं की मदद को बनाएं एएनसी का व्हाट्सएप ग्रुप

- सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सीएमएस ने सीएमओ को अस्पताल की समस्याओं से रूबरू कराया।

सीएमओ डॉ.केके अग्रवाल रविवार को स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानने के लिए जसपुर के सीएचसी पहुंचे। उन्हें यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों, स्थाई रेडियोलॉजिस्ट, फार्मासिस्ट एवं स्टॉफ कर्मियों की कमी समेत आधुनिक स्वास्थ्य उपकरणों के न होने की समस्याओं से दोचार होना पड़ा।

इस दौरान सीएमओ ने मरीजों को मिलने वाली सुविधा, महिला एवं पुरुष वार्ड, स्वच्छता, कक्षों की जीर्णशीर्ण स्थिति समेत अस्पताल की बुनियादी जरूरतों के बारे में भी जानकारी ली। सीएमएस डॉ. डीएम गहलोत के बताने पर सीएमओ ने स्टाफ की कमी को जल्द पूरा किए जाने के लिए अस्पताल को उपजिला चिकित्सालय के रूप में उच्चीकरण कर 50 बेड का बनाए जाने की योजना को बताया।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं की मदद के लिए एएनसी का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाने, बंदरों की समस्या से निजात पाने के लिए वन विभाग को पत्र लिखने, लेबर रूम, छत, बाउंड्री वाल की मरम्मत कार्य में तेजी लाने के लिए सीएमओ को निर्देश दिए। इस दौरान डॉ.आशु सिंघल, डॉ.मेहताब जहां, डॉ.गुलनवाज, डॉ. नेहा चौहान आदि थे।

## 25 जुलाई से होगी क्रिकेट प्रतियोगिता

**जसपुरः** सीबीएसई नॉर्थ जोन प्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता में चार हजार छात्र अपनी प्रतिभाग दिखाएंगे। अव्वल छात्रों की चयनित एक टीम को नॉर्थ जोन की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा। ब्लॉक क्षेत्र में इस तरह की यह पहली प्रतियोगिता आयोजित होगी। ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी के चेयरमैन अमित कंबोज एवं एमडी सुमित कंबोज ने बताया कि उत्तर प्रदेश के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत समेत उत्तराखंड के देहरादून, हल्द्वानी आदि शहरों से सीबीएसई विद्यालयों के लगभग चार हजार छात्र सीबीएसई नॉर्थ जोन प्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभागी छात्रों की आयु गर्व 14, 17 एवं 19 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रप्रतियोगिता का आयोजन 25 से 28 जुलाई तक विद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा।

# भविष्य के प्रति सजग रहने की दी गई सलाह

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में एक्सपर्ट टाक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी, मुख्य अतिथि धर्मेंद्र चौधरी एवं डाक्टर धर्मेन्द्र चौबे ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य wअतिथि ब्राइट कोचिंग सेंटर सितारगंज के धर्मेंद्र चौधरी ने बच्चों को खेलों के क्षेत्र में विभिन्न विधाओं की जानकारी प्रदान की। साथ ही भविष्य के प्रति सजग रहने की भी सलाह दी । उन्होंने बच्चों से खेलों से संबंधित कई प्रश्न भी किए। राजकीय इंटर कॉलेज सितारगंज के प्रवक्ता डॉ. धर्मेंद्र नाथ चौबे ने ब्रह्मांड में उपस्थित पिंडों की जानकारी देने के साथ सूर्य को अर्घ्य देने का उद्देश्य के बारे में बताया। प्रधानाचार्य ने दोनों वक्ताओं को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। संचालन विनोद कुमार व नरेश चंद्र बिनवाल ने किया। इस मौके पर बाबू लाल पटेल, विनोद कुमार, शंकर सुबन, सतीश कुमार राणा, डॉ. राज कमल सिंह, प्रकाश आदि मौजूद थे।


राइंका शक्तिफार्म में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व प्रधानाचार्य।

## वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे राजीव

**काशीपुर :** एशियन चैंपियन राजीव चौधरी मिंटू का चयन थाईलैंड में 16 से 19 जुलाई तक होने वाली वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में हुआ है। उनके चयन पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बता दें कि राजीव चौधरी पहले भी देश का नाम विश्व में रोशन कर चुके हैं। उन्हें पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, नरेंद्र चंद सिंह, विजेंद्र चौधरी, योगेश जोशी, कश्मीर सिंह, हरीश त्रिपाठी, मदन ठाकुर, नागेंद्र शर्मा, विनीत सिंघल आदि ने शुभकामनाएं दी है।


राजीव चौधरी।

# राशन के लिए लगाने पड़ रहे चक्कर

- आंगनबाड़ी केंद्रों का मामला, देरी से पहुंच रहा राशन

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में आंगनबाड़ी केंद्र में केवाईसी कराने पहुंचे लाभार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी केंद्रों में राशन लेट पहुंच रहा है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। वहीं, साइट के नियमित नहीं चलने से केवाईसी भी नहीं हो पा रही है। केंद्रों में पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं की केवाईसी नहीं हो पाने के चलते उन्हें कई बार चक्कर लगाकर कर राशन मिल पा रहा है।

अमृत विचार की टीम ने बीते दिन आंगनबाड़ी केंद्रों की पड़ताल की। पड़ताल में नीझड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में व्यवस्थाएं ठीक मिली। केंद्र में साफ-सफाई तो मिली, लेकिन पंजीकरण के सापेक्ष बच्चों की संख्या कम पाई है। केंद्र में गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं और छह माह से तीन साल तक बच्चों को मिलने वाला राशन तो मिला, लेकिन उसकी गुणवत्ता ठीक नहीं पाई गई। टीम जसपुर खुर्द स्थित एक और आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंची, यहां महिलाएं अपना केवाईसी कराने पहुंची थी, लेकिन फेस स्कैन मिलान नहीं होने से प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। केंद्र प्रभारी ने बताया कि महिला के पहले दो बार केवाईसी हो चुकी है, लेकिन नियम के तहत हर माह फेस स्कैन मिलान की प्रक्रिया होनी है, नहीं तो राशन नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि केवाईसी के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उसके बाद टीम पशुपति विहार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंची, यहां महिलाएं अपनी केवाईसी करा रही थी। लेकिन साइट धीरे चलने की वजह से प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी। बताया गया कि साइट के नियमित नहीं चलने से गर्भवती और धात्री महिलाओं को नियमित राशन नहीं मिल रहा है। हालात यह है कि तीन माह जनवरी, फरवरी और मार्च का राशन आंगनबाड़ी केंद्रों को अब मिला है। वहीं केंद्र में आए अंडो के साइज भी छोटे देखने को मिले।

# प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने चित्र बनाकर दिखाई प्रतिभा

- कक्षा 3, 4 और 5 के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग
- लिटिल किंगडम स्कूल में आयोजित हुई ड्राइंग प्रतियोगिता

संवाददाता, रुद्रपुर


प्रतियोगिता के दौरान चित्र दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लिटिल किंगडम प्रिपेरेटरी स्कूल में भारत पेट्रोलियम की ओर से स्वच्छ भारत अभियान पर एक ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें कक्षा 3, 4 और 5 के छात्र-छात्राओं को अपनी रचनात्मकता दिखाने का मंच मिला। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न रंगीन और कल्पनाशील चित्रों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्कूल की वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को उनके असाधारण कौशल के लिए मान्यता दी गई। जिसमें प्रत्येक कक्षा के छात्रों को पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार मिला। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों की कलात्मक क्षमताओं का जश्न मनाया, बल्कि उपलब्धि और गर्व की भावना को भी बढ़ावा दिया। इस दौरान बच्चों को स्वच्छता प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। इस अवसर पर भारत पेट्रोलियम रुद्रपुर के बिक्री अधिकारी मनीषा खिचाड़, वरिष्ठ बेड़े कार्ड बिक्री अधिकारी रिजवान खान, सीआरई गोपाल सिंह, प्रधानाचार्य गायत्री खन्ना, उप-प्रधानाचार्य सिमरन पुरी, संचालक लक्ष्य शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# गुरु के बिना ज्ञान अर्जित करना असंभवः डॉ.रेनू

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सरस्वती देवी मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रुद्रपुर मार्ग स्थित कॉलोनी में समाजसेवी डॉ.इंदिरा राजेश की अध्यक्षता में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेनू शरण ने महिलाओं को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

महिलाओं ने संयुक्त रूप से गुरु महिमा का पाठ किया और कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। डॉ. रेनू शरण ने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान अर्जित नहीं किया जा सकता। हर मनुष्य को गुरु के सही ज्ञान का बोध ही उत्तम गुण की प्राप्ति है। गुरु का स्मरण सदैव मनुष्य को सशक्त, आत्मविश्वास, आत्म समर्पण, सम्मान बनाए रखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री शैली फुटेला, डॉ.कनक भनोत, डॉ. मेदिनी गुप्ता, सरिता रानी आदि मौजूद रहे।


किच्छा में महिलाओं को पौधा भेंट करतीं मुख्य अतिथि डॉ. रेनू शरण।

# हरेला पर्व पर छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर मोहा सभी का मन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** नगर के किशनपुर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं ने मंच पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।

कार्यक्रम में सेंट पीटर स्कूल के प्रधानाचार्य फादर एलेक्सांडर मोंटेरो ने स्कूली बच्चों को हरेला पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बच्चों को पर्यावरण की सुरक्षा करने व अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूली बच्चों को जोर देते हुए कहा कि इस वर्ष की भीषण गर्मी के दृष्टिगत सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी शुद्ध वातावरण में सांस ले सके। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेड़ों के कटान व पौधरोपण में कमी के चलते इसका विपरीत असर पर्यावरण पर पड़ रहा है। इस दौरान शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने विद्यालय परिसर में पीपल, जामुन, अमरुद, आम, शीशम व नीम सहित बागवानी की सुंदरता को बढ़ाने वाले पौधों का संयुक्त रूप से रोपण किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्या सिस्टर लूसिया, सिस्टर सिल्वी, सिस्टर बसंती, राज अरोरा, एलन बर्नार्ड, बीना बर्नार्ड आदि मौजूद रहे।


किच्छा में पौधरोपण करते विद्यार्थी व शिक्षक। ● अमृत विचार

# परिवार नियोजन के बारे में दी महत्वपूर्ण जानकारी


किच्छा में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े में मौजूद स्वास्थ्य कर्मी।

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का आयोजन किया गया।

आशा वर्करों सहित कई चिकित्सकों ने कार्यक्रम में शिरकत कर परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया। पखवाड़े का शुभारंभ स्वास्थ्य केंद्र की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.कनक एवं डॉ. राहुल गौर ने संयुक्त रूप से करते हुए जनसंख्या स्थिरीकरण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला चिकित्सक डॉ.कनक ने महिलाओं को परिवार नियोजन के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर बीपीएम रुद्र प्रताप सिंह, रेनू बाला, तृप्ति बोरा आदि मौजूद रहे।

# पूर्ण मनायोग से गतिविधियों में प्रतिभाग करें कैडेट्स: विवेक

- वन यू एयर एनसीसी पंतनगर का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू
- 20 अक्टूबर तक आयोजित होगा प्रशिक्षण शिविर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** वन यू एयर एनसीसी पंतनगर का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय में प्रारंभ हो गया है। 20 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में एयर विंग कैडेट एरोमॉडलिंग, माइक्रोलाइट फ्लाइंग, टेंट पिचिंग, फायरिंग, ड्रोन फ्लाइंग सहित अन्य विभिन्न सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण लेंगे।

रविवार को शिविर की ओपनिंग सेरेमनी में कैडेट्स को संबोधित करते हुए कैंप कमांडेंट ग्रुप कैप्टेन विवेक रावत ने कैडेट्स से शिविर के दौरान मनोयोग से सभी गतिविधियों में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिविर में कैडेट कई गतिविधियों से परिचित होंगे, जोकि उन्हें अनुशासित बनाने और व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। शिविर में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के 461 कैडेट्स शामिल रहे। इसमें 186 गर्ल्स कैडेट्स भी प्रतिभाग कर रही हैं। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के सहयोगी एनसीसी अधिकारी, ट्रैनिंग स्टाफ समेत कई लोग उपस्थित रहे।


शिविर में मौजूद अधिकारी व कैडेट्स। ● अमृत विचार

## सट्टे की खाईबाड़ी में एक गिरफ्तार

**किच्छा :** पुलिस ने खुलेआम सट्टे की खाईबाड़ी करते एक आरोपी को हजारों की नगदी एवं सट्टा पर्ची सहित दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मी बृजमोहन सिंह, देवराज सिंह एवं महिला पुलिसकर्मी रेखा आर्य की टीम ने एक व्यक्ति को खुलेआम सट्टे की खाईबाड़ी करते पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पता वार्ड नंबर 5, बंडिया, कोतवाली किच्छा निवासी रामचंद्र पुत्र कन्हई लाल बताया। टीम ने आरोपी के कब्जे से 20 हजार एक सौ रुपए की नगदी के अलावा सट्टा पर्ची, एक नोटबुक एवं एक पैन आदि सामान बरामद कर कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।



जवान मुकेश पाल का स्वागत करते जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष व अन्य।

## रजक पदक जीतकर लौटे मुकेश, हुआ स्वागत

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** सीआईडी शाखा में तैनात उत्तराखंड पुलिस के जवान मुकेश पाल ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। अमेरिका से रजत पदक जीतकर लौटने के बाद रुद्रपुर में खेल प्रेमियों ने जवान का गर्मजोशी के साथ स्वागत भी किया। बताते चलें कि अमेरिका में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 को आयोजन हुआ था। जिसमें देशभर के पुलिस जवानों ने भी प्रतिभाग किया था। इसमें सीआईडी शाखा में तैनात उत्तराखंड पुलिस के जवान मुकेश पाल ने भी प्रतिभाग किया और कड़ी टक्कर के बीच रजत पदक जीत लिया। मुकेश पाल इससे पहले भी कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बन चुके हैं। स्वदेश लौटने पर रविवार को डीडी चौक पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नागेंद्र शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कोहली, भाजपा नेता उत्तम दत्ता की मौजूदगी में खिलाड़ी को बुके देकर स्वागत किया और ढोल नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर रश्मि रस्तोगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, पार्षद रवि पाल, रमेश पाल, मक्खन पाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### आज से दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे मंत्री गणेश जोशी

**देहरादून :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी जनपद ऊधम सिंह नगर में आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी बैठक करेंगे। इसके अतिरिक्त आगामी 19 जुलाई को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के जनपद ऊधम सिंह नगर के प्रस्तावित दौरे को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे।

### 100 लीटर कच्ची शराब बरामद, लाहन नष्ट किया

**बाजपुर :** प्रभारी निरीक्षक केलाखेड़ा की अगुवाई में पुलिस ने ग्राम सरकड़ी के अंतर्गत बोर नदी किनारे छापेमारी कर शराब व उपकरण बरमद किए हैं, जबकि तीन शराब तस्कर ग्राम सरकड़ी निवासी राज सिंह पुत्र प्यारा सिंह, कुलदीप सिंह पुत्र हीरा सिंह व राजू सिंह पुत्र प्रीतम सिंह मौके से फरार हो गए। पुलिस ने करीब 100 लीटर कच्ची शराब बरामद की है और 15 हजार लीटर लहन नष्ट कर शराब बनाने के उपकरण कब्जे में ले लिए। इस मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस टीम में निरीक्षक अशोक कुमार, उपनिरीक्षक मोहित कुमार व पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### 14 वर्षीय किशोर लापता गुमशुदगी दर्ज

**बाजपुर :** बिना बताए 14 वर्षीय नाबालिग घर से लापता हो गया। काफी तलाशने के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है। पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बेटे को तलाशने में मदद की गुहार लगाई है। वार्ड-13 राजीवनगर निवासी अरविंद यादव पुत्र हरी सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि 12 जुलाई को दोपहर बाद करीब तीन बजे उनका 14 वर्षीय पुत्र देवांश यादव घर से बाजपुर बाजार आया था, जोकि अभी तक घर वापस नहीं पहुंचा है। पुत्र की काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। जिसके चलते परिजन बेटे को लेकर काफी परेशान हो रहे हैं। वहीं, पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**काशीपुर :** ग्राम टांडा बादली स्वार रामपुर निवासी 22 वर्षीय विशाल अपने मामा के घर टांडा उज्जैन में रहता है। रविवार को दोपहर में वह बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। इस दौरान अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

### दो लोगों को सांप ने डसा, रेफर

**काशीपुर :** संजय कॉलोनी निवासी जयपाल सिंह और जुड़का नंबर दो निवासी अभिषेक को खेत में काम करते समय अचानक सांप ने डस लिया। परिजनों ने दोनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### लायंस क्लब सेवार्थ ने किया पौधरोपण

**काशीपुर :** लायंस क्लब सेवार्थ ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। रविवार को क्लब अध्यक्ष हरि प्रकाश शर्मा के जसपुर खुर्द स्थित आवास शिलांचल में पौधरोपण किया गया। क्लब सदस्यों ने फलदार पौधे रोपे। इस मौके पर विधु शेखर शर्मा, संजीव कुमार शर्मा, मनीष अग्रवाल, अमित रस्तोगी, कपिल शर्मा, मधुर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आईआईएम काशीपुर में प्रबंधन के गुर सीखेंगे महाविद्यालयों के प्राचार्य

## पहले बैच के अंतर्गत 40 प्राचार्य लेंगे हिस्सा, 21 से 25 जुलाई तक होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

मुख्य संवाददाता, देहरादून





**अमृत विचार:** सूबे के राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में प्रबंधन व नेतृत्व के गुर सिखाए जाएंगे। आईआईएम काशीपुर व उच्च शिक्षा विभाग के बीच पूर्व में हुए एमओयू के तहत प्रदेशभर के प्रचार्यों को बैचवार प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस श्रृंखला के तहत आगामी 21 से 25 जुलाई तक आयोजित होने वाले नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप कार्यक्रम में प्रदेशभर के 40 प्राचार्य प्रतिभाग करेंगे।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मालवीय मिशन शिक्षक कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्राचार्यों को नेतृत्व क्षमता, रणनीतिक सोच, प्रभावी निर्णय क्षमता, कुशल प्रबंधन, अंतर-कार्यात्मक समन्वय एवं शैक्षणिक अंतदृष्टि जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। कहा कि इस पहल का उद्देश्य राजकीय महाविद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ करना है। प्रशिक्षण उपरांत प्राचार्य अपने-अपने महाविद्यालयों के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास में नई ऊर्जा और दिशा प्रदान कर सकेंगे। डॉ. रावत ने प्रतिभागी प्राचार्यों को आईआईएम काशीपुर में आयोजित नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप कार्यक्रम (एनएलएफपी) में प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### लीडरशिप प्रोग्राम में शामिल होंगे इन महाविद्यालयों के प्राचार्य

आईआईएम काशीपुर में होने वाले लीडरशिप प्रोग्राम में प्रदेशभर के 40 महाविद्यालयों के प्राचार्य प्रतिभाग करेंगे। जिसमें राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग, मालधनचौड़, हल्द्वानी शहर, कॉडा, चौखुटिया, भिकियासैंण, लमगड़ा, बलुवाकोट, देवीधुरा, बनबसा, पाटी, सितारगंज, किच्छा, जयहरीखाल, बिथ्याणी, नारायणबगड़, जखोली, गुप्तकाशी, ब्रह्मखाल, अगरोड़ा, नैनबाग, कमांद, चुड़ियाला, भूपतवाला के प्राचार्य शामिल हैं। इसके अलावा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़, स्याल्दे, मानिला, बेरीनाग, लोहाघाट, कोटद्वार, थलीसैण, जोशीमठ, गैरसैण, अगस्त्यमुनि, नईटिहरी, डाकपत्थर, डोईवाला के साथ ही राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी, जसपुर व राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय पैठाणी के प्राचार्य भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

## आंदोलन की रणनीति बनाने में जुटे चीनी मिल कर्मचारी

**जसपुर:** उत्तराखंड राज्य की चीनी मिलों के कर्मचारियों को पिछले पांच माह से वेतन नहीं मिला है। इससे उनमें अब सरकार के रवैये को लेकर आक्रोश है। वेतन पाने के लिए कर्मचारी आंदोलन की रणनीति बनाने में जुटे हैं। हालांकि कर्मचारियों ने कई बार मिल के गेट पर विरोध प्रदर्शन कर सरकार को वेतन के लिए चेताया।

प्रदेश के नादेही, बाजपुर, किच्छा एवं डोईवाला में चीनी मिलें संचालित हैं। इन मिलों में स्थाई एवं सीजनल के लगभग पंद्रह सौ कर्मचारी कार्यरत हैं। श्रमिक नेता राजेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष-2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत की सरकार ने राज्य की चीनी मिलों के कर्मचारियों का वेतनमान पुनरीक्षित किया था। जिसे वर्ष-2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया था। इसके विरोध में कर्मचारियों ने हाईकोर्ट दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट से उन्हें वर्ष-2018 में ही पुनरीक्षित वेतन दिए जाने के आदेश दिए गए थे, लेकिन राज्य सरकार ने पुनरीक्षित वेतन को बंद कर दिया। स्थाई एवं सीजनल के लगभग पंद्रह सौ कर्मचारी मिलों में कार्य करते हैं। इन सभी को पिछले पांच माह से अपने ही का इंतजार है। यदि जल्द ही वेतन न मिला तो वह बड़े आंदोलन के लिए रणनीति बनाने को बाध्य होंगे।

# दस हजार परिवारों को मिला योजना का लाभ

मुख्य संवाददाता, देहरादून



> ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त रोजगार के अवसर उपलब्ध हो, इसके लिए ग्रामोत्थान परियोजना संचालित की जा रही है। इसका लक्ष्य सीमित आय वाले परिवारों को उनके कौशल और आसपास मौजूद संसाधनों से जोड़ते हुए आजीविका के अवसर प्रदान करना है। योजना निर्धनतम परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। **-पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड**

**अमृत विचार:** ग्रामोत्थान परियोजना (ग्रामीण उद्यम वेगवृद्धि परियोजना) प्रदेश के 10 हजार निर्धनतम परिवारों की आजीविका को सहारा देने में कारगर साबित हुई है। परियोजना के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत कुल 5.60 लाख जरूरतमंद परिवारों की आजीविका में वृद्धि करने का लक्ष्य रखा गया है।

ग्राम्य विकास विभाग, अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास निधि की वित्तीय सहायता से इस परियोजना का संचालन कर रहा है। वर्ष 2023 से लागू यह योजना अब प्रदेश के सभी 13 जनपदों के 95 विकासखंड में लागू की जा चुकी है। परियोजना का लक्ष्य कृषि आधारित गतिविधियों में सक्रिय किसानों, उत्पादक समूहों, आजीविका संघों को बैंकों के माध्यम से वित्तीय सहयोग प्रदान करते हुए ग्रामीण उद्यमशीलता को बढ़ावा देते हुए, जरूरतमंद परिवारों की आय को दोगुना करना है। इस परियोजना की कुल लागत 2789.27 करोड़ है। जिसमें अल्पआय वाले, 5.60 लाख परिवारों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें से अब तक 3.24 लाख से अधिक परिवारों को योजना से जोड़ दिया गया है। परियोजना के तहत अति गरीब 10 हजार परिवारों को विशेष पैकेज के जरिए आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अच्छी बात यह है कि शुरुआती दो साल में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक 10732 परिवारों को इसका लाभ मिल चुका है। परियोजना के तहत दुग्ध उत्पदान, बकरी पालन, मुर्गीपालन, रिटेल रिपेयर शॉप आदि गतिविधियों के जरिए, कुल 7341 परिवारों की वार्षिक आय, में डेढ़ लाख रुपए से अधिक तक की वृद्धि हुई है। साथ ही इस परियोजना की विभिन्न गतिविधियों में शामिल 3751 महिलाओं की सालाना आय एक लाख से अधिक पहुंच गई है।

# विंबलडन जूनियर चैंपियनशिप में रोनित ने किया नाम रोशन

संवाददाता, दिनेशपुर



टेनिस खिलाड़ी रोनित कार्की अपने माता-पिता व बहन के साथ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लंदन में टेनिस का सबसे लोकप्रिय टूर्नामेंट विंबलडन 2025 का आयोजन चल रहा है। भारतीय मूल के 17 वर्षीय खिलाड़ी रोनित कार्की ने अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी को हराकर जूनियर चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाकर धूम मचा दी। रोनित कार्की ने सेमी फाइनल में बुलागारिया के अलेक्जेंडर वासिलेव को हराया। रोनित कार्की ने देश व उत्तराखंड का नाम रोशन किया है।

रविवार को पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की निवासी खटोला ने बताया कि उनके बड़े भाई स्व. राम सिंह कार्की के पोते रोनित कार्की पुत्र त्रिलोक सिंह कार्की मूल रूप से जनपद पिथौरागढ़ के तहसील डीडीहाट, गांव पाखू के रहने वाले हैं। कई वर्ष पूर्व रोनित कार्की के दादा स्व.राम सिंह कार्की (बड़े भाई) मुंबई में बस गए थे। उनके दो पुत्र में बड़ा पुत्र अमेरिका में इंजीनियर है। दूसरा छोटा बेटा मुंबई में इंजीनियर त्रिलोक सिंह कार्की के पुत्र रोनित कार्की सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उनकी एक बहन है। वह टेनिस की खिलाड़ी है। आज विश्व पटेल पर अपना नाम रोशन कर रहे रोनित कार्की के परिवार व भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। दिनेशपुर के खटोला व पैतृक गांव पाखू में जश्न का माहौल है। मुंबई व मूल गांववासी परिवार के सदस्य टीवी के पास बैठे कर फाइनल मैच का आनंद ले रहे हैं। इधर खटोला (दिनेशपुर) निवासी पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की को शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा है।

## मारपीट में सात के खिलाफ मुकदमा

**खटीमा:** पुलिस ने दो दिन पूर्व रास्ते में रोककर दो भाइयों के साथ मारपीट करने के मामले में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 13 पुरानी तहसील रोड निवासी कामरान खान ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि 11 जुलाई की देर शाम वह अपने भाई कैफ के साथ प्रेम टॉकीज वाली रोड से मेन रोड पर आ रहा था। उसी दौरान पड़ोसी नूर सिद्धीकी, अलतमस सिद्धीकी, समीर सिद्धीकी, दानिश सिद्धीकी, जीशान सिद्धीकी, तरुण बोरा और अरमान कसगर ने आते ही हमला कर उसे और भाई कैफ के साथ मारपीट की। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कारवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



सावन माह की सालाना लंगर सेवा के लिए सेवादारों के जत्थे को रवाना करते मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह।

# लंगर सेवा के लिए जत्था रवाना

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** रविवार को गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला से सावन माह की सालाना लंगर सेवा के लिए सेवादारों का जत्था सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के लिए रवाना हो गया।

मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने बताया कि हर वर्ष सावन माह की लंगर सेवा गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला के सहयोग से सचखंड श्री हजूर साहिब के गेट नंबर 3 के सामने चलती है। उन्होंने बताया कि संत बाबा सुखदेव सिंह भुच्चों वालों द्वारा चलाई गई परंपरा के अनुसार सावन माह की लंगर सेवा बाजपुर की संगत करती है। लंगर की सारी रसद सामग्री व सेवादारों का जत्था प्रत्येक वर्ष जाता है।

रविवार को भी तीन ट्रकों में लंगर के लिए रसद सामग्री व बड़ी संख्या में सेवादारों का जत्था रवाना हो गया है, जोकि एक माह तक लंगर सेवा करेगा। इस मौके पर मंगा सिंह, रविंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, मनजीत सिंह बिट्टा, हरपाल सिंह, कृपाल सिंह, जगतार सिंह बाजवा, राज किशोर सिंह, कश्मीर सिंह, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# दाह ढाकी में बाघ की दहशत बरकरार

- वन विभाग की टीम को मिले बाघ के पग चिन्ह
- ग्रामीणों से सतर्क रहने की वन विभाग ने की अपील

संवाददाता, खटीमा



**अमृत विचार:** सीमावर्ती गांव दाह ढाकी में बाघ दिखाई देने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आबादी क्षेत्र में बाघ दिखाई देने की सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची टीम को मौके पर बाघ के पग चिन्ह मिले।

शनिवार की देर शाम ग्राम दाह ढाकी में बाघ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में सतर्कता पूर्वक निरीक्षण एवं गश्त की। निरीक्षण के दौरान उत्तर प्रदेश सीमा से लगभग 500 मीटर पहले एक खेत में बाघ के ताजे पग चिन्ह पाए गए, लेकिन बाघ की प्रत्यक्ष गतिविधि क्षेत्र में नहीं देखी गई है। वन विभाग की टीम निरंतर गश्त और निगरानी में जुटी हुई है। वन विभाग टीम ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सचेत एवं सतर्क रहें। यदि किसी भी प्रकार का वन्यजीव दिखाई दे, तो तुरंत वन विभाग अधिकारियों को सूचना दे। रेंजर जीवन चंद्र उप्रेती ने बताया कि वन विभाग टीम क्षेत्र में निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए क्षेत्र में तैनात है। ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की जानकारी या घटना होने पर तत्काल विभाग को सूचित करें। बता दें कि दो दिन पूर्व ही बाघ दो छुट्टा बछड़ों को लौकी के झाम में खींचकर ले गया और उन्हें अपना शिकार बनाया था। इधर पिछले करीब एक माह से क्षेत्र में बाघ की दहशत बनी हुई है। टीम में वन दरोगा धन सिंह अधिकारी, विनोद करियाल, अनुज मिश्रा और हिमांशु पंत आदि मौजूद थे।

## वर्ग पहेली-31

**बाएं से दाएं**

3. 1. दुबकाना, छिपाना, ढांकना, ओट में करना, आड़ में करना, लुकाना 2. दबाना, डराना 3. डांटना, डपटना।

5. बातचीत का आनंद, वाग्विलास, बतरसियापन।


8. तिरस्कार पूर्वक बातें करना, झिड़कना, डपटना, डांटना।

9. 1. चुप, शांत रहना, खामोश; न बोलना 2. (मुनियों का) एक प्रकार का व्रत या चर्या। (मु.)-स्वीकृति : वह सम्मति जो किसी विषय के संबंध में चुप रहने की मानी जाती है।

10. 1. वह ग्रंथनुमा फ़ाइल जिसमें छायाचित्र (फ़ोटोग्राफ़) संगृहीत किए जाते हैं 2. किसी एक कलाकार या किसी विशेष विषय या शैली के गीतों का रिकॉर्ड

11. पुलिस की बड़ी चौकी जो कोतवाली से छोटी होती है, (पुलिस-स्टेशन)।

**ऊपर से नीचे**



1. 1. ज़िंदा, प्राणयुक्त 2. जिसमें श्वांस हो 3. जीवनयुक्त, जीवंत 4. जिसमें क्रियात्मक शक्ति हो, (एलाइव) 5. जिसे फिर से जीवन मिला हो।

2. 1. अकुशल, अयोग्य 2. नासमझ, नादान, अबोध 3. कमअक्ल, मंदबुद्धि 4. नौसिखिया।

4. बिखरना, चारों ओर फैलना, छितरना।

5. एक प्रत्यय जो शब्दों के आरंभ में जुड़कर 'बड़ा' अर्थ देता है

6. 1. समीपता, नज़दीकी, पास आने का भाव 2. कोई मांगलिक अवसर या विवाह आदि का जलसा, उत्सव।

7. खनखन करने वाली चीज़।

### वर्ग पहेली -30 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 यु | गा | नु | 2 कू | ल |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ट | ■ |
| 3 सिं | ■ | 4 छु | ■ | ■ | क | ■ |
| 5 चि | ट | न | वी | 6 स | ■ | 7 खुं |
| त | ■ | मु | ■ | 8 चा | फं | द |
| ■ | 9 पि | न | पि | न | ■ | का |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | र |

## सुडोकू -38

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 3 | | | 8 | | 7 | 9 |
| | 9 | | 6 | | | 3 | | |
| 2 | | | 9 | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 5 | | 1 | |
| 9 | | 4 | | 7 | | | 3 | 2 |
| 1 | | | 3 | | | 7 | | |
| | 5 | | | 8 | | | 6 | |
| 7 | | | 1 | | | 4 | | 3 |
| | | 1 | | | 4 | | 2 | |

### सुडोकू - 37 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 5 | 6 | 8 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 8 | 1 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 5 | 7 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 9 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी-11.59 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग



**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-धनिष्ठा 06.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष:** आज आपको कुछ समय अकेले रहते हुए आत्ममंथन करना चाहिए। मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में ताजगी आयेगी। सरकारी कार्यों में आपको सफलता देर से मिलेगी।

**वृष:** आज राजनीति और न्यायिक सेवा से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी। कठिन परिस्थितियों का आसानी से सामना करेंगे। छोटी-मोटी यात्राओं का योग बनेगा। अपने परिवार को पर्याप्त समय देंगे। अच्छे कामों को रोकना आपके लिए उचित नहीं है।

**मिथुन:** आज आप आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इन्श्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी।

**कर्क:** आज कार्य के प्रति तल्लीनता आपको विरोधियों से काफी दूर ला खड़ा करेगी। उद्योग जगत के लोगों के कारोबार में आंशिक वृद्धि के योग हैं। जीवनस्तर को बढ़ाने के लिए महंगी वस्तुओं को खरीद सकते हैं। छोटी-छोटी गलतियों को नजरअंदाज न करें।

**सिंह:** आज जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। मौसम की प्रतिकूलता का असर आपके स्वास्थ्य के ऊपर पड़ सकता है।

**कन्या:** आज आप अपने पार्टनर को भरपूर समय देंगे। चाहे वह व्यापारिक संबंध हो या जीवनसाथी अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आपकी बौद्धिक क्षमता का भी उत्तम विकास होगा। अनैतिक विचारों का प्रभाव आपके ऊपर पड़ सकता है।

**तुला:** आज आप तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। घर में कोई मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। काम के प्रति अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रेम संबंधों को विवाह में बदल सकते हैं। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है।

**वृश्चिक:** आज आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। रोजगार में आशातीत लाभ प्राप्त होगा। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।

**धनु:** आज आप लोगों के विश्वस्त व्यक्ति के रूप में रहेंगे। कारोबार में नए अनुभव मिलेंगे। जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आ सकते हैं। रिश्तों को आनन्ददायी बनाने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लायेंगे। भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर सकते हैं।

**मकर:** आज शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नजदीकी लोग शत्रुओं जैसा व्यवहार करेंगे। यदि विवाह करना चाह रहे हैं तो परिवार को विश्वास में अवश्य लें।

**कुंभ:** आज उच्चाधिकारी का सहयोग आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा। धार्मिक कार्यों में भाग लेंगे। आपको उच्च राजनीतिक पद मिल सकता है। सहकर्मियों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। रोमान्टिक जीवन को समय देना पड़ेगा।

**मीन:** आज अपनी छुपी हुई ऊर्जा को पहचानेंगे। धैर्य से काम लेना आपके लिए हितकर होगा। आपका मन शांत रहेगा। वरिष्ठ लोग आपके कार्य से प्रसन्न होंगे। आपके तर्कों से लोग संतुष्ट रहेंगे। अपनी समस्याओं का वास्तविक हल ढूंढ लेंगे।

# गोल्डन कार्ड की कीमतों में बढ़ोत्तरी पर जताई नाराजगी

## पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में सदस्यों ने पेंशनर्स को आठवें वेतन आयोग में सम्मिलित न करने पर नाराजगी जताई। कहा कि पेंशनर्स का डीए समाप्त करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने राशिकरण वसूली कम करने, 65-70-75 साल के अंतराल में पेशन में वृद्धि, जीवन प्रमाण पत्र में फेस व आंख से सत्यापन की सुविधा नगर निगम सुविधा केंद्र में भी उपलब्ध कराने आदि की मांग की। बैठक में हेम चंद्र जोशी, चंद्रमणी भट्ट, आनंद सिंह बगडवाल, पीएस सत्याल, पीएस बोरा, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, डॉ. जेसी दुर्गापाल, सुनयना मेहरा, गजेंद्र सिंह नेगी, एमसी कांडपाल, गिरीश जोशी, किशोर जोशी, आशा कर्नाटक, डॉ. गोकुल सिंह रावत, ललित मोहन पंत, मदन सिंह मेर, राजेंद्र सिंह बिष्ट, विपिन जोशी, नरेंद्र नेगी, भगीरथ पांडे, चंद्रशेखर सिंह बनकोटी आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के सदस्य।

### पर्यावरण मित्रों की हड़ताल शुरू

**बनबसा, अमृत विचार :** नगर पंचायत बनबसा में कार्यरत पर्यावरण मित्रों द्वारा अपनी सात सूत्रीय लंबित मांगों के निराकरण न होने के चलते नगर पंचायत प्रांगण में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। 11 जुलाई को देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ द्वारा ईओ को सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था। शाखा के अध्यक्ष प्रमोद रत्नाकर ने कहा कि मांगे पूरी होने तक पर्यावरण मित्र हड़ताल पर रहेंगे। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष प्रमोद रत्नाकर, महामंत्री अमन कुमार, प्रचार मंत्री राजाराम, संगठन मंत्री ओमपाल वाल्मीकि, महेंद्र पाल, नन्हेंलाल, विजयपाल, राजपाल, सुनील सोनी, सोनू, लक्ष्मी, अर्जुन, निखिल, अमरपाल, राजन, नीरज, मिथिलेश, नीलम, रजनी, कमलेश, सानू आदि पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

# जंगली मशरूम खाने से सास की मौत, बहू गंभीर

संवाददाता, बागेश्वर

- **बागेश्वर का मामला, मेडिकल मदद में भूस्खलन बना अवरोध**

**अमृत विचारः** कपकोट के दूरस्थ व भूस्खलन प्रभावित गांव कुंवारी में जंगली मशरूम खाने से सास की मौत हो गई जबकि बहू की हालत गंभीर है। उस तक मेडिकल मदद पहुंचने में प्रकृति अवरोध बनी है।

जानकारी के अनुसार, कपकोट के कुंवारी गांव में रविवार दोपहर 65 वर्षीय धनुली देवी व 27 वर्षीय बहू कविता खेत में काम कर रहे थे। दिन में भूख लगने पर उन्होंने खाना बनाने के लिए पास में उगे जंगली मशरूम तोड़कर उसकी सब्जी बनाकर खाई, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई व धनुली देवी ने वहीं पर दम तोड़ दिया जबकि कविता को उल्टियां होने लगी। ग्रामीणों ने कविता की प्राकृतिक चिकित्सा प्रारंभ कर दी। इस बीच निवर्तमान ग्राम प्रधान धर्मा देवी ने इसकी सूचना प्रशासन को दी तथा स्पष्ट किया कि कुंवारी गांव भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र है तथा यहां से खाईबगड़ तक पहुंचने के लिए मोटर मार्ग बंद है। प्रशासन के निर्देश पर चिकित्सा टीम गांव को रवाना हुई परंतु रास्ते में पत्थर गिरने व मोटरमार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण टीम वहां नहीं पहुंच पाई है।

चिकित्साधिकारी डा. बृजेश घटियाल ने बताया कि टीम को एंबुलेस व आवश्यक दवाइयों के साथ रवाना किया गया है परंतु टीम वहां नहीं पहुंच पाई है। रविवार देर रात तक टीम वहां पहुंचने का प्रयास करेगी। बताया कि उन्होंने कविता के पति खिलाफ राम से महिला को सड़क तक लाने के लिए कहा परंतु उन्होंने मार्ग सही न होने व पत्थर गिरने की बात कह कर असमर्थता व्यक्त की है। इधर, थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को वहां भेजा है जो कि देर रात तक पहुंचेगी। टीम के साथ पीएमजीएसवाई के कर्मचारी भी गए हैं। ग्राम प्रधान का आरोप है कि आए दिन मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है परंतु संबंधित विभाग इसे खोलने में नाकाम साबित हो रहा है। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि सरकार व प्रशासन द्वारा बेहतर आपदा प्रबंधन की बात की जा रही है लेकिन हालात यह हैं।

# उर्स ए रजवी में डीजे संग जुलूस लाने पर रोक

**बरेली, अमृत विचार :** 107वें उर्स ए रजवी में गैर शरअई चीजों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चादर या फूलों के जुलूस के दौरान डीजे लेकर आने वालों को दरगाह की गली में भी नहीं घुसने दिया जाएगा। उर्स ए रजवी की तारीखों का एलान हो गया है। 18,19 और 20 अगस्त को उर्स ए रजवी मनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

उर्स को लेकर रविवार को शैक्षिक संस्था जामिया आला हजरत में बैठक की गई। इसमें उर्स की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक की सरपरस्ती तौसीफ मियां और अध्यक्षता फैज मियां ने की। फैज मियां ने कहा कि आला हजरत का उर्स पूरी दुनिया में अपनी मिसाल पेश करता है। यह उर्स पूरी तरह से शरीयत के दायरे में मनाया जाता है, इसलिए इस साल के 107 वें उर्स ए रजवी के लिए सभी रजाकार अभी से तैयारियों में जुट जाएं। तौसीफ मियां ने एक अहम पैगाम जारी करते हुए कहा कि आला हजरत का यह उर्स कोई आम उर्स नहीं है बल्कि यह एक ऐसे मुजद्दिद का उर्स है कि जिन्होंने गैर शरअई चीजों को कभी भी बर्दाश्त नहीं किया।

# जल भराव के बाद टूटी नींद, चलाया अभियान



टनकपुर में सफाई अभियान में जुटे पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचारः** गत दिनों मूसलधार वर्षा के बाद टनकपुर नगर में हुए जल भराव को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। डीएम मनीष कुमार के निर्देश पर नगर पालिका ने व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाते हुए नालियों में किए गए अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया है।

रविवार को उपजिलाधिकारी आकाश जोशी और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी के नेतृत्व में पालिका कर्मियों ने रोडवेज बस स्टेशन रोड, टैक्सी स्टैंड, आरएफसी रोड और पीलीभीत चुंगी क्षेत्र की नालियों को खोदकर उन्हें गहरा और चौड़ा किया। पालिका ने नगर क्षेत्र की प्रमुख सड़कों और नालियों के आसपास फैले अतिक्रमणों को चिन्हित कर उन्हें हटाने का काम भी शुरू कर दिया है। पालिका के ईओ जोशी ने बताया कि सफाई अभियान नगर के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जाएगा। जहां-जहां सफाई कार्य में अतिक्रमण बाधा बन रहे हैं, उन्हें आपदा अधिनियम 2005 के तहत हटाने की सख्त कार्यवाही की जा रही है।

# कैलाश यात्रा के तीसरे दल का स्वागत

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार :** कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीसरे दल का पिथौरागढ़ केएमवीएन में भव्य स्वागत किया गया। 46 श्रद्धालुओं का दल टनकपुर से रवाना होकर पिथौरागढ़ के कुमाऊं मंडल विकास निगम पहुंचा। भोलेबाबा के दर्शन को श्रद्धालुओं में असीम उत्साह दिखा।

शिवम पोरवाल इस दल के सबसे छोटे सदस्य हैं। उनकी उम्र महज 19 साल है और वह दिल्ली के रहने वाले हैं। इस दल के लाइजनिंग ऑफिसर अरुणव लारूविया, हरीश भाई मगनलाल हैं। यात्रियों के तीसरा दल में 34 पुरुष और 12 महिला श्रद्धालु शामिल हैं। इस दल में सबसे ज्यादा यात्री उत्तर प्रदेश से 11 और गुजरात से सात हैं। अल्प विश्राम के बाद श्रद्धालुओं का जत्था भोले बाबा के जयकारों के साथ धारचूला के लिए रवाना हो गया।



जिला प्रशासन और केएमवीएन अधिकारियों को स्मृति चिह्न भेंट करते कैलाश यात्रा के सदस्य। ● अमृत विचार

इस दौरान यात्रियों ने प्रशासन और केएमवीएन की व्यवस्थाओं से खुश होकर जिला प्रशासन और केएमवीएन को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दल में उत्तराखंड, गुजरात, कर्नाटक, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, चण्डीगढ़, पंजाब, झारखंड , केरल, मध्य प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु राज्यों के श्रद्धालु शामिल हैं। अब कैलाश मानसरोवर यात्रियों का चौथा दल 5 अगस्त को पिथौरागढ़ पहुंचेगा। नाभीढांग में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के दूसरे दल का मेडिकल चेक अप किया गया। इस दौरान हाउस ऑफ हिमालयाज आउटलेट में यात्रियों ने उत्पादों की जानकारी लेने के साथ ही विभिन्न उत्पादों की भी खरीदारी की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी सदर मनजीत सिंह, तहसीलदार विजय गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# जागेश्वर के दंडेश्वर के पास शव मिलने से मचा हड़कंप

**अल्मोड़ा, अमृत विचारः** जागेश्वर में दंडेश्वर के पास झाड़ियों के बीच शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं, प्रथम दृष्टयता हत्या की आशंका जताई जा रही है।

रविवार सुबह घास काटने जंगल गई एक महिला को झाड़ियों के बीच एक व्यक्ति पड़ा हुआ दिखाई दिया। महिला के शोर मचाने के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। वहीं, पुलिस मामले को हत्या या हादसे के एंगल से जोड़कर जांच में जुट गई है। चौकी प्रभारी भगवान गिरी गोस्वामी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है।

# आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण



टनकपुर में आपदा प्रबंधन जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास टनकपुर में आपदा प्रबंधन जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को आग, भूकंप एवं करंट जैसी आपदाओं से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया।

विशेषज्ञों ने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय शांत रहें, नाक व मुंह को गीले कपड़े से ढकें, नीचे झुककर सुरक्षित स्थान की ओर बढ़ें तथा संभव हो तो आग बुझाने वाले प्राथमिक उपकरणों का प्रयोग करें। प्रशिक्षण में भूकंप आने की स्थिति में बचाव के लिए 'ड्रॉप-कवर-होल्ड' की तकनीक का अभ्यास कराया गया। बताया कि भूकंप आने पर फर्श पर झुकें, सिर और गर्दन को किसी मजबूत फर्नीचर के नीचे सुरक्षित करें, खिड़कियों और बिजली के उपकरणों से दूर रहें तथा झटका समाप्त होने तक वहीं स्थिर बने रहें। बिजली का करंट लगने की स्थिति में करंट प्रभावित व्यक्ति को लकड़ी, प्लास्टिक या अन्य गैर-चालक वस्तु की सहायता से बिजली स्रोत से अलग करने की विधि समझाई गई। साथ ही प्राथमिक चिकित्सा की आवश्यकता और आपातकालीन नंबरों की जानकारी भी दी गई।

वार्डन प्रेमा ठाकुर ने बताया कि स्कूल में पिछले माह एसडीआरएफ व फायर ब्रिगेड द्वारा भूकंप व आग की घटनाओं से बचाव के तरीकों का भी प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि आवासीय विद्यालय में जिले के दुर्गम क्षेत्रों से लगभग 150 छात्राएं अध्ययनरत है।

# सेब की बेहतर पैकेजिंग को कार्टन वितरण शुरू

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तरकाशी एवं देहरादून के सेब उत्पादक किसानों को उत्तराखंड के सेब की विशिष्ट पहचान दिलाने व सेब की बेहतर पैकेजिंग के लिए कार्टन का वितरण शुरू कर दिया गया है।

कृषकों के सेब उत्पाद को उत्तराखंड ब्राण्ड के यूनिवर्सल कार्टन/कोरोगेटेड फाइबर बोर्ड बॉक्स (सीएफबी) मय एप्पल ट्रे में विक्रय करते हुए उत्तराखंड में उत्पादित सेब को विशिष्ट पहचान दिलाने तथा कृषकों को उनके उत्पाद का अधिक मूल्य प्रदान कराने के उद्देश्य से जनपद उत्तरकाशी के कृषकों की 3.85 लाख यूनिवर्सल कार्टन की मांग तथा जनपद देहरादून के कृषकों की 0.75 लाख यूनिवर्सल कार्टन की मांग सूचीबद्ध फर्मों/कंपनियों को उपलब्ध कराते हुए उद्यान सचल दल केंद्रों के माध्यम से कृषकों में वितरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। प्रदेश के कृषकों/सेब उत्पादक अब उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित राज्य सैक्टर की उत्तर फसल प्रबंधन योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत राजसहायता पर यूनिवर्सल कार्टन प्राप्त कर अपने उत्पाद का अधिक मूल्य प्राप्त करेंगे। उत्तराखण्ड के सेब उत्पाद को विशिष्ट पहचान दिलाने में अपना अहम सहयोग प्रदान कर सकेंगे। प्रदेश में जैविक कृषि तथा बागवानी की अपार संभावनाएं हैं।

# एसटीएफ ने बिहार का मोस्ट वांटेड दबोचा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- **3.70 करोड़ की लूट और एलजेपी नेता की हत्या का है आरोपी**
- **तनिष्क शोरूम में की थी लूट, फर्जी नाम से दुबका था कलियर में**

**अमृत विचार :** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के हाथ एक और बड़ी सफलता लगी है। बिहार के कुख्यात सुबोध गैंग से जुड़ा मोस्ट वांटेड मोहम्मद राहुल उर्फ शाकिब को हरिद्वार के कलियर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उस पर बिहार के पूर्णिया जिले में स्थित तनिष्क शोरूम से हथियारों के बल पर 3.70 करोड़ की ज्वैलरी लूटने का आरोप है। यही नहीं, वह वर्ष 2021 में लोक जनशक्ति पार्टी के एक नेता की हत्या में भी शामिल होना बताया गया है।

एसएसपी, एसटीएफ नवनीत सिंह ने रविवार को बताया कि बिहार एसटीएफ से इनपुट मिला था कि तनिष्क शोरूम में हुई लूट में वांछित मो. राहुल उर्फ शाकिब हरिद्वार के कलियर क्षेत्र में छिपा है। इस सूचना पर तेजी से हरकत में आई उत्तराखंड एसटीएफ की टीम ने फर्जी नाम से रह रहे आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से मौलवीबाड़ी अंडाचौक, थाना मधुबनी, जिला पूर्णिया (बिहार) का रहने वाला है। वह वर्ष 2024 में लूटकांड के बाद से फरार चल रहा था। इस कांड में शामिल 6 में से एक आरोपी चुनमुन झा एनकाउंटर में मारा गया, 4 अन्य जेल में हैं और राहुल अब गिरफ्त में है। गिरफ्तार आरोपी ने वर्ष 2021 में लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) नेता की हत्या में भी भागीदारी निभाई थी। इसके लिए वह दो साल की जेल काट चुका है। यह अभियोग थाना खजांची हाट, पूर्णिया में दर्ज है। एसटीएफ की टीम में निरीक्षक अबुल कलाम, एसआई विद्यादत्त जोशी, मुख्य आरक्षी संजय कुमार, महेन्द्र नेगी, बृजेन्द्र चौहान, देवेन्द्र ममगाईं, अर्जुन नेगी, मोहन असवाल, गोविन्द बल्लभ और बिहार एसटीएफ के अधिकारी शामिल रहे।




एसटीएफ की गिरफ्त में बिहार के सुबोध गैंग का शातिर लुटेरा। ● अमृत विचार



मूसलाधार बारिश से सड़कों में बहता पानी। ● अमृत विचार

### अचानक मूसलाधार बारिश से फसलों को नुकसान

**रानीखेत, अमृत विचार :** मौसम विभाग की चेतावनी के तहत रविवार दोपहर के समय अचानक मौसम ने करवट बदलते हुए विकराल रूप धारण कर लिया। आकाश में घने काले बादल छा गए। और आकाशीय बिजली गिरने के साथ ही मूसलाधार बारिश ने पूरे क्षेत्र को अपने आगोश में ले लिया। लगभग 20 मिनट की बारिश से क्षेत्र की सड़कों में बरसाती पानी नहरों की तरह बहने लगा। बारिश के साथ ओले भी गिरे। जिससे तापमान में गिरावट आ गई। मूसलाधार बारिश से अधिकांश मकानों के अंदर पानी आ गया। क्षेत्रवासी अचानक हुई मूसलाधार वर्षा से आशंकित हो उठे। अचानक इतनी तेज बारिश के कारण फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों के कई खेत इसकी चपेट में आ गए। कई कच्चे मार्ग भी बारिश के कारण बह गए। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई है।

# 1281 बूथों को रिजर्व समेत 1516 मतदान पार्टियां तैयार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ के चयन के लिए रैंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न हुई। 1281 बूथों के लिए रिजर्व समेत 1516 मतदान पार्टियां तैयार की गई।

डीएम आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेषीकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से कार्मिकों का रैंडमाइजेशन किया गया। प्रक्रिया में जिले के सभी 11 ब्लॉकों से प्राप्त कार्मिकों का चयन कर पोलिंग पार्टियों तैयार की गईं। इस रेंडमाइजेशन में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ की ड्यूटी निर्धारित की गई। इस आधार पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम और तैनाती की रूपरेखा तैयार होगी। इसमें रिजर्व समेत कुल 9146 कार्मिकों का डेटा शामिल हुआ। निर्वाचन कार्य में प्रत्येक नियुक्त कार्मिक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने चयनित अधिकारियों को समयबद्ध सूचना देने, शत-प्रतिशत प्रशिक्षण उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यहां सीडीओ रामजीशरण शर्मा, एडीएम सीएस मर्तोलिया, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिवा पांडेय आदि रहे।



रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान मौजूद डीएम व अधिकारी। ● अमृत विचार

# पति पर नशे में मारपीट करने का लगाया आरोप

- **दुगालखोला निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर**
- **शराब के नशे में पति ने पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** पति पर निर्वस्त्र कर वीडियो बनाने और मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित पत्नी ने पुलिस को पति के खिलाफ तहरीर सौंपी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि यहां नगर के दुगालखोला निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि बीते शुक्रवार रात उसका पति शराब के नशे में घर पहुंचा। पति ने गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। हाथ तोड़कर लात घूंसे से उसकी पिटाई की। बार-बार दहेज नहीं देने की बात कहते हुए धमकाया। जबकि उसे निर्वस्त्र कर वीडियो बनाया और शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। महिला ने पति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि दुगालखोला निवासी महिला के तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# छह लाख की चरस के साथ दो धरे

- **कांवड़ यात्रा के दौरान चरस सप्लाई करने पहुंचे थे पौड़ी**

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में प्रचलित कांवड़ यात्रा के दौरान नशीला पदार्थ (चरस) सप्लाई करने आए दो सप्लायरों को पौड़ी पुलिस ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) लोकेश्वर सिंह ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव और कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत, अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। परिणामतः जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में संदिग्ध अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में, प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार रमेश तनवार व प्रभारी सीआईयू के नेतृत्व में संयुक्त चेकिंग के दौरान, मोटर साइकिल सवार दो युवकों हरीश निवासी नजीबाबाद, बिजनौर (यूपी) तथा संजीव कुमार छेत्री उर्फ छोटू, निवासी नजीबाबाद रोड़, कोटद्वार को रोका गया। जांच पड़ताल में उक्त दोनों आरोपियों के पास से क्रमशः 530 ग्राम व 2.550 किलोग्राम चरस बरामद की गई। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर बताया कि वे इस चरस को हरिद्वार व ऋषिकेश क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान सप्लाई करने के लिए ले जा रहे थे। उक्त दोनों अभियुक्तों को मौके पर गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कोतवाली कोटद्वार में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### कच्ची शराब बरामद, आरोपी फरार

**बनबसा :** आबकारी विभाग ने 10 लीटर कच्ची शराब पकड़ी। जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र लाल शाह ने बताया कि रविवार को बनबसा के ग्राम सभा चंदनी के हुडडी नदी के पास के जंगल में छापामारी कर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आरोपी विभाग की टीम को देखकर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# वैश्विक मान्यता ज्ञान अपनाने को करेगी प्रेरित

## केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने 'लिविंग रूट ब्रिज' के लिए यूनेस्को की मान्यता के प्रयासों का किया समर्थन

शिलांग, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले के 'लिविंग रूट ब्रिज' को यूनेस्को विश्व धरोहर का दर्जा दिलाने के प्रयासों के प्रति पुरजोर समर्थन व्यक्त किया है। सीतारमण ने मान्यता के लिए नामांकन को बहाल करने और सामुदायिक सहभागिता एवं अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से प्रस्ताव को मजबूत करने के लिए हाल में जमीनी स्तर पर हुई प्रगति की सराहना की। 'लिविंग रूट ब्रिज' ऐसा पुल होता है, जो पेड़ों की जड़ों से तैयार किया गया जाता है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक मान्यता न केवल पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करेगी, बल्कि दूसरों को स्थानीय ज्ञान पर आधारित स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए भी प्रेरित करेगी। शनिवार को सीज गांव में लिविंग रूट ब्रिज की यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि मान्यता दिखावे के लिए नहीं, बल्कि दुनिया को यह दिखाने के लिए है कि आपने यह काम पहले किया था। आपके तरीके न केवल प्रभावी हैं, बल्कि उन्हें दोहराया भी जा सकता है।


मेघालय के सीज गांव में जीवित जड़ों से बने पुल का दौरा करतीं निर्मला सीतारमण।

खासी और जयंतिया समुदायों द्वारा पीढ़ियों से हस्तनिर्मित ये प्राकृतिक, जैव-इंजीनियरिंग संरचनाएं प्रकृति और मानवीय नवाचार के बीच एक दुर्लभ सामंजस्य का प्रतिनिधित्व करती हैं। ये पुल ज्यादातर मेघालय के दक्षिणी ढलानों पर बांग्लादेश सीमा की ओर पाए जाते हैं। मेघालय ने पहली बार 2018 में यूनेस्को को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें 'लिविंग रूट ब्रिज' को सांस्कृतिक परिदृश्य की श्रेणी के तहत विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के लिए नामांकित किया गया था। राज्य सरकार और संरक्षण विशेषज्ञों द्वारा समर्थित इस प्रस्ताव में इन जीवंत संरचनाओं के पारिस्थितिक, सांस्कृतिक और स्थापत्य संबंधी महत्व पर प्रकाश डाला गया। हालांकि, प्रक्रियागत आवश्यकताओं, व्यापक दस्तावेज़ीकरण के अभाव और विरासत मानचित्रण प्रक्रिया में समुदाय-नेतृत्व वाली अधिक भागीदारी की आवश्यकता के कारण नामांकन में देरी हुई।

### केंद्रीय वित्तमंत्री ने ईस्ट खासी हिल्स जिले के गांव सोहबर का भी किया दौरा

केंद्रीय वित्त मंत्री ने गांव के बुजुर्गों, स्थानीय नेताओं और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के लिए भुगतान (पीईएस) कार्यक्रम के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। पीईएस कार्यक्रम विश्व बैंक, केएफडब्ल्यू और एडीबी द्वारा समर्थित एक पहल है, जिसका उद्देश्य यह समझना है कि किस प्रकार मूल समुदायों द्वारा पारंपरिक पारिस्थितिक ज्ञान को संरक्षित और नवप्रवर्तन किया जा रहा है। उन्होंने ईस्ट खासी हिल्स ज़िले के सीमावर्ती गांव सोहबर का भी दौरा किया। वित्त मंत्री ने कहा, "सोहबर जैसे सीमावर्ती गांव भारत का अंत नहीं, बल्कि शुरुआत हैं।" सोहबर मेघालय के उन 92 गांवों में से एक है जिन्हें 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' के दूसरे चरण के तहत चुना गया है। वित्त मंत्री रविवार को सोहरा स्थित रामकृष्ण मिशन आश्रम स्कूल के दौरे के बाद मेघालय की अपनी चार दिवसीय यात्रा का समापन करेंगी।

# निर्वाचन आयोग हमेशा मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है : कपिल



- बिहार में मतदाता विशेष पुनरीक्षण को लेकर साधा निशाना

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग हमेशा से मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक असंवैधानिक कदम है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बहुसंख्यकवादी सरकारें सत्ता में बनी रहें।

पूर्व कानून मंत्री ने आरोप लगाया कि प्रत्येक निर्वाचन आयुक्त इस सरकार के साथ मिलीभगत करने में एक-दूसरे से आगे रहता है। बिहार में मतदाता सूची के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) के पास नागरिकता के मुद्दों पर फैसला करने का अधिकार नहीं है।

निर्वाचन आयोग का कहना है कि 22 वर्षों के बाद हो रहे इस पुनरीक्षण से मतदाता सूची से अपात्र लोगों, डुप्लिकेट प्रविष्टियों को हटाया जाएगा तथा कानून के अनुसार मतदान के पात्र लोगों को इसमें शामिल किया जाएगा। एसआईआर को लेकर निर्वाचन आयोग पर विपक्ष के हमले के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा, जब से यह सरकार सत्ता में आई है, तब से यह (निर्वाचन आयोग) लंबे समय से सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है।

### मानसून सत्र में कांग्रेस की रणनीति को अंतिम रूप देने को सोनिया गांधी ने बुलाई 15 जुलाई को बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप देने के वास्ते मंगलवार को अहम बैठक की अध्यक्षता करेंगी। संसद के मॉनसून सत्र के हंगामेदार रहने की उम्मीद है क्योंकि कांग्रेस सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की योजना बहा रही है। विपक्षी दल बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी निर्वाचन आयोग के कदम पर कड़ी आपत्ति जता सकते हैं। वहीं, कांग्रेस पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद की कूटनीतिक गतिविधियों पर चर्चा की मांग भी करती रही है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता पतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

## एक नजर

### ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के पिपरा इलाके में 50 वर्षीय ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। घटना शनिवार रात शेखपुरा गांव में तब हुई जब कुमार खेत में काम कर रहे थे। मसौढ़ी के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ-2) कन्हैया सिंह ने बताया कि ग्रामीणों ने खेत से गोलियों की आवाज सुनी और जब वे वहां गए तो अधिकारी अचेत हालत में मिले।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने अनंतनाग जिले में कथित तौर पर मादक पदार्थ तस्करी गिरोह चलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी श्रीनगर जोन ने पूर्व आतंकवादी सहित दो प्रमुख आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ दक्षिण कश्मीर में चल रहे मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

### नशीले पदार्थ के साथ इन्फ्लुएंसर गिरफ्तार

**जालोर।** इंस्टाग्राम की इन्फ्लुएंसर को नशीले पदार्थ के साथ राजस्थान में जालोर के चितलवाना इलाके में रविवार को गिरफ्तार किया गया। भवरी उर्फ भाविका को नशीला पदार्थ लेकर बाडमेर से गुजरात जाते समय पकड़ा गया था। उसके पास से 150 ग्राम से अधिक 'एमडी' (मेफेड्रोन) बरामद हुआ।

# दिल्ली में कांवड़ मार्ग पर कांच के टुकड़े मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज

- सीसीटीवी फुटेज की जांच कर पता लगाने की हो रही कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने शाहदरा के गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) और झिलमिल कॉलोनी इलाकों में सड़कों पर टूटे हुए कांच के टुकड़े बिखरे पाए जाने के बाद मामला दर्ज किया है। ये दोनों इलाके कांवड़ यात्रा मार्ग पर हैं।

अधिकारियों के मुताबिक रविवार को सीसीटीवी फुटेज की जांच हो रही है ताकि पता लग सके कांच किसी क्षतिग्रस्त वाहन का था या बदमाशों ने फेंका था। सीमापुरी पुलिस थाने में मामला दर्ज हुआ है। यह घटना तब प्रकाश में आई, जब दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर यह मामला उठाया। उन्होंने तीर्थयात्रियों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त की और आश्वासन दिया कि कार्रवाई होगी। इसके बाद क्षेत्र में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया और उन्होंने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फ्लाईओवर के पास तथा आसपास के कांवड़ शिविरों में गश्त की।

# जांच को नौ सदस्यीय एसआईटी गठित

## आईआईएम-कलकत्ता में दुष्कर्म का मामला

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय प्रबंध संस्थान-कलकत्ता में एक विद्यार्थी के महिला से दुष्कर्म करने के मामले की जांच को पुलिस ने नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। अधिकारियों ने बताया कि इस दल का नेतृत्व दक्षिण-पश्चिमी प्रभाग के एक सहायक आयुक्त कर रहे हैं। घटना शुक्रवार को आईआईएम-कलकत्ता के छात्रावास की है। आरोपी विद्यार्थी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। यहां की एक अदालत ने विद्यार्थी को 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### महिला के पिता का दावा ऐसी कोई घटना नहीं हुई

पीड़ित महिला के पिता ने कहा कि वहां ऐसी कोई घटना नहीं हुई। इस दावे के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। महिला के पिता ने कहा कि उनकी बेटी को एक दुर्घटना में यह सब चोटें आई हैं। मुझे शुक्रवार को रात 9.40 बजे बेटी का फोन आया। उसने बताया कि वह गाड़ी से गिर गई और बेहोश हो गई, साथ ही उसे चोट भी लगी है। बाद में मुझे पता चला कि वह एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती है। मेरी बेटी द्वारा मुझे बताए गए विवरण के अनुसार, पुलिस जो दावा कर रही है वैसा कुछ भी नहीं हुआ है।

### छात्रों की चिंताओं को दूर करने को उठा रहे कदम

भारतीय प्रबंधन संस्थान-कलकत्ता ने रविवार को कहा कि वह अपने परिसर में महिला के यौन उत्पीड़न के मद्देनजर छात्रों के साथ बातचीत कर रहा है और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए कदम उठा रहा है। आईआईएम-कलकत्ता ने कानूनी कार्यवाही का हवाला देकर विवरण साझा करने से इनकार कर दिया है।

## भारत का नियाग्रा


मानसून के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित चित्रकोट जलप्रपात अपनी पूर्ण भव्यता में नजर आया। इसे भारत का नियाग्रा भी कहा जाता है, यह इन दिनों पर्यटन का केंद्र बना हुआ है। एजेंसी

# खुद को आग लगाने वाली छात्रा की हालत गंभीर

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के बालासोर स्थित कॉलेज परिसर में कथित यौन उत्पीड़न के बाद खुद को आग लगाने वाली 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की हालत बेहद गंभीर है और वह 95% तक झुलस गई है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि छात्रा को शनिवार को एम्स में भर्ती कराया गया था और 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पीड़िता की हालत में सुधार नहीं है। भुवनेश्वर स्थित एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने कहा, पीड़िता के शरीर का 95% हिस्सा झुलस गया है। उसके गुर्दे और फेफड़े भी प्रभावित हैं। वह वर्तमान में आईसीयू में है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि सरकार छात्रा के लिए बेहतर इलाज सुनिश्चित कर रही है। अस्पताल प्रशासन ने उसकी हालत को बेहद गंभीर बताया है।

### एनसीडब्ल्यू ने डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

यौन उत्पीड़न की घटना के बाद कॉलेज की छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की घटना पर स्वत: संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने रविवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा। बालासोर में कॉलेज की छात्रा द्वारा आत्मदाह को बेहद परेशान करने वाली घटना बताते हुए, आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने ओडिशा के डीजीपी से निष्पक्ष और समयबद्ध'' तरीके से जांच सुनिश्चित करने को कहा है।

### राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग

ओडिशा विस में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने बालासोर कॉलेज में छात्रा द्वारा आत्मदाह के प्रयास को बेहद दुखद बताया और रविवार को राज्यपाल से हस्तक्षेप कर पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग की। पटनायक ने एक्स पर कहा, ओडिशा में छात्रा द्वारा आत्मदाह करने की कोशिश दुखद है। प्राचार्य को लिखे पत्र में छात्रा ने कहा था कि उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था, उसे बचा लिया गया था।

# नई विशेष पीएमएलए अदालतें मुकदमों में तेजी लाएंगी : ईडी

- तेलंगाना में 16 और राजस्थान में पांच विशेष अदालतें अधिसूचित

**नई दिल्ली।** ईडी ने रविवार को कहा कि विभिन्न राज्यों में विशेष पीएमएलए अदालतों की हालिया अधिसूचना से धनशोधन के मामलों की सुनवाई में काफी तेजी आएगी। संघीय एजेंसी ने कहा, तेलंगाना में अब कुल 16 विशेष अदालतें अधिसूचित की गई हैं, जिनमें विशाखापत्तनम के लिए दो अदालतें हैं।

राजस्थान में ऐसी अदालतों की संख्या एक (पहले केवल जयपुर में थी) से बढ़ाकर पांच कर दी गई है, जिसमें जोधपुर के लिए एक अदालत भी शामिल है। ईडी के अनुसार, उन राज्यों में अदालतों को अधिसूचित किया गया है, जहां ऐसे न्यायिक मंचों की संख्या अपर्याप्त थी, जिसके कारण मुकदमे की कार्यवाही में विलंब हो रहा था। बयान में कहा गया है, इन विशेष अदालतों के जुड़ने से प्रवर्तन निदेशालय पीएमएलए मामलों में कार्यवाही में उल्लेखनीय तेजी ला सकेगा।

# मराठी विरोधी टिप्पणी पर शिवसेना (उबाठा) ने की ऑटो चालक से मारपीट, वीडियो वायरल

- पुलिस ने कहा- अब तक शिकायत नहीं मिली, इसलिए मामला दर्ज नहीं हूआ है

पालघर, एजेंसी

महाराष्ट्र के पालघर जिले में ऑटो चालक से शिवसेना (उबाठा) कार्यकर्ताओं द्वारा मराठी विरोधी टिप्पणी के लिए मारपीट करने का वीडियो सामने आया है, जिससे राज्य में भाषा के मुद्दे पर विवाद और बढ़ गया है।

पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने वीडियो देखा है, लेकिन इस मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है, इसलिए कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। शिवसेना (उबाठा) के स्थानीय पदाधिकारी ने दावा किया कि ऑटो चालक को सबक सिखाया गया है और कहा कि मराठी भाषा और राज्य का अपमान करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पालघर के विरार इलाके में रहने वाले प्रवासी ऑटो चालक ने मराठी भाषा, महाराष्ट्र और मराठी प्रतीकों के खिलाफ टिप्पणी की थी, जिसका वीडियो भी पहले वायरल हुआ था, जिस पर सोशल मीडिया और स्थानीय राजनीतिक समूहों ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी थीं। शनिवार को सामने आए नए वीडियो में देखा गया कि शिवसेना (उबाठा) का समूह, जिसमें महिलाएं भी थीं, व्यस्त सड़क पर चालक को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहा है, बाद में उसे उस व्यक्ति और उसकी बहन से माफी मांगने को कहा गया। घटनास्थल पर मौजूद शिवसेना (उबाठा) की विरार शहर इकाई के प्रमुख उदय जाधव ने बाद में इस कार्रवाई को उचित ठहराया।

## कारोबार/कृषि


# तिमाही नतीजे बाजार पर डालेंगे प्रभाव

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी होगी निवेशकों की नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

घटनाक्रमों से भरे आगामी सप्ताह में कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम और मुद्रास्फीति के आंकड़े स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। वहीं, वैश्विक बाजार का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से भी बाजार को दिशा मिलेगी।

वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी अलमंड्ज ग्लोबल के वरिष्ठ इक्विटी शोध विश्लेषक सिमरनजीत सिंह भाटिया ने कहा, वैश्विक संकेतक घरेलू शेयर बाजार का रुख तय करते रहेंगे, लेकिन निवेशकों की निगाह भारत-अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के संभावित नतीजों पर रहेगी। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है, ऐसे में कुल मिलाकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। इस अनिश्चित माहौल में कारोबारी कोई बड़ा सकारात्मक दांव लगाने को लेकर आश्वस्त नहीं हैं।



- वैश्विक बाजार का रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां करेंगी प्रभावित

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अगले कुछ सप्ताह के दौरान निवेशकों की निगाह कंपनियों के पहली तिमाही की नतीजों पर रहेगी। एक विश्लेषक ने कहा कि पिछले सप्ताह बाजार में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, जिसकी मुख्य वजह वैश्विक स्तर पर शुल्क को लेकर बनी अनिश्चितता और तिमाही नतीजों के सीजन की निराशाजनक शुरुआत थी। बीते सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11% नीचे आया। वहीं एनएसई का निफ्टी 311.15 अंक या 1.22% टूट गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, आगे देखें तो कंपनियों का तिमाही नतीजों का सत्र महत्वपूर्ण रहेगा। इस सप्ताह एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील जैसी कंपनियों के तिमाही के नतीजे आने हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर, बाजार भागीदारों की निगाह 14 जुलाई को आने वाले थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआइ) मुद्रास्फीति और खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर रहेगी। साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

### शीर्ष 8 कंपनियों की पूंजी 2.07 लाख करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2.07 लाख करोड़ रुपये (2,07,501.58 करोड़ रुपये) की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारती एयरटेल रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 932.42 अंक या 1.11 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शीर्ष 10 में से केवल बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

### आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474% बढ़ा

**नई दिल्ली।** आयकर रिफंड पिछले 11 वर्षों में 474% बढ़कर 2024-25 में 4.77 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो सकल कर संग्रह में 274% से अधिक की वृद्धि है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। साथ ही, आयकर रिफंड जारी करने में लगने वाले दिनों की संख्या में भी 81% की कमी आई है। यह 2013 में 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गई है। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के अंतिम वर्ष 2013-14 तक, आयकर विभाग द्वारा जारी रिफंड 83,008 करोड़ था। जबकि, वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन के 11वें वर्ष 2024-25 के अंत तक, आयकर रिफंड 4.77 लाख करोड़ हो गया, जो इस अवधि के दौरान 474% की वृद्धि दर्शाता है। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 2013-14 के 7.22 लाख करोड़ रुपये से 274% बढ़कर 2024-25 तक 27.03 लाख करोड़ रुपये हो गया।

## व्यापक आर्थिक भागीदारी: व्यापार का नया युग

बात काम की

व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) बहुपक्षीय व्यापार समझौता है, जिसे 15 एशिया-प्रशांत देशों ने 2020 में हस्ताक्षरित किया। इसका उद्देश्य व्यापार, निवेश, सेवा, बौद्धिक संपदा और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। इसमें आसियान देशों के साथ चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। भारत शुरू में वार्ता में शामिल था, 2019 में कुछ चिंताओं के कारण इससे हट गया। आरसीईपी वैश्विक व्यापार के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करता है और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसके आर्थिक व रणनीतिक प्रभाव गहरे हैं।



### क्या है आरसीईपी

आरसीईपी एक महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) है, जिसमें विश्व की लगभग 30% जनसंख्या और वैश्विक जीडीपी का 30% हिस्सा शामिल है। इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच टैरिफ कम करना, व्यापार को आसान बनाना और आर्थिक एकीकरण को प्रोत्साहित करना है। आरसीईपी विश्व का अब तक का सबसे बड़ा व्यापारिक समझौता माना जाता है।

### वैश्विक स्तर पर महत्व

- यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र को एकीकृत कर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करता है।
- चीन, जापान और द. कोरिया जैसे देश एक मंच पर आते हैं, जो निवेश-तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देता है।
- आरसीईपी से सदस्य देशों को नई बाजार पहुंच, निवेश के अवसर और निर्यात प्रतिस्पर्धा में वृद्धि मिलती है।

### भारत का दृष्टिकोण

भारत ने घरेलू उद्योग, कृषि, डेयरी, और चीन से बढ़ते आयात की आशंका को देखते हुए इसमें शामिल न होने का फैसला किया। भारत को डर था कि आरसीईपी से चीनी वस्तुओं का बाजार में बाढ़ आ सकती है और घरेलू उत्पादक क्षमताओं को नुकसान हो सकता है।

### संभावित लाभ


- सदस्य देशों के लिए टैरिफ में कटौती से व्यापार में वृद्धि।
- निवेश प्रवाह और रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं।
- संपत्ति अधिकार, ई-कॉमर्स और सेवा क्षेत्र में सुधार की संभावना।
- क्षेत्रीय स्थिरता और राजनीतिक सहयोग को बल।

# छोटी, मझोली इकाइयां भी देती हैं अच्छा रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी

हाल में छोटी (स्मॉल कैप) और मझोली कंपनियों (मिडकैप) के शेयरों में अत्यधिक उतार-चढ़ाव के बीच बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि स्मॉल और मिडकैप फंड भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं लेकिन उपयुक्त कंपनियों और कीमत के स्तर पर सही मूल्यांकन का चुनाव करना जरूरी है।

उनका कहना है कि किसी शेयर की अस्थिरता या जोखिम को मापने वाला मिड और स्मॉल कैप का 'बीटा' निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम है, जो बताता है कि ये उतने अस्थिर नहीं हैं जितना माना जाता है। सेबी के



- मिड और स्मॉलकैप का 'बीटा' निफ्टी 50 के मुकाबले एक से भी कम

अनुसार, शीर्ष 100 कंपनियों को लार्ज, 101 से 250 कंपनियों को मिड और 251 से ऊपर की सूची वाली इकाइयों को स्मॉलकैप की श्रेणी में रखा जाता है। जहां लार्जकैप कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 20,000 करोड़ या उससे अधिक होता है, वहीं मिडकैप का 5,000 से लेकर 20,000 करोड़ के बीच और छोटी कंपनियों की बाजारी पूंजी 5,000 करोड़ से कम होता है। हाल में मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव से निवेशकों को नुकसान हुआ है। कई विशेषज्ञों ने लोगों को ऐसी कंपनियों से दूर रहने की भी सलाह दी है। वाइट ओक कैपिटल एएमसी के निदेशक वैभव चुघ ने कहा, जोखिम निवेश के लिए चुनी कंपनियों में है, बाजार में नहीं। जब निवेशक अच्छा प्रदर्शन करने वाली कंपनियों में निवेश करने के लिए पहले के रिटर्न के पीछे भागते हैं और मान लेते हैं कि भविष्य में भी रिटर्न ऐसा होगा, तो निराशा हाथ लगती है।

# नकली उर्वरकों की बिक्री पर रोक लगाएं राज्य : कृषि मंत्री चौहान

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नकली और घटिया उर्वरकों की बिक्री पर कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में चौहान ने उनसे उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी करने के साथ-साथ नकली और घटिया उत्पादों के नमूने लेने और परीक्षण करने को कहा है।

उन्होंने कहा, पारंपरिक उर्वरकों के साथ नैनो-उर्वरकों पर जबरन टैगिंग



- केंद्रीय मंत्री ने नकली और घटिया उत्पादों का परीक्षण करने को कहा

तुरंत बंद की जानी चाहिए। दोषियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और एफआईआर दर्ज करने सहित कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए और दोषसिद्धि के लिए प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# रूस से कच्चे तेल की खरीद 11 माह के उच्चस्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

इज़राइल-ईरान युद्ध के बीच रिफाइनरियों द्वारा भंडारण बढ़ाने से जून में रूस से भारत का कच्चे तेल का आयात 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक जिंस बाज़ार विश्लेषक कंपनी केप्लर के तेल जहाज की निगरानी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार, भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रूसी कच्चे तेल का आयात किया, जो जुलाई, 2024 के बाद से सर्वाधिक है। यूरोपीय शोध संस्थान सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने कहा, जून में भारत के कच्चे तेल के वैश्विक आयात में 6% की गिरावट आई, जबकि रूस



- भारत ने जून में 20.8 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी कच्चे तेल का किया आयात

से आयात में मासिक आधार पर 8% की वृद्धि हुई, जो जुलाई, 2024 के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। शोध संस्थान ने कहा कि रूस से किए इन आयात में से आधे से अधिक की हिस्सेदारी भारत की तीन रिफाइनरियों की रही, जो जी7 प्लस देशों को भी शोधन वाले उत्पादों का निर्यात करती हैं। भारत अपनी ज़रूरत का 85% से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है, जिसे रिफ़ाइनरियों में पेट्रोल और डीज़ल जैसे ईंधन में बदला जाता है। परंपरागत रूप से, पश्चिम एशिया इसका मुख्य स्रोत था, लेकिन तीन वर्षों से रूस इसका मुख्य आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। जून में भारत ने अपने दूसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता इराक से 8,93,000 बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) कच्चा तेल आयात किया, जो मासिक आधार पर 17.2% की गिरावट है। सऊदी अरब से आयात 5,81,000 बैरल प्रतिदिन (मई से अपरिवर्तित) रहा, जबकि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आयात 6.5% बढ़कर 4,90,000 बैरल प्रतिदिन हो गया।

### एक नजर



लंदन में विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप में पोलैंड की इगा स्वियाटेक के खिलाफ महिला एकल फाइनल मैच हारने के बाद अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा अपनी निराशा को छिपा नहीं पाईं।

### भारतीय शतरंज प्रतिभा ने फिडे विश्व कप में चमक बिखेरी

**नई दिल्ली** : भारत ने अंडर-8 से अंडर-12 आयु वर्ग के फिडे विश्व कप में कुल 18 में से 7 पदक जीतकर विश्व शतरंज में अपने बढ़ते प्रभुत्व का एक बार फिर प्रदर्शन किया है। यह इस आयोजन में किसी भी देश द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड है, जिसने भारत की वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को और मजबूत किया है। दुनिया के सबसे होनहार युवा शतरंज खिलाड़ियों वाले इस टूर्नामेंट में विभिन्न आयु और लिंग वर्गों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। भारतीय दल ने चुनौती का डटकर सामना किया और तीन विश्व चैंपियनशिप खिताब और चार अतिरिक्त पोडियम स्थान हासिल किए। एआईसीएफ सचिव देव पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह हमारे युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा और कौशल को दर्शाता है।

### पोलैंड ने डेनमार्क को हराकर महिला यूरोपीय चैंपियनशिप में जीत दर्ज की

**लुसान (स्विट्जरलैंड)** : नतालिया पेडिला ने एक गोल दागा जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे पोलैंड ने शनिवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप मैच में डेनमार्क को 3-2 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में पहली जीत दर्ज की। पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहे पोलैंड के लिए स्पेन में जन्मीं पेडिला ने 13वें मिनट में प्रतियोगिता का पहला गोल दागा जबकि पांच मिनट बाद कप्तान पर्निले हार्डर ने स्कोर 2-0 कर दिया। डेनमार्क के लिए जेनी थॉमसेन ने पहले हाफ में गोल दागा लेकिन पोलैंड की टीम मध्यांतर तक 2-1 से आगे थी। मार्टिना वियानकोवस्का ने 76वें मिनट में स्कोर 3-1 किया। सिग्ने ब्रून ने इसके बाद 83वें मिनट में डेनमार्क की ओर से एक और गोल दागा लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाईं।

### ट्रैप मिक्स्ड टीम में 10वें स्थान पर रही भारतीय जोड़ी

**नई दिल्ली** : भारत ने लोनाटो में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप शॉटगन में अपनी प्रतिस्पर्धा समाप्त कर दी, जब लक्ष्य श्योरण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) की जोड़ी, तीसरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बावजूद, ट्रैप मिक्स्ड टीम पदक राउंड से चूक गई। उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी ने कुल 138 अंक बनाए और 22वें स्थान पर रही। नीरू ने एक दिन पहले महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में अपने शानदार चौथे स्थान के बाद भी 75 में से केवल एक निशाना चूका, जबकि लक्ष्य दूसरी सीरीज में छह निशाने चूक गए, जिससे उन्हें पोडियम पर पहुंचने का मौका गंवाना पड़ा।

### मोनाको डायमंड लीग में साबले को 'मामूली चोट' लगी : कोच

**नई दिल्ली** : अनुभवी भारतीय स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले को दो दिन पहले मोनाको डायमंड लीग के दौरान गिरने के कारण मामूली चोट लगी है लेकिन उनके लंबे समय के कोच अमरीश कुमार ने रविवार को कहा कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे। एशियाई खेलों के चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी साबले शुक्रवार को पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा पूरी नहीं कर पाए क्योंकि दौड़ के शुरुआती दौर में ही पानी में कूदते समय वह गिर गए। दौड़ से बाहर निकलते समय उन्हें घुटने के पिछले हिस्से से अपनी जांघ के निचले हिस्से को पकड़े हुए देखा गया। पुणे स्थित सैन्य खेल संस्थान में कार्यरत कुमार ने बताया साबले को घुटने के आसपास मामूली चोट लगी है। वह आराम करेंगे और एक या दो हफ्तों में ठीक हो जाएंगे।

# भारतीय गेंदबाज चमके, इंग्लैंड 192 रनों पर ढेर

## तीसरे टेस्ट मैच का चौथा दिन : भारत को जीत के लिए मिला 193 रनों का लक्ष्य

**लंदन, एजेंसी**

ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर 4-22 जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन चायकाल के बाद इंग्लैंड की पूरी टीम को दूसरी पारी में 192 रनों पर ढ़ेर कर दिया। भारत को जीत के लिए अब 193 रन बनाने हैं।

चायकाल के बाद वॉशिंगटन सुंदर ने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (33) को बोल्ड कर अपना तीसरा विकेट झटका। इसके बाद ब्राइडन कार्स (एक) और क्रिस वोक्स (10) बुमराह का शिकार बने। 63वें ओवर की पहली गेंद पर सुंदर ने शोएब बशीर (दो) को बोल्ड कर इंग्लैंड की दूसरी पारी का 192 के स्कोर पर अंत कर दिया। इससे पहले मोहम्मद सिराज (दो विकेट) और नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप (एक-एक विकेट) ने सुबह के सत्र में लंच तक इंग्लैंड के 98 के स्कोर पर चार विकेट झटक लिये थे। दूसरे सत्र में भारतीय टीम को दो महत्वपूर्ण विकेट मिले और यह सब वॉशिंगटन सुंदर की बदौलत था।

उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की और रफ का पूरा फायदा उठाते हुए इंग्लैंड के दो महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को आउट किया। हालांकि अन्य गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी भले ही की, लेकिन विकेटों के लिए जूझते रहे। सुंदर ने आक्रमण पर आने के बाद जो रुट (40) और फॉर्म में चल रहे जेमी स्मिथ (8) को बोल्ड किया। चायकाल के समय कप्तान बेन स्टोक्स 27 और क्रिस वोक्स आठ रन बनाकर क्रीज पर हैं। इससे पहले इंग्लैंड ने कल के बिना कोई विकेट खोये दो रन से आगे खेलना शुरु किया। जैक क्रॉली और बेन डकेट की जोड़ी ने संभलकर खेलते हुए इंग्लैंड की पारी को आगे बढ़ाया। अभी टीम का स्कोर 20 रन पहुंचा था कि मोहम्मद सिराज ने बेन डकेट (12) को जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर सिराज ने ऑली पोप (चार) को पगबाधा आउटकर भारत को दूसरी सफलता दिलाई।अम्पायर ने नॉट आउट का फैसला दिया लेकिन डीआरएस पर उन्हें अपना फैसला बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नीतीश कुमार रेड्डी ने 15वें ओवर की चौथी गेंद फेंकी, जैक क्रॉली ने गेंद पर जोरदार शॉट लगाने का प्रयास किया। बल्ले का मोटा किनारा लगा और गली में खड़े यशस्वी जायसवाल के हाथों में समा गई। इसी के साथ जैक क्रॉली (22) के रूप में इंग्लैंड का तीसरा विकेट गिरा। आकाश दीप ने पीछे मारने का प्रयास कर रहे हैरी ब्रूक (22) को बोल्ड कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। लंच तक इंग्लैंड ने 98 रन पर अपने चार विकेट गंवा दिये हैं। जो रूट 40 गेंदों में (नाबाद 17) और कप्तान बेन स्टोक्स (नाबाद दो) क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह को दो-दो विकेट मिले।



जो रूट को आउट करने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते वाशिंगटन सुंदर। ● एजेंसी

### मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में आउट हुए पंत: राहुल

**लंदन** : भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि ऋषभ पंत लंच से पहले मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में रनआउट हुये। मैच के बाद राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा, "यह आदर्श स्थिति नहीं है। इससे कुछ ओवर पहले हमारे बीच बातचीत हुई थी, मैंने उन्हें (पंत को) कहा था कि अगर संभव होगा तो मैं लंच से पहले अपना शतक पूरा करूंगा। जैसे ही बशीर लंच से पहले आखिरी ओवर करने आये मुझे लगा कि मेरे पास शतक पूरा करने का अच्छा अवसर है लेकिन दुर्भाग्यवश मैंने सीधा फ़ील्डर की ओर गेंद खेल दिया। उन्होंने कहा वो एक ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका जड़ सकता था। इसके बाद वह इस कोशिश में रहे कि किसी भी तरह से वह मुझे स्ट्राइक पर लेकर आएं ताकि मैं अपना शतक पूरा कर सकूं। लेकिन निश्चित तौर पर ऐसा नहीं होना चाहिए था, अंत में रन आउट ने मोमेंटम को बदल दिया। यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता।" उन्होंने कहा, "जाहिर है, थोड़ी निराशा हुई क्योंकि चायकाल से पहले तक हम वाकई अच्छी स्थिति में थे। मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों जल्दी ही आउट हो गए, वह लंच से ठीक पहले और मैं लंच के ठीक बाद। यह सही नहीं था, आपके पास शीर्ष पांच में ऐसे बल्लेबाज थे जिन्होंने अच्छी शुरुआत की थी, इसलिए आदर्श रूप से आप चाहते हैं कि उनमें से कोई एक या दोनों बल्लेबाज आगे बढ़ें और बड़ा स्कोर बनाएँ और इसी तरह आप टेस्ट मैच में आगे बढ़ते हैं।

### चोटिल बशीर के चौथी पारी में गेंदबाजी करने पर असमंजस

**लंदन** : इंग्लैंड को अभी भी उनके ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर असमंजस है। लॉर्ड्स टेस्ट के तीसरे दिन जडेजा का अपनी ही गेंद पर कैच लपकने के प्रयास में बशीर चोटिल हो गए थे। जडेजा का वह ताकतवर शॉट बशीर की ओर तेजी से आया था और उसे लपकने के लिए उन्होंने छलांग भी लगाई थी लेकिन गेंद को पकड़ नहीं पाए और उनकी उंगली चोटिल हो गई। चोट लगते ही बशीर तुरंत ड्रेसिंग रूम की तरफ चले गए थे और उनका ओवर जो रूट को पूरा करना पड़ा था। इंग्लैंड को पहले उम्मीद थी कि बशीर तीसरे दिन शाम में ही गेंदबाजी कर लेंगे, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके और मैदान में वापस नहीं आए थे। आज चौथे दिन की शुरुआत से पहले उन्हें प्रैक्टिस पिचों पर गेंदबाजी करते हुए देखा गया, चौथी और पांचवीं उंगली पर पट्टी बंधी हुई थी।

## क्रॉली ने समय बर्बाद करने का बेहतरीन नमूना दिखाया : वॉन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि मौजूदा तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन के अंत में जैक क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति उनके द्वारा अब तक देखी गई सबसे बेहतरीन रणनीति थी लेकिन उन्होंने कहा कि भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि मेहमान टीम ने भी दूसरे दिन यही तरीका अपनाया था।



तीसरे दिन के खेल के अंत में उस समय गुस्सा भड़क गया जब इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज क्रॉली की समय बर्बाद करने की रणनीति के बाद भारत एक और ओवर नहीं फेंक पाया जिस पर कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में मेहमान टीम ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भारत के 387 रन पर आउट होने के बाद मेहमान टीम के पास तीसरे दिन के अंतिम सत्र में दो ओवर फेंकने का पर्याप्त समय था लेकिन क्रॉली के चोट का बहाना बनाने और जसप्रीत बुमराह के शुरुआती ओवर के दौरान तीन बार गेंद खेलने से पीछे हट जाने की रणनीति के कारण देरी हुई। भारत को इससे सिर्फ एक ओवर फेंकने का मौका मिला जिससे मेहमान टीम नाराज हो गई क्योंकि इंग्लैंड ने तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के दो रन बनाए। वॉन ने 'बीबीसी' के टेस्ट मैच स्पेशल पॉडकास्ट में कहा यह समय की बर्बादी का अब तक का सबसे अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा भारत शिकायत नहीं कर सकता क्योंकि कल गिल की पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था - (लोकेश) राहुल मैदान से बाहर थे और वह पारी की शुरुआत नहीं कर पाते। वॉन ने कहा कि यह दोनों टीमों के लिए एक जैसा मामला है।

## भारतीय महिला टीम का शृंखला पर कब्जा

● शेफाली के अर्धशतक के बावजूद अंतिम टी20 में हारा भारत, सीरीज 3-2 से जीती

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड की सरजमीं पर पहली बार टी20 श्रृंखला जीत सुनिश्चित करने वाली भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 मैच में मेजबान टीम के खिलाफ अंतिम गेंद पर पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने हालांकि श्रृंखला 3-2 से जीती। भारत ने शेफाली वर्मा की 75 रन की तेजतर्रार पारी से सात विकेट पर 167 रन बनाए लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर पांच विकेट शेष रहते 168 रन बनाकर मैच जीत लिया।

टॉस हार बल्लेबाजी करने उतरे भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने एम आर्लोट (42 रन पर एक विकेट) पर लगातार दो चौकों के साथ शुरुआत की लेकिन अंतिम गेंद पर लिन्से स्मिथ को कैच दे बैठीं। जेमिमा रोड्रिग्ज भी सिर्फ एक रन बनाकर लिन्से की गेंद पर बोल्ड हो गईं जिससे भारत का स्कोर दो विकेट पर 19 रन हो गया। शेफाली और कप्तान हरमनप्रीत कौर (15) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 43 गेंद में 66 रन की साझेदारी की। ऑफ स्पिनर चार्ली डीन (23 रन पर तीन विकेट) ने हरमनप्रीत को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। हरलीन देओल भी सिर्फ चार रन बनाने के बाद सोफी एकलेस्टोन (28 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। शेफाली ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने सातवें ओवर में तेज गेंदबाज इसी वोंग पर तीन चौके और एक छक्के से 20 रन बटोरे। शेफाली ने एकलेस्टोन पर कवर्स में चौका जड़कर सिर्फ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी20 में किसी भारतीय का संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। माइया बूचियर ने 14वें ओवर में डीन की गेंद पर शेफाली का शानदार कैच लपकर भारत का स्कोर पांच विकेट पर 111 रन किया। शेफाली ने 41 गेंद का सामना करते हुए 14 चौके और एक छक्का मारा।

लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाजों सोफिया डंक्ले (46 रन, 30 गेंद) और डेनियली वॉट हॉज (56 रन, 37 गेंद) ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 10.4 ओवर में 101 रन की साझेदारी करके इंग्लैंड को शानदार शुरुआत दिलाई।




बर्मिंघम के एजबेस्टन में पांचवें महिला अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट मैच में सीरीज जीतने के बाद टीम के साथियों के साथ ट्रॉफी उठाए भारत की श्री चरणी। ● एजेंसी



फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में नैशविले एससी के खिलाफ एमएलएस फुटबॉल मैच के दूसरे हाफ के दौरान गोल करने के बाद, इंटर मियामी फॉरवर्ड लियोनेल मेसी (दाएं), लुइस सुआरेज़ (बाएं) के साथ जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

### न्यूजीलैंड ने त्रिकोणीय सीरीज के लिए टीम में किए बदलाव

**हरारे** : न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए टीम में बदलाव करते हुए डेवोन कॉनवे, मिच हे, जिमी नीशम और टिम रॉबिन्सन को शामिल किया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज कॉनवे, फिन एलन की जगह लेंगे। फिन एलन को अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) में खेलते समय पैर में चोट लगई थी।

वहीं हे, नीशम और रॉबिन्सन माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र के अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में टीम में शामिल हुए हैं। ये दोनों खिलाड़ी कल मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में शामिल हैं। न्यूज़ीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर कहा हम फिन के लिए बहुत दुखी हैं। मैं उनके साथ काम करने और एमएलसी से उनके प्रदर्शन को जारी रखने के लिए उत्सुक था, पर दुर्भाग्य से उन्हें चोटें लग गईं।



जमैका के सबीना पार्क में तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन वेस्टइंडीज के एंडरसन फिलिप ने ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड को हवा में उड़ते हुए कैच आउट किया। ● एजेंसी

### फीफा ने खिलाड़ियों के विश्राम मानकों पर सहमति बनने की घोषणा की

**ज्यूरिख** : फीफा ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और खेल की नियामक संस्था के बीच खिलाड़ियों के लिए मैचों के बीच 72 घंटे के आराम की आवश्यकता के साथ प्रत्येक सत्र के अंत में कम से कम 21 दिनों की छुट्टी मिलने पर सहमति बन गई है।

फीफा और खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों के बीच यह बातचीत पेरिस सेंट-जर्मेन और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप के फाइनल की पूर्व संध्या पर हुई। यह टूर्नामेंट यूरोप के सत्र के खत्म होने के तुरंत बाद आयोजित किया जा रहा है। खिलाड़ियों के संघ ने कहा था एक महीने तक चलने वाले क्लब विश्व कप से खिलाड़ियों के चोटिल होने और थकान का खतरा बढ़ गया है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो और फुटबॉल की शासी निकाय के अन्य अधिकारियों ने न्यूयॉर्क में दुनिया भर के खिलाड़ियों के संघों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। फीफा ने चर्चाओं को 'प्रगतिशील' करार देते हुए कहा खिलाड़ियों का स्वास्थ्य 'सर्वोच्च प्राथमिकता' है।

## मुक्केबाजी संघ चुनावों में देरी का पता लगाने के लिए समिति गठित

● भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने जांच की जिम्मेदारी सहदेव यादव को सौंपी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनावों में हो रही देरी के कारणों का पता लगाने और निष्पक्ष तथा समय पर चुनाव सुनिश्चित करने के लिए एक खाके की सिफारिश करने हेतु तीन सदस्यीय 'फेक्ट फाइंडिंग' समिति का गठन किया है।

शुक्रवार को गठित इस समिति की अध्यक्षता आईओए के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव करेंगे जबकि आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा और अधिवक्ता पायल काकरा इसके सदस्य हैं। आईओए के 11 जुलाई के कार्यालय आदेश में उषा ने कहा बीएफआई की वर्तमान कार्यकारी समिति का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था और तब से नए चुनाव नहीं हुए हैं। आदेश में कहा गया कि यह समिति 'बीएफआई की वर्तमान कानूनी और प्रशासनिक स्थिति की जांच करेगी और भारत में मुक्केबाजी के संचालन और कामकाज पर देरी के प्रभावों का आकलन करेगी। यह समिति 'विश्व मुक्केबाजी के साथ बातचीत सहित आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश करेगी और निष्पक्ष एवं समय पर चुनाव कराने के लिए एक स्पष्ट खाका सुझाएगी। समिति को एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है जिससे कि 'विश्व मुक्केबाजी के समक्ष तथ्यात्मक स्थिति प्रस्तुत की जा सके।' इस समिति का गठन खेल मंत्रालय द्वारा पांच जुलाई को लिखे गए एक पत्र के बाद हुआ है जिसमें उषा से अनुरोध किया गया था कि 'विश्व मुक्केबाजी के साथ परामर्श करके एक उपयुक्त व्यवस्था तैयार करें।

### हरिकृष्णन भारत के 87वें ग्रैंडमास्टर बने

**नई दिल्ली** : चौबीस साल के हरिकृष्णन ने शुक्रवार को फ्रांस के ला प्लेन अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया और देश के 87वें ग्रैंडमास्टर बन गए। चेन्नई के हरिकृष्णन ने अपना पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म कुछ साल पहले हासिल किया था और फिर स्पेन में आंदुजार ओपन में दूसरा नॉर्म हासिल किया।

श्रीहरि एल आर भारत के 86वें ग्रैंडमास्टर थे और अब हरिकृष्णन ने यह उपलब्धि हासिल की है। कोच श्याम सुंदर मोहनराज ने उस समय को याद किया जब वह एक साल से अधिक समय तक कोई ग्रैंडमास्टर तैयार नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा दो महीने में ही अकादमी ने दो ग्रैंडमास्टर तैयार कर दिए हैं। ये उनके लिए बड़ी उपलब्धि है।

## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 225 रनों पर समेटा

**किंगस्टन (जमैका), एजेंसी**

शमार जोसेफ की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 225 रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 16 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने एकमात्र विकेट केवलोन एंडरसन (03) का गंवाया जिन्हें अपना 100वां टेस्ट खेल रहे मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया। स्टार्क यह उपलब्धि हासिल करने वाले 16वें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हैं। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग आठ जबकि कप्तान रोस्टन चेज तीन रन बनाकर खेल रहे थे।

वेस्टइंडीज की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 209 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की टीम इससे पहले शमार जोसेफ (33 रन पर चार विकेट), जस्टिन ग्रीव्स (56 रन पर तीन विकेट) और जेडन सील्स (59 उन पर तीन विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने 70.3 ओवर में 225 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और सैम कोन्सटास (17) का विकेट गंवाकर लंच तक एक विकेट पर 50 रन बनाए। उन्हें ग्रीव्स ने पगबाधा किया। दूसरे सत्र में भी ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (23) और कैमरन ग्रीन (46) के विकेट गंवाकर स्कोर तीन विकेट पर 138 रन तक पहुंचाया। तीसरा सत्र हालांकि वेस्टइंडीज के नाम रहा और उसके गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सात विकेट 68 रन पर चटकाए। स्टीव स्मिथ 48 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे।



ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ शॉट लगाते हुए। ● एजेंसी

# सुरक्षा के लिए ट्रेनों के इंजन डिब्बों में लगाए जाएंगे कैमरे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि यात्रियों की सुरक्षा बढाने के लिए सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

प्रत्येक डिब्बे में चार और इंजनों में छह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे अत्याधुनिक होंगे और 100 किमी प्रति घंटे से भी अधिक रफ्तार में तथा कम रोशनी में भी उच्च गुणवत्ता वाली फुटेज उपलब्ध कराएंगे। रेलवे के अनुसार यात्री डिब्बों में कैमरे लगाने के प्रायोगिक परिणाम के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। कैमरे लगने के बाद अपराधी और संगठित गिरोह की गतिविधियों पर लगाम लगेगी जो यात्रियों का फायदा उठाते हैं।



● हर डिब्बे में चार, इंजन में उच्च गुणवत्ता के छह कैमरे लगेंगे

यात्रियों की निजता को कायम रखने के लिए कैमरे दरवाजों के पास सामान्य आवागमन क्षेत्र में लगाए जाएंगे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को एक बैठक में इंजनों और कोचों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की है।

## वकीलों को ईडी के तलब करने पर सुप्रीम सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामले की सोमवार को सुनवाई करेगा, जिसमें जांच एजेंसियों द्वारा उन वकीलों को तलब करने का मुद्दा शामिल है जो पक्षकारों को राय देते हैं और मुकदमों में उनका प्रतिनिधित्व करते हैं।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ मामले की सुनवाई करेगी। यह मामला ईडी द्वारा वरिष्ठ वकील अरविंद दातार और प्रताप वेणुगोपाल को तलब करने के मद्देनजर आया है। हालांकि, 20 जून को ईडी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे उन वकीलों को समन जारी न करें जिनके मुवक्किलों के खिलाफ धन शोधन जांच की जा रही है।

## क्यों इतनी लंबी खिंचती है...

# विमान दुर्घटना की जांच

विमान दुर्घटनाओं की जांच एक बेहद जटिल और तकनीकी प्रक्रिया है जो अंतरराष्ट्रीय रूप से निर्धारित होती है। इसी कारण ऐसी जांचें आम तौर पर वर्षों तक खिंच जाती है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि यह जांच सिर्फ दुर्घटना का कारण जानने तक सीमित नहीं होती बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, जांच के बाद इसके लिए भी सिफारिशें की जाती हैं। कुछ उदाहरण जांच रिपोर्ट पर विवाद के भी हैं। इनमें एक चर्चित विवाद बोइंग के अनधिकृत रूप से एमसीएएस सॉफ्टवेयर को लागू करने का था जिसमें खामी थी। दो हादसों के बाद इसका पता चला तो कंपनी पर 2.5 बिलियन डॉलर का जुर्माना डाला गया और उसके सीईओ को इस्तीफा भी देना पड़ा।

### ये होती है जांच की प्रक्रिया

- ब्लैक बॉक्स डेटा विश्लेषण : क्रैश साइट से ब्लैक बॉक्स निकालना, डेटा रिकवर कर उसे डीकोड करना, इसमें काफी समय लगता है। आवाज और उड़ान संबंधी हर डेटा की बारीकी से जांच होती है।
- मलबे की फॉरेंसिक जांच : विमान के टुकड़ों की संरचना, जले हिस्से, इंजन आदि की जांच की जाती है ताकि पता लगाया जा सके कि कोई तकनीकी खराबी थी या विस्फोट हुआ।
- सावधानी की जरूरत : मौसम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, पायलट ट्रेनिंग, मेडिकल रिकॉर्ड जैसे सभी पहलुओं की जांच होती है। जांच के निष्कर्षों का सुबूत के तौर पर अदालतों में भी इस्तेमाल होता है।
- एजेंसियों में समन्वय : एयरलाइन, विमान निर्माता, इंजन निर्माता, स्थानीय अथॉरिटी और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की जांच में सहभागिता होती है, इनके समन्वय में भी समय लगता है।



### जांच के प्रमुख बिंदु

- मानव त्रुटि, थकान, प्रशिक्षण के बिंदुओं पर पायलट की भूमिका की जांच होती है।
- इंजन, कंट्रोल सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि तकनीकी पहलुओं पर फोकस रहता है।
- मौसम, एयर ट्रैफिक कंट्रोल, संवाद, समय, निर्देशों का विश्लेषण किया जाता है।
- मलबे की स्थिति, ब्लैक बॉक्स डेटा, अलार्म और कंट्रोल मूवमेंट की स्थिति देखी जाती है।
- मेंटीनेंस रिकॉर्ड, हालिया मरम्मत, टक्कर, आग और विस्फोट के संकेत।

### ये एजेंसियां होती हैं शामिल

भारत की डायरेक्ट्रेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन, अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड और यूरोप की यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी। जांच के लिए एयरबस बोइंग, रोल्स रायस जैसी निर्माता कंपनियां भी अपने इंजीनियर भेजती हैं। एयरोस्पेस इंजीनियर, मौसम विशेषज्ञ, मानव व्यवहार विशेषज्ञ भी जांच प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक सुनिश्चित करने के लिए आईसीएओ के पर्यवेक्षक शामिल होते हैं।

### ऐसे होती है जांच रिपोर्ट तैयार

जांच रिपोर्ट के मसौदे में हादसे का विस्तृत विवरण, जांच में पाए गए तथ्य, संभावित कारण और सुरक्षा के लिए सुझाव शामिल होते हैं। इस मसौदे को आईसीएओ जैसे अंतर्राष्ट्रीय निकायों और दूसरे संबंधित पक्षों को भेजा जाता है। संबंधित देश, एयरलाइन और निर्माता कंपनी से भी इस पर टिप्पणी मांगी जाती है। कोई पक्ष असहमत हो तो डिसेंट नोट जोड़ा जाता है। टिप्पणियों की समीक्षा के बाद अंतिम रिपोर्ट सार्वजनिक रूप से जारी की जाती है। इसके साथ सुरक्षा सुधारों की सिफारिशें भी होती हैं जिन्हें देश की एविएशन अथॉरिटी लागू करती है।

## एक नजर

### बांग्लादेश : मुक्ति संग्राम प्रदर्शन से जुड़ा ढांचा ध्वस्त

**ढाका।** बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के युद्ध अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग को लेकर 2013 में शाहबाग में हुए विरोध प्रदर्शनों के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरे ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया है। यह ढांचा बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की भावना की प्रकटीकरण स्थल के रूप में उभरा था। ढाका ट्रिब्यून अखबार ने रविवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक यहां शाहबाग स्थित प्रोजोनमो छत्तर संरचना को शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को ध्वस्त कर दिया गया। शाहबाग पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी (ओसी) खालिद मंसूर ने पुष्टि की कि आवास और लोक निर्माण मंत्रालय की ओर से संरचना को ध्वस्त कर दिया गया है।

### छात्रों ने विकसित किया ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम

**फगवाड़ा।** सीमा पार तस्करी, निगरानी और अनधिकृत घुसपैठ के लिए ड्रोन के बढ़ते दुरुपयोग के जवाब में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के छात्रों ने एक अत्याधुनिक, एआई-संचालित ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम विकसित किया है। यह प्रणाली एक साधारण कैमरे और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करके वास्तविक समय में ड्रोन का पता लगाती है और जो महंगे रडार और रेडियो फ्रीक्वेंसी आधारित प्रणालियों का एक कम लागत वाला विकल्प प्रदान करती है।

### हिमाचल में ड्रग्स मामले में 5000 केस दर्ज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में ढाई वर्षों में मादक पदार्थों से संबंधित पांच हजार से अधिक एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए हैं और करीब 37 करोड़ रुपये की अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं। राज्य ने हिमाचल प्रदेश संगठित अपराध (निवारण और नियंत्रण), 2025, और हिमाचल प्रदेश मादक पदार्थ और नियंत्रित पदार्थ (निवारण, नशामुक्ति और पुनर्वास), 2025 नाम से दो कानून बनाए। इनमें मृत्युदंड, आजीवन कारावास और संपत्ति जब्ती सहित कठोर दंड के प्रावधान हैं।

### पाकिस्तान में नाटक समूह ने किया रामायण का मंचन

**कराची।** कराची शहर में एक पाकिस्तानी नाटक समूह रामायण का मंचन करके सुर्खियां बटोर रहा है। सप्ताहांत में कराची आर्ट्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई संवर्द्धन का उपयोग करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहना मिली है। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी का सामना करना पड़ेगा।

# अटकलों के आधार पर विमान के पायलटों को बदनाम करना गलत

## पायलट एसोसिएशन ने जताया विरोध, कहा- पायलटों ने जिम्मेदारी से किया काम

**मुंबई, एजेंसी**

'इंडियन कॉमर्शियल पायलट्स एसोसिएशन' (आईसीपीए) ने रविवार को कहा कि पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए एआई171 उड़ान के चालक दल ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने प्रशिक्षण और जिम्मेदारियों के अनुरूप काम किया। उन्हें अटकलों के आधार पर बदनाम नहीं किया जाना चाहिए।

एसोसिएशन ने कुछ हलकों में पायलट के आत्महत्या करने संबंधी अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जब तक आधिकारिक जांच पूरी नहीं हो जाती और अंतिम रिपोर्ट नहीं आ जाती, कोई भी अटकलबाजी अस्वीकार्य है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। 'एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया' ने भी एअर इंडिया विमान दुर्घटना की निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच की मांग करते हुए शनिवार को दावा किया था कि हादसे की जांच की शैली और दिशा पायलट की गलती की ओर संकेत करने वाला पूर्वाग्रह है। आईसीपीए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया में 'नैरो बॉडी' वाले विमान बेड़े के पायलटों का संगठन है। वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) ने 12 जून को बोइंग 787-8 विमान हादसे की अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी कर दी है, जिसमें कुल 260 लोग मारे गए थे।



अहमदाबाद में 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हुआ एअर इंडिया का विमान। ● फाइल फोटो

### पायलट पर निष्कर्ष जल्दबाजी: पूर्व एएआईबी प्रमुख

**नई दिल्ली।** एएआईबी के पूर्व प्रमुख अरबिंदो हांडा ने कहा कि विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट से पायलट की भूमिका के बारे में निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। अंतिम रिपोर्ट में दुर्घटना के सर्वाधिक संभावित कारण का उल्लेख होगा। हांडा ने कहा, हमें एएआईबी को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच पूरी करने देनी चाहिए। हांडा ने 2020 में कोझिकोड में हुई विमान दुर्घटना सहित सौ से अधिक विमान दुर्घटनाओं की जांच की है। उन्होंने कहा, एएआईबी ने अच्छा काम किया है। वे अब यह पता लगाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे कि ये ईंधन स्विच क्यों और कैसे हिले। क्या कोई यांत्रिक और/या विद्युत विफलता/खराबी हो सकती है।

### जांच का हिस्सा बनने के लिए कानूनी रास्ता तलाश रहा है एएलपीए

**मुंबई।** पायलटों के समूह एएलपीए-इंडिया ने रविवार को कहा कि वह एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान दुर्घटना की जांच में अपने सदस्यों को शामिल करने के लिए कानूनी सहारा लेने पर विचार कर रहा है। इससे एक दिन पहले उसने आरोप लगाया था कि वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में पायलट की गलती की ओर संकेत करने वाला पूर्वाग्रह है। एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए-इंडिया) देश भर की एयरलाइन और हेलीकॉप्टर कंपनियों के 800 से अधिक पायलटों का प्रतिनिधित्व करता है। यह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (आईएफएएलपीए) का एक सदस्य है। आईएफएएलपीए का दावा है कि 100 देशों के एक लाख पायलट इसके सदस्य हैं।

## व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने चीन पहुंचे अल्बनीज

**बीजिंग।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज चीन के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से बीजिंग की यात्रा पर हैं। अल्बनीज ने रविवार को शंघाई पार्टी के सचिव चेन जिनिंग से मुलाकात की, जो उच्च स्तरीय मुलाकात की श्रृंखला में पहली है।

● सीईओ के गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री

इस दौरान उनका चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, प्रधानमंत्री ली क्विंग और नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के अध्यक्ष झाओ लेजी के साथ बैठकें करने का भी कार्यक्रम है। अल्बनीज शनिवार को शंघाई पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चीन के सरकारी प्रसारक सीजीटीएन से बातचीत में कहा कि वह ''बहुत बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल'' का नेतृत्व कर रहे हैं, जो ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच आर्थिक संबंधों के महत्व को रेखांकित करता है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक एक सप्ताह की यात्रा के दौरान, अल्बनीज शंघाई और चेंग्दू में व्यापार, पर्यटन और खेल प्रतिनिधियों से मिलेंगे। वह मंगलवार को बीजिंग में सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे।

# जम्मू-कश्मीर के कई प्रमुख राजनीतिक नेता नजरबंद

**श्रीनगर, एजेंसी**

● मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख महबाबू समेत कई नेताओं ने लगाए आरोप

जम्मू-कश्मीर में भाजपा को छोड़कर सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस और विपक्षी दलों के प्रमुख राजनीतिक नेताओं ने रविवार को दावा किया कि 1931 में आज ही के दिन डोगरा सेना द्वारा मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने से उन्हें रोकने के लिए नजरबंद कर दिया गया। हालांकि उनके जाने के दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए इस घटना की तुलना जलियांवाला बाग हत्याकांड से की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, 13 जुलाई का नरसंहार हमारे लिए जलियांवाला बाग है। कश्मीर भी ब्रिटिश हुकुमत का हिस्सा था। यह कितनी शर्म की बात है कि ब्रिटिश शासन के सभी रूपों के खिलाफ लड़ने वाले सच्चे नायकों को आज केवल इसलिए खलनायक के रूप में पेश किया जा रहा है क्योंकि वे मुसलमान थे।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि दिल्ली और कश्मीरियों के बीच अविश्वास तभी खत्म होगा जब भारत कश्मीरी 'शहीदों' को अपना मानेगा। उन्होंने दावा किया, खुर्शीद आलम, जोहेब मीर, हामिद कोहशीन, आरिफ लियागरू, सारा नईमा, तबस्सुम, बशारत नसीम सहित पार्टी के कई नेता जो घरों से निकलने में कामयाब रहे, उन्हें थानों में हिरासत में लिया गया है। वे मजार-ए-शुहादा जा रहे थे। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने भी दावा किया कि उन्हें अपने घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि कश्मीर अपने बेटों-बेटियों के बलिदान की दर्दनाक गाथा का गवाह है। फारूक शुक्रवार से नजरबंद हैं।

### मजार-ए-शुहादा जाने वाले सभी रास्ते सील

जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों ने रविवार को शहर के नौहट्टा इलाके में शहीदों के कब्रिस्तान की ओर जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया। शहीद दिवस पर कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर श्रीनगर शहर के सभी प्रवेश मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि केवल अधिकारियों और सुरक्षाबलों के वाहनों को ही प्रवेश मार्गों पर लगाए गए अवरोधक को पार करने की अनुमति दी गई है।

# अमेरिका के पांच राज्यों में प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने की तैयारी

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा है कि वह फ्लोरिडा के 'एलीगेटर अल्काट्राज़' की तर्ज पर प्रवासी हिरासत केंद्र स्थापित करने के लिए पांच राज्यों के साथ लगातार बातचीत कर रही हैं।

नोएम ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन पांचों राज्यों का नेतृत्व रिपब्लिकन गवर्नर कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने उनके नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने 'एलीगेटर अल्काट्राज़' हिरासत केंद्र के सफल शुभारंभ में डीएचएस के साथ सहयोग के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस की भी प्रशंसा की। गौरतलब है कि फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में स्थित डेड-कोलियर प्रशिक्षण और संक्रमण हवाई अड्डे की साइट पर 100 वर्ग किमी में फैले इस केंद्र का निर्माण केवल आठ दिनों में किया गया था। अप्रवासी बंदियों के पहले समूह को जुलाई की शुरुआत में वहां रखा गया था।



● गृह सुरक्षा विभाग की सचिव क्रिस्टी नोएम ने की घोषणा

### ट्रंप के खिलाफ मुकदमों में शामिल रहे अभियोजक बर्खास्त

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने विशेष वकील जैक स्मिथ द्वारा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध की गई अभियोजन कार्रवाइयों में शामिल अतिरिक्त वकीलों और सहयोगी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है कि कुल कितने लोगों को बर्खास्त किया गया है, लेकिन यह कार्रवाई जैक स्मिथ द्वारा शुरू की गई गोपनीय दस्तावेज़ों और चुनाव हस्तक्षेप से जुड़ी दोनों अभियोजन कार्रवाइयों में शामिल लोगों के खिलाफ की गई है।

## इजराइली सेना के हमलों में मारे गए 110 से ज्यादा फलस्तीनी

**यरूशलम।** इजरायली बलों ने शनिवार को गाजा में हमला कर कम से कम 110 फलस्तीनियों की हत्या कर दी, जिनमें दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन में खाद्य की प्रतीक्षा कर रहे 34 लोग भी शामिल हैं।

अल जजीरा ने बताया कि ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इजराइल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई है जिससे पूरी आबादी को मजबूरन स्थानांतरित किया जाना है। राफा में प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली बलों ने जीएचएफ स्थलों में से एक अल-शकौश क्षेत्र में फलस्तीनियों पर सीधे गोलीबारी की, जिसकी संयुक्त राष्ट्र और अधिकार समूहों ने निंदा की है। गाज़ा में डॉक्टरों के अनुसार, मई के अंत में अपने ऑपरेशनों की शुरुआत के बाद से जीएचएफ स्थलों पर 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और 5,000 अन्य घायल हुए हैं।

## परंपरा



पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बेलिया में बंगाली महीने अषार के दौरान लोग धर्मराज मंदिर के सामने कीचड़ में लोटने के बाद तालाब में डुबकी लगाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे गठिया रोग ठीक होता है और देवता का आशीर्वाद मिलता है। एजेंसी

# भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में तिब्बत से जुड़े मुद्दे कांटा: चीन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चीनी दूतावास ने रविवार को कहा कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी सहित तिब्बत से संबंधित मुद्दे भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में एक 'कांटा' हैं और वे नई दिल्ली के लिए एक 'बोझ' बन गए हैं। यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर की शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के लिए चीन यात्रा से पहले आई है।

पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच गंभीर तनाव के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा होगी। भारत और चीन ने पिछले वर्ष अक्टूबर में पूर्वी लद्दाख के गतिरोध वाले अंतिम दो स्थानों से अपने-अपने सैनिक पीछे हटाए हैं। गत कुछ महीनों में दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं।

इस महीने की शुरुआत में दलाई लामा ने कहा था कि तिब्बती बौद्धों के एक ट्रस्ट को उनके भावी उत्तराधिकारी को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार होगा। चीन ने दलाई लामा की टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि उनके उत्तराधिकारी को चीनी सरकार को मंजूरी देनी चाहिए।



● जयशंकर की बीजिंग यात्रा से पहले चीनी दूतावास की टिप्पणी

चीनी दूतावास के प्रवक्ता यु जिंग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पूर्व अधिकारियों सहित रणनीतिक और शैक्षणिक समुदायों के सदस्यों ने दलाई लामा के उत्तराधिकारी के संबंध में भारत सरकार के सार्वजनिक रुख के विपरीत अनुचित टिप्पणी की है।

## बांग्लादेश: हिंदू कबाड़ व्यापारी की हत्या में 7 गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में एक कबाड़ व्यापारी की हत्या के सिलसिले में अब तक कम से कम सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। नौ जुलाई को हत्या के बाद हमलावरों के लाश पर नाचने से मामला चर्चा में आया था। इस घटना से पूरे बांग्लादेश में आक्रोश फैल गया था।

गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि नौ जुलाई को मिटफोर्ड अस्पताल के पास लाल चंद उर्फ सोहाग की जघन्य हत्या के बाद रविवार को देशव्यापी तलाशी अभियान शुरू किया गया। बृहस्पतिवार को सामने आए वीडियो में व्यापारिक विवाद के बाद कबाड़ विक्रेता की कंक्रीट के स्लैब से हमला कर हत्या करते हुए दिखाया गया। मौत की पुष्टि के बाद हमलावर उसकी लाश पर नाचते रहे।

**पहल** पश्चिम बंगाल के दीघा में दूसरा जगन्नाथ धाम बनाए जाने और इस्कॉन के साथ विवादों के बाद सरकार ने लिया निर्णय

# जगन्नाथ मंदिर के अनुष्ठानों का कॉपीराइट लेगा ओडिशा

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

ओडिशा की तीर्थनगरी पुरी के प्रतीकात्मक राजा गजपति महाराजा दिव्यसिंह देब ने कहा है कि राज्य सरकार ने भगवान जगन्नाथ मंदिर के अनुष्ठानों का 'कॉपीराइट' हासिल करने की कवायद शुरू कर दी है ताकि इसकी पारंपरिक सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों की रक्षा की जा सके।

विदेशों में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा भगवान जगन्नाथ के अनुष्ठानों के असामयिक आयोजन और पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दीघा में स्थित एक मंदिर को 'जगन्नाथ धाम' घोषित करने को लेकर भगवान जगन्नाथ के भक्तों में व्याप्त रोष के बीच देब का यह बयान आया है। भगवान जगन्नाथ के प्रथम सेवक माने जाने वाले गजपति महाराज ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह पवित्र ग्रंथों और प्राचीन परंपराओं का घोर उल्लंघन है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 30 अप्रैल को समुद्र तटीय शहर दीघा में एक मंदिर का उद्घाटन किया और इसे 'जगन्नाथ धाम' नाम दिया, जिससे ओडिशा सरकार, पुरी गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती और बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाराज हो गए। इस्कॉन को दीघा मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलदेव और देवी सुभद्रा की पूजा और अनुष्ठान करने का कार्य सौंपा गया है।

हाल ही में विदेशों में रथ यात्रा उत्सव को, पुरी में पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले उत्सव से अलग तिथियों पर आयोजित करने को लेकर इस्कॉन को आलोचना का सामना करना पड़ा है। देब ने कहा, इस्कॉन द्वारा वर्ष में अनियमित समय पर रथ यात्रा और स्नान यात्रा (स्नान अनुष्ठान) निकालना और दीघा मंदिर को जगन्नाथ धाम घोषित करना दुनिया भर में भगवान जगन्नाथ के प्रत्येक भक्त के लिए अत्यंत चिंता का विषय हैं। यह हमारे पवित्र ग्रंथों और प्राचीन परंपरा का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि आपत्तियां जताए जाने के बाद, भारत में इस्कॉन ने शास्त्रों द्वारा निर्धारित तिथियों पर भगवान जगन्नाथ की 'स्नान यात्रा' और रथ यात्रा निकालने की स्थापित परंपरा का सम्मान करने का निर्णय लिया है।

### ममता से किया है मंदिर का नाम बदलने का आग्रह

मई में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पश्चिम बंगाल की अपनी समकक्ष ममता बनर्जी को पत्र लिखकर उनसे दीघा स्थित नए मंदिर के लिए जगन्नाथ धाम शब्द के इस्तेमाल पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि दोनों राज्य सरकारें इस मुद्दे को सुलझा लें। अगर ऐसा होता है, तो सभी विवादों का अंत हो जाएगा। देब ने कहा, इसे कानूनी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर ऐसा नहीं होता है तो हमें परंपरा के उल्लंघन को रोकने के लिए अन्य संभावनाओं पर विचार करना होगा। सरकार विशेषज्ञों की राय लेकर उचित कदम उठाएगी।